संस्कृत–धातु--कोषः

(विस्तृत-भाषार्थ-सहितः)

सम्पादक--

युधिष्ठिर मीमांसक

ओ३म्

संस्कृत-धातु-कोषः

(विस्तृत-भाषार्थ-सहितः)

सम्पादक—

युधिष्ठिर मीमांसक

प्रकाशकः—

रामलाल कपूर ट्रस्ट,
बहालगढ़—१३१०२१
जिला सोनीपत (हरियाणा)

द्वितीयवार—१०००
फाल्गुन, २०५२ वि०
मार्च, सन् १९९६
मूल्य—३०.००

मुद्रकः—

नरेन्द्र कुमार कपूर
रामलाल कपूर ट्रस्ट प्रेस, बहालगढ़
(सोनीपत-हरयाणा)—१३१०२१

पृष्ठ १-१४४ तक कमाल प्रिंटिंग प्रेस, नई सड़क दिल्ली में ग्राफसेट से छपे।

सम्पादकीय

संस्कृतभाषा के सभी शब्द आख्यातज (धातुओं से निष्पन्न) हैं, ऐसा निरुक्त-शास्त्र के प्रवक्ता यास्क आदि तथा वैयाकरणों में शाकटायन आचार्य का मत है[1]। वैदिक शब्द तो सभी आचार्यों के मत में धातुज ही हैं। लौकिक तथा वैदिक शब्दों की मूल प्रकृतियों (धातुओं) का निर्देश वैयाकरणों ने अपने-अपने धातुपाठों में किया है। सम्प्रति पाणिनीय धातुपाठ ही अधिक प्रचलित है। उसके भी कई पाठ हैं[2]। पाणिनि प्रभृति आचार्यों ने धातुओं के अर्थ संस्कृत भाषा में और वह भी सूत्रात्मक शैली में संक्षेप से दिये हैं। अतः उन का हिन्दी में क्या अर्थ है, वह बहुधा वैयाकरण जन भी बताने में असमर्थ रहते हैं। इतना ही नहीं, धातुएं अनेकार्थक हैं, जो अर्थ धातुपाठ में लिखे हैं, उन से भिन्न अर्थों में भी वे प्रयुक्त होती हैं[3]। इसके साथ ही उपसर्गों के योग से धातुओं के अर्थ भी बदल जाते हैं[4]। अतः संस्कृत भाषा के प्रयोग के लिये धातुओं को विविध अर्थों एवं उपसर्गों के योग से हुए भिन्न-भिन्न अर्थों का बोध होना अत्यावश्यक है।

पाणिनि से भी प्राचीन काशकृत्स्न का धातुपाठ भी उपलब्ध हो गया है। उस में पाणिनीय धातुपाठ की अपेक्षा ८०० धातुएं भिन्न हैं। इस धात्वर्थ-

---

१. नामानि सर्वाण्याख्यातजानीति शाकटायनो नैरुक्तसमयश्च। निरुक्त १।१२॥ नाम च धातुजमाह निरुक्ते व्याकरणे शकटस्य च तोकम्। महा० ३।३।१॥

२. विभिन्न पाठों के परिज्ञान के लिये हमारे द्वारा सम्पादित 'क्षीरतरङ्गिणी' का उपोद्घात पृष्ठ ११-१८ तथा 'संस्कृतव्याकरण शास्त्र का इतिहास' भाग २, पृष्ठ ५१-६२ देखें।

३. बह्वर्था अपि धातवो भवन्ति। तद्यथा—वपिः प्रकिरणे दृष्टः, छेदने चापि वर्त्तते—केशश्मश्रु वपतीति······। महा० १।३।१ तथा अन्यत्र।

४. यथा—तिष्ठति=ठहरना है, प्रतिष्ठति=जाता है, आतिष्ठति=स्वीकार करता है, सन्तिष्ठते=समाप्त होता है। इसी प्रकार भवति, संभवति, प्रभवति, आदि के भी पृथक्-पृथक् अर्थ हैं।

कोश में पाणिनीय धातुपाठ में उल्लिखित धातुओं का ही संग्रह किया है, परन्तु पाणिनीय धातुपाठ के सभी उपलब्ध पाठों का आश्रय लेने का प्रयत्न किया है।

संस्कृतभाषा में धात्वर्थों का निर्देश धातुवृत्तियों के अतिरिक्त आख्यात-चन्द्रिका, कविरहस्य, क्रियाकलाप, क्रियापर्यायदीपिका और क्रियाकोष नामक ग्रन्थों में भी उपलब्ध होता है। आर्यभाषा (हिन्दी) में धात्वर्थ ज्ञान के लिये बृहत्काय संस्कृत हिन्दी कोशों का आश्रय लेना पड़ता है, जो कि प्रत्येक संस्कृत प्रेमी के लिये उपलब्ध करना कठिन है।

इस कठिनाई को दूर करने के लिये ६४ वर्ष पूर्व 'संस्कृत-धातु-कोष' नाम का एक ग्रन्थ काले इत्युपाह्व काशीनाथात्मज पं० गणेश शर्मा ने बनाया था, और लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर प्रेस बम्बई से वि० सं० १९६३ में प्रकाशित हुआ था। यह ग्रन्थ भी लगभग २५-३० वर्षों से अप्राप्य है। लगभग २५ वर्ष पूर्व हमें इस की एक प्रति बड़ी कठिनाई से उपलब्ध हुई थी। तभी से मेरा इस प्रकार का एक संग्रह प्रकाशित करने का विचार था, परन्तु मैं यह कार्य न कर सका। अब श्री हरिकृष्ण जी मलिक न्यायाधीश देहली के सहयोग से मेरा चिरकालीन संकल्प मूर्तरूप धारण कर रहा है।

यद्यपि मेरे इस ग्रन्थ का प्रेरक एवं भाषार्थ का मुख्य आश्रयभूत उक्त 'संस्कृत-धातु-कोष' ही है, तथापि मैंने इस को अधिक उपयोगी बनाने के लिये पाणिनीय मूल धातुपाठानुसार प्रत्येक धातु का रूप और धात्वर्थ का निर्देश कर दिया है। इस कारण इस का स्वरूप पूर्व-मुद्रित ग्रन्थ से भिन्न स्वतन्त्र ग्रन्थवत् हो गया है। मूलधातु के आगे इत्संज्ञा और नुम् आदि कार्य करने पर धातु का जो व्यवहारोपयोगी अंश बनता है, उस का निर्देश पाणिनीय धातुरूप के आगे कोष्ठक में दिया है। उक्त धातु धातुपाठ में किस स्थान में पढ़ी है, इसका सरलता से ज्ञान कराने के लिये गणसंख्या के साथ-साथ धातुसूत्र संख्या भी दे दी है। धातुसूत्र संख्या 'क्षीरतरङ्गिणी' और 'माधवीया धातुवृत्ति' से पृथक्-पृथक् है[1]। मैंने रामलाल कपूर ट्रस्ट बहालगढ़ (सोनीपत) द्वारा जो धातुपाठ प्रकाशित किया है, उसमें भी धातुसूत्रों की संख्या दी है। इस ग्रन्थ के अल्प मूल्य में सुलभ होने के कारण हमने

---

१. पाणिनीय धातुपाठ में धातुसूत्र संख्या का प्रथम बार निर्देश हमने स्व-सम्पादित 'क्षीरतरङ्गिणी' में किया था, इसी को उपजीव्य मान कर सायणीय धातुवृत्ति के सम्पादक स्वामी द्वारकाप्रसाद शास्त्री ने भी धातुसूत्र संख्या का निर्देश स्वसम्पादित संस्करण में किया है।

इसी के अनुसार प्रस्तुत ग्रन्थ में धातुसूत्र संख्या दी है। धातुपाठ के विभिन्न पाठों में पाठान्तर रूप से विद्यमान धातुओं का भी इस में संग्रह कर दिया है। इस प्रकार हमने पूर्वमुद्रित ग्रन्थ को पाणिनीय धातुपाठानुसारी बनाने के लिये उस में अनेक स्थानों पर क्रम-परिवर्तन वा कुछ न्यूनाधिक्य भी कर दिया है। दूसरे शब्दों में हमने उक्त ग्रन्थ को एक नया रूप दे दिया है।

श्री हरिकृष्ण जी मलिक भारतीय वैदिक संस्कृति और उसके आश्रयभूत आर्षग्रन्थों के परम भक्त हैं। आपने भारतीय वैदिक संस्कृति तथा आर्षग्रन्थों के प्रचार-प्रसार के लिए एक धर्मार्थ न्यास (ट्रस्ट) बनाया है, उस के द्वारा आर्ष-ग्रन्थों की व्याख्या एवं प्रकाशन की व्यापक योजना बनाई जा रही है।

महाभाष्य आर्यभाषा (हिन्दी) व्याख्या

श्री मलिक जी की महाभाष्य की सरल हिन्दी व्याख्या प्रकाशित करने की इच्छा थी। मुझे वह गत ४-५ वर्षों में कई बार इस कार्य को सम्पन्न करने के लिये कह चुके हैं, पर मैं इस कार्य को करने में असमर्थ रहा। अब १५ सितम्बर १९७० से उक्त कार्य आरम्भ हो गया है, और आशा है शीघ्र ही इसका मुद्रण भी आरम्भ हो जायेगा। इस ग्रन्थ की व्याख्या में यह ध्यान रखा गया है कि संस्कृत व्याकरण में कुछ प्रवेश रखने वाला व्यक्ति इस आर्यभाषा व्याख्या के आधार पर महाभाष्य को समझ सके। इस कारण कहीं कहीं व्याख्या विस्तृत भी करनी पड़ी[1]।

हमारा पूरा विश्वास है कि कर्तव्यनिष्ठा से आरम्भ किया गया यह न्यास देश-विदेश में भारतीय वैदिक संस्कृति और उस के आधारभूत आर्षग्रन्थों के प्रचार प्रसार द्वारा मानव कल्याण में अपना महत्त्वपूर्ण योग देगा।

विदुषां वशंवदः—
युधिष्ठिर मीमांसक

जिज्ञासु-शोध-प्रतिष्ठान
रामलाल कपूर ट्रस्ट,
बहालगढ़ (सोनीपत)

१. महाभाष्य की हिन्दी व्याख्या प्रथम द्वितीय अध्याय तीन भागों में छप चुकी है। ३-४ वर्ष से स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण इसे मैं समाप्त नहीं कर सका।—युधिष्ठिर मीमांसक

प्रकाशकीय वक्तव्य

पं० गणेश शर्मा ने वि० सं० १९६३ में संस्कृत-धातु-कोष नामक पुस्तिका की रचना करके बम्बई से प्रकाशित कराई थी। महामहोपाध्याय पं० युधिष्ठिर जी मीमांसक ने अध्ययन काल में उससे लाभ उठाया था। वह पुस्तिका दुर्लभ हो गई थी और संस्कृत का अध्ययन करने वाले छात्रों को धातुओं के अर्थ एवं रूप का ज्ञान कराने वाली कोई पुस्तक उपलब्ध नहीं हो रही थी। ऐसी स्थिति में श्रद्धेय मीमांसक जी ने श्री हरिकृष्ण मलिक, न्यायाधीश दिल्ली के आर्थिक सहयोग से संस्कृत-धातु-कोष के प्रकाशन का निर्णय किया।

श्री पण्डित जी ने अनेक व्यस्तताओं और स्वास्थ्य-बाधाओं के बावजूद उक्त पुस्तक को नया कलेवर प्रदान किया। पाणिनीय धातुपाठ के अनुसार धातुओं के रूप रखे गये और अर्थ निर्देश किये गये। धातुओं से बनने वाले व्यावहारिक रूपों के सन्निवेश के साथ हिन्दी भाषा में अर्थों का उल्लेख भी किया गया। इसके अतिरिक्त उपसर्ग लगने से धातु के अर्थों में होने वाले परिवर्तन को भी दर्शाया गया। इस प्रकार 'संस्कृत-धातु-कोष' अपने अभिनव रूप में प्रकट हुआ। इसका प्रकाशन रामलाल कपूर ट्रस्ट की ओर से प्रथम बार विक्रमी संवत् २०४६ में हुआ।

यह पुस्तक अपनी विशेषताओं के कारण संस्कृत का अध्ययन करने वाले छात्रों में लोकप्रिय हो गई। इसलिए इस का प्रथम संस्करण शीघ्र ही समाप्त हो गया। श्री हरिकृष्ण मलिक और महामहोपाध्याय पं० युधिष्ठिर जी मीमांसक परलोकवासी हो चुके हैं। उनकी स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए ट्रस्ट ने यह प्रयास किया है, इस पुस्तक को उत्तम कागज-छपाई-साज-सज्जा से युक्त करके प्रकाशित किया है। सभी वस्तुओं पर मंहगाई का प्रभाव होने के कारण मूल्य में वृद्धि करना अनिवार्य था। आशा है, पाठकवर्ग इस महत्त्वपूर्ण पुस्तक से लाभान्वित होगा।

मन्त्री—
रामलाल कपूर ट्रस्ट

१३ मार्च १९९६

संस्कृत-धातु-कोषः

विस्तृत-भाषार्थ-सहितः

ग्रन्थ में प्रयुक्त संकेतों का विवरण

संख्याएं—धातु के आगे कोष्ठक में दी गई संख्याएं क्रमशः गण और उस गण के उस धातु-सूत्र की है, जिस धातु-सूत्र में वह धातु पढ़ी गई है। यथा—**अकि (अङ्क्) कुटिलायां गतौ** (१।५३८) अर्थात् अकि धातु धातु-पाठ में भ्वादिगण के ५३८ वें धातु-सूत्र में पठित है। धातु-सूत्र संख्या 'रामलाल कपूर ट्रस्ट' द्वारा प्रकाशित धातुपाठ के संस्करण के अनुसार है।

गण संख्या इस प्रकार समझें—

१. भ्वादि-गण	७. रुधादि-गण
२, अदादि-गण	८. तनादि-गण
३, जुहोत्यादि-गण	९. क्र्यादि-गण
४. दिवादि-गण	१०. चुरादि-गण
५. स्वादि-गण	११. कण्ड्वादि-गण
६. तुदादि-गण	

प०—परस्मैपद, **आ०**—आत्मनेपद, **उ०**—उभयपद।

धातु का मूल रूप—धातु निर्देश में आरम्भ के कुछ पृष्ठों में अन्त्य स्वर या व्यञ्जन के लोप हो जाने पर धातु का जो मूल रूप बचता है, उस का निर्देश कोष्ठक में कराया है। जैसे—**अंश (अश्) समाघाते**। परन्तु आगे चल कर केवल इदित् धातुओं या जिन के अन्त्य के अनेक वर्णों का लोप होता है, उन्हीं का मूल दर्शाया है। जहां अन्त्य अ ई ञ् ङ् आदि का लोप होता है, उन का मूल रूप स्वयं समझ लेना चाहिये।

इदित्—जिन धातुओं का अन्त्य इकार का लोप होता है, उन को अन्त्य व्यञ्जन से पूर्व नुम्—'न्' का आगम होकर उसे पररूप हो जाता है। यथा—अकि = अन्क् = अङ्क्, अचि = अन्च् = अञ्च्।

ओ३म्

संस्कृत-धातु-कोषः

विस्तृत-भाषार्थ-सहितः

अ

अंश (अंश्) समाघाते (१०।३४५, पाठा०[1], उ० अंशयति, ते) १ विभाग करना, बांटना।

अंस (अंस्) समाघाते (१०।३४५, उ०, अंसयत्ति, ते) १ विभाग करना, बांटना।

अक (अक्) कुटिलायां गतौ[2] (१।५३८, प०, अकति) १ जाना. २ टेढ़ा जाना।

अकि (अङ्क्) लक्षणे (१,६८, आ०, अङ्कते) १ चिह्न करना. २ टेढ़ा जाना। (१०, उ०, अङ्कयति[3], ते) १ चिह्न करना. २ गिनना. ३ निन्दा करना, दाग लगाना. ४ टहलना. ५ गोद में लेना।

अक्षू (अक्ष्) व्याप्तौ (१।४३७, प०, अक्षति; ५, प०, अक्षणोति[4]) १ व्याप्त होना. २ इच्छितार्थ प्राप्त होना. ३ पैठना, घुसना. ४ बटुरना, एकत्र होना।

अग (अग्) कुटिलायां गतौ[2] (१।५३८, प०, अगति) १ घूमना, टेढ़ा जाना. २ टेढ़े रास्ते से जाना. ३ जाना।

अगद (अगद्) नीरोगत्वे (११।३६, प०, अगद्यति) १ निरोग=स्वस्थ रहना।

अगि (अङ्ग्) गत्यर्थः (१।८८, प०, अङ्गति) १ चलना, टहलना. २ समीप जाना।

अघ (अघ्) पापे (१०।३६६ सूत्रोदाहरण रूप[5], प०, अघयति) १ पाप करना, अपराध करना।

अघि (अङ्घ्)गत्याक्षेपे (१।७६, आ०, अङ्घते) १ गति करना.

---

१. तालव्य शकारवान् पाठ क्षीरतरङ्गिणी के अनुसार है।

२. 'गतौ' का असमस्त निर्देश होने से धातु का प्रयोग 'गमन' मात्र में भी होता है।

३. द्र० क्षीरतरङ्गिणी १०।३१३॥

४. स्वादिगण में इस धातु का क्वचित्क पाठ है।

५. द्र० क्षीरतरङ्गिणी १०।३२५, पृष्ठ ३२३।

२ आरम्भ करना. ३ जल्दी जाना. ४ जल्दी करना. ५ धमकाना, घुड़कना. ६ जुवा खेलना।

अङ्क (अङ्क्) पदे लक्षणे च (१०।३५५, उ०, अङ्कयति, ते) १ चिह्न करना. २ गिनना. ३ निन्दा करना. ४ टहलना, अकड़ के चलना, ५ गोद में लेना।

अङ्ख (अङ्ख्) गतिवैकल्ये (क्वाचित्कः १०, उ०, अङ्खयति, ते) १ रेंगना, हाथ पांव से चलना. २ लटकना. ३ अटकाना।

अङ्ग (अङ्ग्) पदे लक्षणे च (१०।३५६, उ०, अङ्गयति, ते) १ टहलना. २ चिह्न करना। **परि**—(पल्यङ्गयति) १ प्रवृत्त करना, जगाना, उकसाना। **विपरि**—(विपल्यङ्गयति) १ छिपाना, ढांपना।

अङ्घ (अङ्घ्) (१०।३५५ का पाठा०, उ०, अङ्घयति, ते) १ चिह्न करना. निन्दा करना।

अचि (अञ्च्) गतौ याचने च (१।६०४, उ०, अञ्चति, ते) १ झुकना, टेढ़ा करना. २ जाना. ३ पूजा करना मान करना. ४ संवारना, शोभित करना. ५ मांगना, चाहना. ६ कुड़कुड़ाना, अस्पष्ट बोलना। **अव**—१ दक्षिण की ओर झुकना या जाना। **उद्**—१ उत्तर की ओर झुकना या जाना। **परा**—१ पीछे की ओर झुकना या जाना। **प्र**—पूर्व की ओर झुकना या जाना। **प्रति**—पश्चिम की ओर झुकना या जाना।

अचु (अच्) गतौ याचने च (१।६०३, उ०, अचति, ते) १ जाना, चलना. २ आदर करना. ३ मांगना।

अज (अज्) गतिक्षेपणयोः (१।१३६, प०, अजति) १ जाना. २ हांकना, दौड़ाना. ३ फेंकना।

अजि (अञ्ज्) भाषार्थः (१०।२२४, उ०, अञ्जयति, ते) १ बोलना, स्पष्ट करना।

अञ्चु (अञ्च्) गतिपूजनयोः (१।११५, प०, अञ्चति) १ जाना. २ पूजा करना. ३ संवारना।

अञ्चु (अञ्च्) गतौ याचने अव्यक्ते शब्दे च (१।६०२, उ०, अञ्चति, ते) १ प्रकट करना, न्यूनाधिक देखना. २ कुड़कुड़ाना, अस्पष्ट बोलना। **अप**—१ दूर करना, हटा देना। **आ**—१ झुकाना। **उप**—१ निकालना (जल आदि)। **परि**—१ घुमाना। **वि**—१ फैलाना, विस्तृत करना। **सम्**—१ एकत्र करना, बटोरना, जमा करना।

अञ्चु (अञ्च्) विशेषणे (१०।२०७, उ०, अञ्चयति, ते) १ विशेषित करना, सम्मानित करना. २ हटाना, पृथक् करना।

अञ्जू (अञ्ज्) व्यक्तिम्रक्षण-

कान्तिगतिषु (७।२०, प०, अनक्ति; क्वचित् —आ०, अङ्क्ते) १ जाना. २ साफ करना, स्वच्छ करना. ३ सराहना, विख्यात करना. ४ चमकना, प्रकाशित होना. ५ तैलमर्दन करना, अभ्यञ्जन करना. ६ संवारना, सजाना । **अभि**—१ अभ्यञ्जन करना, तैलमर्दन करना । **वि**—१ स्पष्ट करना. २ उत्पन्न करना । **अधि**—१ भरना, संवारना । **आ**—१ तेल मलना. २ चिकना करना. ३ मान करना । **नि**—१ तेल मलना. २ छिपना । **प्रति**—१ तेल मलना. २ संवारना, सजाना । **सम्**—१ तेल मलना. २ मान करना. ३. भरना. ४ एकत्र करना, जोड़ना. ५ खाना. ६ संवारना ।

अट (अट्) गतौ (१।१९२, प०, अटति; क्वचित्—अटते) १ घूमना, फिरना । **परि**—१ जाना, भटकना ।

अट्ट (अट्ट्) अतिक्रमणहिंसनयोः (१।१५५, आ०, अट्टते) १ अधिक होना. २ मार डालना. ३ दुःख देना ।

अट्ट (अट्ट्) अनादरे (१०।३१, प०, अट्टयति) १ अनादर करना, अपमान करना. २ सूक्ष्म होना ।

अठ (अठ्) गतौ (द्र०—सायण १।२२५, प० अठति) १ जाना ।

अठि (अण्ठ) गतौ (१।१६१, आ०, अण्ठते) १ जाना, चलना ।

अड[1] उद्यमे (१।२४७, प०, अडति) १ उद्यम करना, प्रयत्न करना । (५ क्वाचित्कः, प०, अड्नोति) १ उपभोग करना, अपने अधिकार में लाना । **वेट**—१ फैलना, व्यापना ।

अड्ड अभियोगे (१।२३६, प०, अड्डति) १ सब ओर से जोड़ना, संयुक्त करना. २ वाक्यादिकों का प्रतिपादन करना. ३ हल्ला करना, घेर लेना. ४ प्रयत्न करना. ५ प्रार्थना (=फर्याद) करना ।

अण शब्दार्थः (१।३०३, प०, अणति) १ शब्द करना ।

अण प्राणने (४।६४, आ०, अण्यते) १ जीते रहना, जीना, श्वासोच्छ्वास करना. २ बलवान् होना । **प्र**—१ जीना ।

---

१. यहां से आगे अन्त्य स्वर (=अच्) वा व्यञ्जन की इत्संज्ञा वा लोप होकर धातु का जो मूल रूप बचता है उस का निर्देश कोष्ठक में नहीं करेंगे, क्योंकि अन्त्य स्वर वा व्यञ्जन का लोप होने पर धातु का अवशिष्ट स्वरूप सुगमता से ज्ञात हो जाता है। अतः आगे केवल इदित् धातुओं में नुम् का आगम होकर जो रूप बनता है या अन्त्य के अनेक वर्णों की जहां इत्संज्ञा होकर जो रूप अवशिष्ट रहता, उसका ही निर्देश कोष्ठक में करेंगे ।

अत सातत्यगमने (१।३१, प०, अतति) १ जाना. २ सदैव जाते रहना।

अति (अन्त्) बन्धने (१।५०, प०, अन्तति) १ बांधना. २ पाना, हासिल करना।

अद भक्षणे (२।१, प०, अत्ति) १ खाना, भक्षण करना. २ नष्ट करना। **णिच्** — (आदयति) १ खिलाना। **सन्**—(जिघत्सति[1]) १ खाने की इच्छा करना। **अव**— १ तृप्त होना. २ मुंह बन्द हो जाना. ३ खाना छोड़ देना। **आ**—१ खाना। **प्र**—१ खाना। **सम्**—१ खाना। **वि**—१ काटना, कुतर लेना, चबाना।

अदि (अन्द्) बन्धने (१।५०, प०, अन्दति) १ बांधना. २ प्राप्त करना।

अधर नीचैर्गमने (नामधातु, अधरयति) १ काम करना, न्यून करना. २ जीतना।

अन प्राणने(२।६३, प०, अनिति, ४।६४ पाठा० सायण, आ०, अन्यते) १ जीना. २ समर्थ होना ३ जाना। **णिच्** —(आनयति) १ जिलाना।

अन्दोल (१०।३६६ उदा०, प०, अन्दोलयति) १ झुलाना, हिलाना।

अन्ध दृष्ट्युपघाते (१०।३५३, उ०, अन्धयति, ते) १ अन्धा होना, दिखाई न देना. २ आंखें मूंदना।

अबि (अम्ब)गतौ(क्वाचित्कः १, प०, अम्बति) १ जाना।

अबि (अम्ब्) शब्दे (१।२६२, आ०, अम्बते) १ शब्द करना।

अभि (अम्भ्) शब्दे (१।२७०, आ०, अम्भते) १ शब्द करना।

अभ्र गत्यर्थः (१।३७५, प०, अभ्रति) १ जाना (मेघ की गति)।

अम गतिशब्दसंभक्तिषु(१।३१४, प०, अमति, **वेदे** – अमिति, अमीति) १ जाना २ शब्द करना, बोलना. ३ सेवा करना. ४ खाना।

अम रोगे (१०।१८६, उ०, आमयति, ते) १ बीमार होना, रोगग्रस्त होना. २ अजीर्ण रोगयुक्त होना।

अम्बर संभरणे (११।४१, प०, अम्बरयति) १ एकत्र करना, बटोरना।

अय गतौ (१।३२०, आ०, अयते; क्वचित्-अयति) १ जाना। **प्र**[2] — प्लायते) १ भाग जाना। **परा**— पलायते[2]) १ भाग जाना।

अरर आराकर्मणि (११।१७, प०, अररयति) १ आरे से काटना. २ नष्ट करना।

---

१. अष्टा० २।४।३७ से घस् आदेश। २. **उपसर्गस्यायतौ** (अष्टा० ८।२।१९) से प्र परा के रेफ को लकारादेश होता है।

अर्क स्तवने, तपन इत्येके (१०।११२, उ०, अर्कयति, ते) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना. २ तपाना, गरम करना।

अर्घ पूजायाम् (१।४६२ पाठा० क्षीर०,प०,अर्घति) १ पूजा करना,मान देना। २ कीमत पड़ना, मोल पड़ना, कीमती होना। **णिच्**—(अर्घयति, ते) १ पूजा करना. २ मंहगा करना।

अर्च पूजायाम् (१।१२०, प०, अर्चति; १०।२३२, उ०, अर्चयति, ते) १ पूजा करना. २ मान करना. ३ सेवा करना। **वेद में**—चमकना, प्रकाशित होना। **सन्**—(अर्चिचिषति) १ पूजने की इच्छा करना। **अनु**—जय-जय-कार करना या मान करना। **प्र**—१ पूजना। **सम्**—१ पूजना. २ स्थिर करना, संस्थापन करना।

अर्ज अर्जने (१।१३४, प०, अर्जति) १ सम्पादन करना, पाना. २ उठाना।

अर्ज प्रतियत्ने (१०।१६४, उ०, अर्जयति, ते) १ उद्योग करना. २ पदार्थ को संस्कृत करना. ३ तैयार करना। **अति**—१ जाने देना. २ दूर करना। **अनु**—१ जाने देना, मुक्त करना। **अन्वव**—१ पीछे से जाने देना. २ हराना। **अपि**—१ जोड़ना। **अभ्यति**—१ जोड़ना, मिलाना। **अव**—१ जाने देना, मुक्त करना। **उद्**—१ चलाना। **णिच्**—१ सम्पादन करना।

अर्थ उपयाच्ञायाम् (१०।३२६, आ०, अर्थयते, क्वचित् प०, अर्थयति) १ मांगना, याचना करना. २ चाहना। **प्र**—१ मांगना. २ चाहना. ३ ढूंढना. ४ पकड़ना, घेरना. ५ अर्जन करना. ६ विवाह में मांगना।

अर्द गतौ याचने च (१।४५, प०, अर्दति) १ मांगना, याचना करना. २ जाना।

अर्द हिंसायाम् (णिजभावे—१०।२५५, उ०, अर्दयति, ते; उ०, अर्दति, ते) १ मारना, बध करना. २ दुःख देना, सताना।

अर्ब गतौ (१।२८८, प०, अर्बति) १ जाना २ मार डालना।

अर्व हिंसायाम् (१।३८६, प०, अर्वति) १ मार डालना. २ दुःख देना, सताना।

अर्ह पूजायाम् (१।४६२, प०, अर्हति; १०।१६६, उ०, अर्हयति, ते; १०।२५७, आ०, अर्हयते) १ पूजा करना, सत्कार करना. २ पूजनीय होना,पूजा योग्य होना. ३योग्य होना।

अल भूषणपर्याप्तिवारणेषु (१।३४५, प०, अलति) १ संवारना, भूषित करना. २ निवारण करना. ३ शक्तिमान् होना. ४ पूरा करना।

अव रक्षण—गति—कान्ति—प्रीति—तृप्ति—अवगम—प्रवेश—

अवण—स्वामी — अर्थ—याचन— क्रिया—इच्छा—दीप्ति—अवाप्ति—आलिङ्गन —हिंसा—आदान—भाव—वृद्धिषु (१।३९६, प०, अवति) १ संरक्षण करना, बचाना. २ जाना, घुमाना. ३ कामना करना. ४ प्यारा होना, प्यार करना. ५ सन्तुष्ट करना, आनन्दित करना, प्रसन्न करना. ६ जानना, समझना. ७ प्रवेश करना, पैठना, घुसना, धंसना. ८ सुनना, सुनाना. ९ मालिक होना, प्रभु होना. १० आज्ञा मानना, हुक्म मानना. ११ मांगना. १२ कर्म करना. १३ कान्तियुक्त होना, चमकना, शोभित होना. १४ प्राप्त होना, मिलना, पाना. १५ आलिङ्गन करना, गले लगाना. १६ मार डालना या दुःख देना, सताना. १७ ग्रहण करना, लेना १८ होना. १९ बढ़ना. २० शक्तिमान् होना। **अनेकार्थ— होने से.** २१ दहन करना, जलाना. २२ विभाग करना, हिस्सा करना, बांटना. २३ पहुचना। **अनु**—ढाढस देना। **उद्** —१ ध्यान देना. २ बाट जोहना । ३ प्रवृत्त करना। **उप**—१स्नेह करना। **सम्**—१ तृप्त करना. २ संरक्षण करना।

अवधीर अपमाने (नामधातु, उ०, अवधीरयति, ते) १ अपमान करना, तिरस्कार करना, घृणा करना।

अश भोजने (९।५४, प०, अश्नाति) १ खाना. २ भोगना। **अति**—१ अधिक खाना। **उप**—खाना २ भोगना। **णिच्**—(आशयति) १ खिलाना. २ पिलाना. ३ तृप्त करना।

अशन भोजने (नामधातु, अशनायति) १ खाने की इच्छा करना, क्षुधित होना।

अशूङ् (अश्) व्याप्तौ संघाते च (५।१८, आ०, अश्नुते) १ फैलाना, व्यापना. २ पहुचना. ३ पाना, प्राप्त करना. ४ संग्रह करना, बटोरना, राशि करना, ढेर करना। **अनु**—१ पहुंचना २ समान होना। **आ**—१ पहुचना. २ पाना, प्राप्त करना. ३ सौंपना। **उद्**—१ ऊपर को पहुंचना. २ पाना, प्राप्त करना. ३ शासक होना। **उप**—१ पाना, प्राप्त करना, उपार्जन करना. ३ शासक होना। **परि**—१ पहुंचना. २ समाना, पूर्ण होना। **प्र**—१ पहुंचना. २ समाना, पूर्ण होना।

अष गतिदीप्त्यादानेषु (१।६२६, उ०, अषति, ते) १ जाना, टहलना. २ ग्रहण करना, लेना. ३ चमकना।

अस गतिदीप्त्यादानेषु (१।६२५, उ०, असति, ते) १ जाना. २ लेना. ३ चमकाना।

अस भुवि (२।५८, प०, अस्ति) १ होना, रहना।

असु क्षेपणे (४।९९, प०, अस्यति) १ फेंकना, बिखेरना,

उड़ाना । **अनु**—१ नीचे बैठना । **अप**—१ छोड़ना, त्यागना, वर्जित करना । **नि**—१ रखना, धरना, स्थापित करना । **निर्**—१ निकाल देना, बहिष्कृत करना । **पर्युप**—१ चारों ओर घिर कर बैठना. २ उपासना करना । **प्र**—१ फेंकना, बिखेरना, उड़ाना. २ खण्डन करना, स्वीकार नहीं करना, मान्य नहीं करना । **वि**—१ विभाग करना, हिस्सा करना । **व्या**—१ फैलाना, विस्तृत करना. २ क्रम से लगाना, अनुक्रम से रखना । **सन्नि**—१ संन्यास धारण करना, प्रपञ्च छोड़ना, विरक्त होना । **सम्**—१ एकत्र करना, इकट्ठा करना, मिलाना ।

असु उपतापे (११।४, प०, असूयति) १ रोगी होना, बीमार होना ।

असू असूञ् उपतापे (११।५, प०,असूयति; ११।५, उ०,असूयति,ते) १ रोगी होना, बीमार होना ।

अस्त संघाते (सायण १०।८४, प०, अस्तयति) १ अस्त होना, कान्तिहीन होना, ग्रसित होना ।

अह व्याप्तौ (५।२७, प०, अह्नोति) १ फैलना, विस्तृत होना, व्यापना ।

अहि (अंह्) गतौ (१।४२३, आ०, अंहते) १ जाना ।

अहि (अंह्) भासार्थः[1] (१०। २२४, उ०, अंहयति, ते) १ प्रकाशित होना, चमकना ।

आ

आछि (आञ्छ्) आयामे (१। १२४, प०, आञ्छति) १ बढ़ाना, दीर्घ करना, लम्बा करना ।

आन्दोल उत्क्षेपे (क्षीर० १०। ५५,उ०, आन्दोलयति,ते) १ झुलाना ।

आप्लृ (आप्) व्याप्तौ (५।१५, प०, आप्नोति) १ व्यापना । **अभिवि**—१ चारों ओर से व्यापना । **अव**—१ प्राप्त होना, मिलना, पाना । **उपसम्**—१ समीप प्राप्त होना, पास आना. २ ग्रन्थादिक की समाप्ति करना । **परि**—१ तृप्ति करना. २ पूर्ति करना । **परिवि**—१ चारों ओर से व्यापना । **प्र**—१ प्राप्त होना, पाना । **वि**—१ व्यापना । **संवि**—१ अच्छी तरह व्यापना ।

आप्लृ लम्भने (१०।२६५, उ०, आपयति, ते) १ प्राप्त होना, पाना । **अभिवि**—१ चारों ओर से व्यापना । **अव**—१ पाना । **परि**—१ चारों ओर से व्यापना । **परिसम्**—१ समाप्त करना, पूरा करना ।

आस् उपवेशने (२।११, आ०, आस्ते) १ बैठना. २ उपस्थित होना, विद्यमान होना. ३ जीना. ४. होना ।

---

१ 'भाषार्थः' पाठान्तर में 'शब्द करना' अर्थ होगा ।

अधि — १ वास करना, रहना. २ ऊपर बैठना. ३ वस्तुसादृश्य के कारण इच्छित वस्तु को छोड़ के दूसरी वस्तु को लेना । **अभि**— १ अध्ययन करना, अभ्यास करना, सीखना । **उत्** — १ छोड़ना, त्यागना, उपेक्षा करना. २ हिलाना, कम्पित करना । **उप** —१ उपासना करना, भजन करना । **निर्** — १ बाहर निकाल देना, देश से निकाल देना ।

इ

इ गतौ (सायण १।२१५, प०, अयति) १ जाना । **अभ्युत्** — १ ऐश्वर्यादि से प्रसिद्ध होना । **उत्** १उदय होना, उगना. २ ऊपर जाना । **परा**— १ पीछे लौटना । **पला**[1] —१ दौड़ना, भागना, भाग जाना ।

इक् स्मरणे (२।४०, प०, अधि-पूर्वक—अध्येति) १ स्मरण करना, विचार करना ।

इख गतौ (१।८८, प०, एखति) १ जाना ।

इखि (इङ्ख्) गतौ (१।८८, प०, इङ्खति) १ जाना ।

इगि (इङ्ग्) गतौ (१।८८, प०, इङ्गति) १ जाना ।

इङ् अध्ययने (२।३६, आ०, अधिपूर्वक—अधीते) १ अध्ययन करना, अभ्यास करना, सीखना ।

इट गतौ (१।२१२, प०, एटति) १ जाना ।

इण् गतौ (२।३८, प०, एति) १जाना । **अति**—१ अतिक्रमण करना, समय विताना अधिक श्रेष्ठ होना । **अनु**—१ पीछे जाना. २ अनुसरण करना. ३ अनुकरण करना, दूसरे के समान कार्य करना । **अप**— १ निकल जाना । **अभि**— १ सामने आना २ सर्वत्र जाना । **अभ्युत्**–१ ऐश्वर्यादिक से प्रसिद्ध होना । **अभ्युप्** — १ अंगीकार करना, स्वीकार करना. २ संमुख आना, सामने आना । **अव** — १ जानना, समझना । **उत्** — १ उदय होना, उगना. २ ऊपर जाना । **उप**— १ सहायता करना. २ पास आना या जाना. ३ लेना । **निर्**— १ निकल जाना । **परि**— १ चारों ओर घुमाना, प्रदक्षिणा करना । **परा**— १ पीछे लौटना । **सम्** — १ संगत होना, मिलना । **समुप** — १ सामने आना । **वि**—१ व्यय करना, खर्च करना. २ विध्वंस करना, तहस नहस करना । **प्रति**— १ स्पष्ट होना. २ विश्वास रखना ।

इदि (इन्द) परमैश्वर्ये (१।५१, प०, इन्दति) १ अमानवीय पराक्रम होना, ईश्वरी शक्ति होना, ऐश्वर्ययुक्त होना ।

इन्धी दीप्तौ (७।११, आ०, इन्धे)

---

१. उपसर्गस्यायतौ (पा० ८।२।१९) से परा के रेफ को लत्व ।

१ प्रदीप्त होना, जलना. २ प्रकाशित होना, चमकना।

इम्भ संघाते (क्वचित्कः १०, आ०, इम्भयते) १ एकत्र करना, इकट्ठा करना, बटोरना।

इरज ईर्ष्यार्थः (११।८, प०, इरज्यति) १ ईर्ष्या करना, मत्सर करना।

इरस् (इर्) ईर्ष्यार्थः (११।८, उ०, इर्यति, ते) १ ईर्ष्या करना, मत्सर करना।

इरस ईर्ष्यार्थः (११।८, प०, इरस्यति) १ ईर्ष्या करना, मत्सर करना।

इल स्वप्नक्षेपणयोः (६।६७, प०, इलति) १ सोना, नींद लेना. २ जाना. ३ भेजना. ४ फेंकना, उड़ाना, बिखेरना।

इल प्रेरणे (१०।१२६, उ०, एलयति, ते) १ प्रेरणा करना, प्रोत्साहित करना।

इला विलासे (११।२७, प०, इलायति) १ विलास करना, खेलना, केली करना।

इवस सन्तापे सेवने च (क्वचित्कः ११, प०, इवस्यति) १ चारों ओर सन्ताप होना. २ सेवा करना।

इवि (इन्व्) व्याप्तौ प्रीणने च (क्षीर० १।३८६, ३८८, प०, इन्वति) १ व्यापना. २ तृप्त होना. ३ सन्तुष्ट करना, प्रसन्न करना।

इष गतौ (४।१९, प०, इष्यति) १ जाना। **अनु**—१ ढूंढना, खोजना।

इष आभीक्ष्ण्ये (६।५६, प०, इष्णाति) १ बार बार करना।

इषु इच्छायाम् (६।६१, प०, इच्छति) १ इच्छा करना, चाहना। **अनु**—१ ढूंढना। **प्रति**—१ ग्रहण करना, लेना. २ प्रतिवचन देना।

इषुध शरधारणे (११।२०, प०, इषुध्यति) १ बाण धारण करना, तरकस बांधना।

ई

ई गतौ (सायण १।२१५, प०, अयति) १ जाना।

ई गतिव्याप्तिप्रजननकान्त्यसनखादनेषु (२।४१ प्रश्लेषः० प०, एति) १ जाना. २ फैलना, व्यापना. ३ गर्भवती होना, गाभिन होना. ४ इच्छा करना, चाहना. ५ भक्षण करना, खाना. ६ उड़ाना, फेंकना. ७ भेजना, प्रेरणा करना।

ईक्ष दर्शने (१।४०५, आ०, ईक्षते) १ देखना, अवलोकन करना। **अप**—१ प्रतीक्षा करना, वाट जोहना. २ अपेक्षा करना, चाहना। **अभि**—१ टक लगाना, टकटकी बांधना। **अव**—१ देखना, निहारना। **उत्**—१ ऊपर देखना। **उप**—

१ उपेक्षा[1] करना, छोड़ना, त्यागना। **निर्**—१ देखना, ताकना। **परि**—१ परीक्षा करना, शोधना, जांचना। **प्र**—१ देखना, निहारना. २ कबूल करना। **वि**—१ देखना, ताकना। **प्रति**—१ मार्ग देखना, प्रतीक्षा करना, बांट जोहना. २ पूज्य बुद्धि से आदर सत्कार करना, मानना। **प्रत्युत्**—१ दूसरे के देखने पर आप भी उसकी ओर टकटकी लगाके निहारना। **सम्**—१ तुलना करना, बराबरी करना।

ईख गतौ (१।८८, प०, ईखति) १ जाना।

ईखि (**ईङ्ख्**) **गतौ** (१।८८, प०, ईङ्खति) १ जाना।

ईङ् गतौ (४।३४, आ०, ईयते) १ जाना।

ईज् गतिकुत्सनयोः (१।११०, आ०, ईजते) १ जाना. २ दोष लगाना, निन्दा करना।

ईजि (**ईञ्ज्**) **गतिकुत्सनयोः** (१।११०, उ०, ईञ्जति, ते) १ जाना. २ दोष लगाना, निन्दा करना।

ईड स्तुतौ (२।६, आ०, ईट्टे; १०।१३७, उ०, ईडयति, ते) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना।

ईति (**ईन्त्**) **बन्धने** (१।५० पाठा०, ईन्तति) १ बांधना, जकड़ना।

ईर क्षेपे (१०।२३४, उ०, ईरयति, ते) १ जाना. २ हांकना, प्रेरणा करना. ३ फैंकना। **उत्**—१ कहना, बोलना। **प्र**—१ भेजना। **सम्**—१ वायु के समान जाना।

ईर गतौ कम्पने च (२।८, आ०, ईर्ते) १ जाना. २ कांपना, थरथराना, हिलाना।

ईर्क्ष्य ईर्ष्यार्थः (१।३४१, प०, ईर्क्ष्यति) १ ईर्ष्या करना, मत्सर करना।

ईर्ष्य ईर्ष्यार्थः (१।३४१, प०, ईर्ष्यति) १ ईर्ष्या करना, मत्सर करना।

ईश ऐश्वर्ये (२।१०, आ०, ईष्टे) १ अधिकार होना, चाहे सो करने की शक्ति होना।

ईशुचिर् (दिवा०)—**द्र० शुचिर्**

ईष गतिहिंसादानेषु (१।४०६, आ०, ईषते) १ जाना. २ मार डालना या दुःख देना. ३ देखना, अवलोकन करना।

ईष उञ्छे (१।४६१, प०, ईषति) १ एक एक दाना उठाना, बीनना।

ईह चेष्टायाम् (१।४२१, आ०,

१. निरुक्त में **तदेतेनोपेक्षितव्यम्** (१।१५) इत्यादि में 'उप सामीप्येन ईक्षितव्यम्' सूक्ष्मता से विचार करना अर्थ भी होता है।

ईहने) १ प्रयत्न करना, उद्योग करना । **सम्**—१ इच्छा करना, चाहना ।

उ

उक्ष सेचने (१।४३६, प०, उक्षति) १ निर्मल करना, स्वच्छ करना, साफ करना. २ गीला करना, प्रोक्षण करना, सींचना. ३ भेजना । **वेद में**—१ दृढ़ होना वा करना । **प्र**—१ सींचना. २ जल सिञ्चन से संस्कृत करना. ३ मार डालना ।

उख गतौ (१।८८, प०, ओखति) १ जाना ।

उखि (उङ्ख्) गतौ (१।८८, प०, उङ्खति) १ जाना. २ पास जाना या आना. ३ अलंकृत करना, संवारना. ४ शुष्क होना, सूखना. ५ म्लान होना, मुर्झाना ।

उङ् शब्दे (१।६८२, आ०, अवते) १ शब्द करना ।

उच समवाये (४।११४, प०, उच्यति) १ एकत्र होना, इकठ्ठा होना, २ एकत्र करना, इकठ्ठा करना, बटोरना ।

उछि (उञ्छ्) उञ्छे (१।१३०; ६।१३, प०, उञ्छति) १थोड़ा थोड़ा एकत्र करना, थोड़ा थोड़ा बटोरना. २ बीनना, उञ्छन करना, चुनना ।

उछी विवासे (१।१३१; ६।१४, प०, उच्छति, **वि**—व्युच्छति) १ पूरा करना, समाप्त करना. २ छोड़ना, त्यागना. ३ बांधना, जकड़ कर बांधना । **प्र**—१ पोंछना ।

उछृदिर् (रुधा०)—द्र० छृदिर्

उज्ज आर्जवे (६।२०, पाठा०, प०, उज्जति) १ सीधी रीति से बर्ताव करना ।

उज्झ उत्सर्गे (६।२१, प०, उज्झति) १ छोड़ना, त्यागना । **प्र**—१ छूट जाना, मुक्त होना ।

उठ उपघाते (१।२२८, प०, ओठति; १।५००, आ०, ओठते) १ मारना, ठोकना, नीचे गिराना ।

उतृदिर् (रुधा०)—द्र० तृदिर्

उध्रस उञ्छे (६।५५, प०, उध्रसति; १०।२११, उ०, उध्रासयति, ते) १ थोड़ा थोड़ा चुनना, बीनना ।

उध्रस् (क्रया०)—द्र० ध्रस्

उध्रस् (चु०)—द्र० ध्रस्

उन्दी (उन्द्) क्लेदने (७।१६, प०, उनत्ति) १ आर्द्र होना, गीला होना ।

उबुन्दिर् (भ्वा०)—द्र० बुन्दिर्

उब्ज आर्जवे (६।२०, प०, उब्जति) १ सीधी रीति से चलना, सीधी रीति से बर्ताव करना. २ दबाना, दमन करना । **नि**—१ अधोमख होना ।

उभ पूरणे (६।३२, प०, उभति) १ भरना, पूर्ण करना।

उम्भ पूरणे (६।३२, प०, उम्भति) १ भरना, पूर्ण करना।

उर गतौ (क्वाचित्कः १, प०, ओरति) १ जाना, चलना।

उरस बलार्थे (११।३७, प०, उरस्यति) १ बलवान् होना।

उर्द माने क्रीडायां च (१।१८, आ०, उर्दते) १ नापना, गिनना. २ क्रीडा करना, खेलना।

उर्वी हिंसार्थः (१।३८२, प०, उर्वति) १ मार डालना या दुःख देना, पीडा करना।

उलडि (उलण्ड्) उत्क्षेपणे (१०।६, पाठा०,उ०, उलण्डयति, ते) फैंकना, ऊपर फैंकना, उड़ाना, झोंकना।

उष दाहे (१।४६४, प०, ओषति) १ हिंसा करना. २ जलना।

उषस् प्रभातभावे (११।६, प०, उषस्यति) १ प्रभात होना, पौ फटना।

उहिर् (उह्) अर्दने (१।४६१, प०, ओहति) १ मार डालना, नष्ट करना २ दुःख देना, सताना।

ऊ

ऊठ उपघाते (१।२२६, प०, ऊठति) १ मारना, ठोकना, नीचे गिराना।

ऊन परिहाणे (१०।३१३, उ०, ऊनयति, ते) १ कम करना, घटाना. २ संक्षेप करना. ३ नापना, गिनना।

ऊयी तन्तुसन्ताने (१।३२४, आ०, ऊयते) १ सीना, बुनना।

ऊर्ज बलप्राणनयोः (१०।१७, उ०, ऊर्जयति, ते) १ शक्तिमान् होना, पराक्रमी होना २ जीना. ३ जिलाना।

ऊर्णुञ् आच्छादने (२।३२, उ०, ऊर्णौति-ऊर्णोति, ऊर्णुते) १ आच्छादन करना, ढकना।

ऊर्द माने क्रीडायाञ्च (१।१८, पाठा०, आ०, ऊर्दते) १ नापना, गिनना. २ क्रीडा करना, खेलना।

ऊष रुजायाम् (१।४६०, प०, ऊषति) १ रोगी होना, बीमार होना. २ एकत्र होना, इकट्ठा होना।

ऊह वितर्के (१।४३१, आ०, ऊहते) १ ऊहापोह करना, कल्पना करना, तर्क करना। **प्रवि**—१ कुछ काल तक ठहरना। **वि**—१ व्यूह रचना करना। **सम्**—१ एकत्र होना, इकट्ठा होना।

ऋ

ऋ गतिप्रापणयोः (१।६७०, प०, ऋच्छति) १ जाना. २ सम्पादन करना, प्राप्त करना, मिलाना. ३ पहुंचाना।

ऋ गतौ (३।१६, प०, इयर्ति) १ जाना. २ फैलाना।

ऋ हिंसायाम् (५।३०, पाठा०, प०, ऋणोति) १ हिंसा करना, २ मार डालना।

ऋक्ष हिंसायाम् (५।३०, पाठा०, प०, ऋक्ष्णोति) १ मार डालना या दुःख देने का यत्न करना।

ऋक्षि हिंसायाम् (५।३०, पाठा०, प०, ऋक्षिणोति) १ मार डालना या दुःख देने का यत्न करना।

ऋच स्तुतौ (६।१६, प०, ऋचति) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना. २ आच्छादित करना, ढकना. ३ चमकना।

ऋछ गतीन्द्रियमूर्तिप्रलयभावेषु (६।१५, प०, ऋच्छति) १ जाना. २ कठिन होना, सख्त होना, दृढ़ होना ३ इन्द्रिय का बल घट जाना।

ऋज गतिस्थानार्जनोपार्जनेषु (१।१०७, आ०, अर्जते) १ जाना. २ खडा रहना, स्थिर होना. ३ बलिष्ठ होना, सामर्थ्यवान् होना. ४ जीना. ५. सम्पादन करना, प्राप्त करना, मिलाना।

ऋजि (ऋञ्ज्) भर्जने (१।१०८, आ०, ऋञ्जते) १ भूंजना।

ऋणु गतौ (८।५, उ०, अर्णोति, अर्णुते; पक्षान्तरे— ऋणोति,ऋणुते) १ जाना, गमन करना।

ऋत घृणायाम्[1] (सौत्रः, अष्टा० ३।१।२९, इयङ्, आ०, ऋतीयते)। १ निन्दा करना, दोष लगाना. २ कृपा करना, दया करना।

ऋधु वृद्धौ (४।१३१, प०, ऋध्यति; ५।२४, प०, ऋध्नोति) १ बढ़ना, वृद्धि होना. २ श्रीमान् होना. ३ बढ़ाना, वृद्धि करना. ४ आनन्दित करना. ५ पूरा करना।

ऋफ हिंसायाम् (६।३०, प०, ऋफति) १ मार डालना, दुःख देना।

ऋम्फ हिंसायाम् (६।३०, प०, ऋम्फति) १ मार डालना, पीडा देना।

ऋषि गतौ (६।७, प०, ऋषति) १ जाना, आना. २ मार डालना. ३ ढकेलना। (क्वाचित्कः १, प०, अर्षति) १ ग्रहण करना, लेना. २ बहना।

ॠ

ॠ गतौ (९।२८, प०, ॠणाति) १ जाना, स्थानान्तर करना।

ए

एजृ दीप्तौ (१।१०९, आ०, एजते) १ प्रकाशित होना, चमकना, झलकना।

एजृ कम्पने (१।१४३, प०, एजति) १ कांपना, थरथराना।

एठ विबाधायाम् (१।१६६, आ०, एठते) १ हरकत करना, रोकना. २ दुःख देना, सताना।

---

१. 'घृणाजुगुप्साकृपयोः' वैजयन्ती, पृष्ठ २२१।

एध वृद्धौ (१।२, आ०, एधते) १ बढना।

एला विलासे (११।२६, प०, एलायति) १ क्रीडा करना, विलास करना, खेलना।

एषृ प्रयत्ने (१।४१२, आ०, एषते) १ समीप जाना या आना. २ चाहना. ३ दौड़ना. ४ रेंगना।

ओ

ओखृ शोषणालमर्थयोः (१।८६, प०, ओखति, **प्र**—प्रोखति) १ शुष्क होना, सूखना. २ कान्तिमान् होना ३ संवारना, अलंकृत करना. ४ स्वीकार नहीं करना।

ओज शक्तौ (क्वचित्कः १, प०, ओजति; १०, उ०, ओजयति, ते) १ शक्तिमान् होना. २ जीना. ३ बढ़ना।

ओणृ अपनयने (१।३०५, प०, ओणति) १ ले जाना, दूर ले जाना।

ओप्यायी (भ्वा०)—द्र० **प्यायी**

ओलजी (तुदा०)—द्र० **लजी**

ओलंडि (**ओलण्ड्**) **उत्क्षेपणे** (१०।६, प०, ओलण्डयति, [1]ओलण्डति) १ ऊपर उठाना. ऊपर फेंकना, ऊपर उठाना। ओकार के इत्संज्ञक पक्ष में—'**लण्डयति**' रूप होगा।

ओलडि (चु०)—द्र० **लडि**

ओलस्जी (तुदा०)—द्र० **लस्जी**

ओविजी (तु०)—द्र० **विजी**

ओविजी (रु०)—द्र० **विजी**

ओवै (भ्वा०)—द्र० **वै**

ओव्रश्चू (तुदा०)—द्र० **व्रश्चू**

ओहाक् (जु०)—द्र० **हाक्**

ओहाङ् (जु०)—द्र० **हाङ्**

क

कक लौल्ये (१।७१, आ०, ककते) १ गर्व करना. २ चञ्चल होना. ३ प्यासा होना।

ककि (**कङ्क्**) **गत्यर्थः** (१।७४, आ०, कङ्कते) १ जाना।

कक्क हसने (१।८५, पाठा०, प०, कक्कति) १ हंसना. मुस्कराना।

कक्ख हसने (१।८५, पाठा०, प०, कक्खति) १ हंसना, मुस्कराना।

कख हसने (१।८५, प०, कखति) १ हंसना, मुस्कराना।

कखे हसने (१।५३३, प०, कखति) १ हंसना, मुस्कराना।

कगे नोच्यते (१।५३७, प०, कगति) १ करना, बनाना। इसका विशेष अर्थ कुछ नहीं है।

कच बन्धने (१।१०१, आ०, कचते) १ बांधना. २ चमकाना, प्रकाशित होना. ३ शब्द करना। (क्वाचित्कः १, प०, कचति) १ पुकारना।

---

१. चुरादिषु इदित्करणात् पक्षे शबपि भवति। द्र० धातुवृत्तिः १०।२॥

कचि (कञ्च्) दीप्तिबन्धनयोः (१।१०२, आ०, कञ्चते) १ बांधना. २ चमकना, प्रकाशित होना।

कज मदे (क्षीर० १।१४४, प०, कजति) दुःख वा आनन्द से बेसुध होना. २ सुखी होना. ३ बढ़ना (सौ०). ४ पागल होना।

कटि (कण्ट्) गतौ (१।२१२ पाठा०, प०, कण्टति) १ जाना।

कटी गतौ (१।२१२, प०, कटति) १ जाना. २ कष्ट से दिन विताना।

कटे वर्षावरणयोः (१।१९०, प०, कटति) १ बरसना. २ घेरना. ३ समीप जाना। **प्र — णिच्** — (प्रकटयति) १ प्रकट होना, दिखाई देना।

कठ कृच्छ्रजीवने (१।२२५, प०, कठति) १ कष्ट से दिन विताना।

कठि (कण्ठ) शोके (१।१९३, आ०, कण्ठते) १ शोक करना, रोकना। (१०।२७४, उ०, कण्ठयति, ते; [1]कण्ठति) १ उत्कण्ठित होना. २ शोक करना. ३ स्मरण करना, याद करना। **उत्** —१ दुःख करना, शोक करना. २ उत्कण्ठित होना।

कड मदे (१।२४९, प०; ६। ८८, प०, कडति) १ दुःख वा आनन्द में लीन होना।

कडि (कण्ड्) मदे (१।१८१, आ०, कण्डते; १।२५०, प०, कण्डति) १ दुःख वा आनन्द में लीन होना।

कडि (कण्ड्) भेदने (१०।४९, उ०, कण्डयति, ते; [2]कण्डति) १ तोड़ना, फोड़ना, अलग अलग करना. २ धान्यादिकों का छाल (भूसा) निकालना. ३ संरक्षण करना, पालना।

कडु कार्कश्ये (१।२४०, प०, कडुति) १ निष्ठुर होना, कठोर होना।

कण शब्दार्थः (१।३०३, प०, कणति) १ रोना. २ शब्द करना।

कण गतौ (१।५३९, प०, कणति) १ समीप जाना. २ छोटा होना।

कण्डूञ् गात्रविघर्षणे (११।१, उ०, कण्डूयति, ते) १ खुजलाना।

कण निमीलने (१०।१८४, उ०, कणयति, ते) आंखें मूंदना।

कत्थ श्लाघायाम् (१।३०, आ०, कत्थते) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना। **वि** १ झूठी बड़ाई करना।

कत्र शैथिल्ये (१०।३३५, उ०, कत्रयति, ते) १ ढीला करना, छोड़ना, मुक्त करना।

कथ वाक्यप्रबन्धे (१०।२७९, उ०, कथयति, ते; [3]कथापयति, ते)

---

१. आधृषाद्वा (१०।२३०) इस गणसूत्र में 'णिच्' विकल्प से होता है, पक्ष में शप्। २. इदित् होने से पक्ष में शप्।

३. मतान्तर में अकार को वृद्धि वा पुक् का आगम होकर।

१ कहना. २ व्याख्यान करना, बयान करना।

कद वैक्लव्ये वैकल्ये वा (१।५२४, आ०, कदते) १ भ्रमित होना, घबरा जाना, व्याकुल होना। (४ मतान्तरे, आ०, कद्यते) १ भ्रमित होना।

क्रदि (क्रन्द्) आह्वाने रोदने च (१।५८, प०, क्रन्दति) १ बुलाना. २ रोना।

क्लदि (क्लन्द्) वैक्लव्ये वैकल्ये वा (१।५२३, आ०, क्लन्दते) १ भ्रमित होना, घबरा जाना. २ घबराना. ३ मार डाला।

कनी दीप्तिकान्तिगतिषु (१।३११, प०, कनति) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ चाहना, प्रीति करना. ३ समीप जाना या आना. ४ तृप्त होना।

कपि (कम्प्) चलने (१।२६१, आ०, कम्पते) १ हिलना, कांपना। **अनु**—१ दया करना।

कबि (कम्ब्) चलने (१ क्वाचित्कः, प०, कम्बति) १ जाना।

कबृ वर्णे (१।२६४, आ०, कबते) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना. २ रंग देना, रंगना।

कमु कान्तौ (१।३०२, आ०,कामयते) १ चाहना, इच्छा करना।

कर्क हसने (१ क्वाचित्कः, प०, कर्कति) १ हंसना।

कर्ज व्यथने ((१।१३७, प०, कर्जति) १ पीड़ा देना, सताना।

कर्ण भेदने (१०।३५२ पाठा०, उ०, कर्णयति, ते) १ बेधना, बींधना, छेदना, कोचना। **आ**—१ सुनना। **समा**—१ सुनना।

कर्त शैथिल्ये (१०।३३६, उ०, कर्तयति, ते) १ छोड़ना, मुक्त करना, ढीला करना।

कर्त्र शैथिल्ये (१०।३३६ पाठा०, उ०, कर्त्रयति, ते) १ छोड़ना, मुक्त करना, ढीला करना।

कर्द कुत्सिते शब्दे (१।४८, प०, कर्दति) १ कौवे के समान शब्द करना. २ पेट गुड़गुड़ाना, अन्त्रकूजन होना।

कर्ब गतौ (१।२८८, प०, कर्बति) १ जाना।

कर्व दर्पे (१।३८८, प०, कर्वति) १ गर्व करना, बडाई करना।

कल शब्दसंख्यानयोः (१।३३४, आ०, कलते) १ शब्द करना. २ गिनना।

कल क्षेपे (१०।७२, उ०, कलयति, ते) १ उड़ाना, फैंकना।

कल आस्वादने (१०।२०४, उ०, कलयति, ते) १ स्वाद लेना, निगलना।

कल गतौ संख्याने च (१०।२९०, उ०, कलयति, ते) १ जाना. २ गिनना। **आ**—१ बांधना. २ लेना। **परि**—१ याद रखना। **वि**—१ व्याकुल होना। **सम्**—१ सारांश निकाल के कहना, तात्पर्य कहना।

कल्ल अव्यक्ते शब्दे (१।३३५, आ०, कल्लते) १ अस्पष्ट शब्द करना. २ शब्द करना. ३ गूंगा होना।

कवृ वर्णे (१।२६४ पाठा०, आ०, कवते) १ कविता करना, वर्णन करना. २ तस्वीरें खींचना।

कश गतिशासनयोः (१ क्वाचित्कः, उ०, कशति, ते; २।१६ पाठा०, आ०, कष्टे) १ मार डालना, दुःख देना. २ दण्ड देना, शासन करना।

कष हिंसार्थः (१।४६२, प०, कषति; १० क्वाचित्कः, प०, कषयति) १ मार डालना, दुःख देना. २ सोना आदि परीक्षा के लिये घिसना। **वि**—१ सोने के रूपादि की परीक्षा करना।

कस गतौ (१।८६९, प०, कसति) १ हिलना, कांपना। **वि**—१ खिलना।

कस गतिशासनयोः (२।१५, आ०, कस्ते) १ जाना. २ नष्ट करना. ३ आज्ञा करना, हुक्म बजाना. ४ दण्ड देना, शासन करना।

कसि (कंस्) गतिशासनयोः (२।१४, आ०, कंस्ते) १ जाना. २ नष्ट करना. ३ आज्ञा करना. ४ शासन करना, दण्ड देना।

काक्षि (काङ्क्ष) काङ्क्षायाम् (१।४४६, प०, काङ्क्षति; आ—आकांक्षति) १ चाहना, इच्छा करना, लोभ करना।

काचि (काञ्च) दीप्तिबन्धनयोः (१।१०२, आ०, काञ्चते) १ बांधना. २ चमकाना, प्रकाशित होना।

काल उपदेशे (१०।३०५, उ०, कालयति, ते) १ उपदेश करना. २ काल की गिनती करना।

काशृ दीप्तौ (१।४३०, आ, काशते) १ चमकना. (४।५१, आ०, काश्यते) १ चमकना। **निर्**—(निष्) १ निकाल देना. २ छिपाना, लुकाना। ३ प्रकट करना।

कासृ शब्दकुत्सायाम् (१।४१४, आ०, कासते) १ खांसना, खखारना. २ चमकना।

कि ज्ञाने (३।१८, प०, चिकेति) १ जानना, समझना। **नि**—१ निश्चयपूर्वक जानना।

किट त्रासे (१।१९७, प०, केटति) १ सताना। **गतौ** (१।२१२, प०, केटति) १ डराना. २ जाना।

कित निवासे रोगापनयने च (१।७१९, प०, केतति; १० क्वाचित्कः, प०, केतयति) १ निवास करना, रहना। (सन्—चिकित्सति)

१ रोग का प्रतीकार करना, चिकित्सा करना २ शासन करना. ३ नष्ट करना। **वि** —(सन्, प०) १ आशंका करना, विश्वास न करना।

कित ज्ञाने (३।१८ पाठा०, प०, चिकेत्ति) १ जानना।

किल श्वैत्यक्रीडनयोः (६।६३, प०, किलति) १ सफेद होना. २ क्रीडा करना, खेलना। (१० क्वाचित्क:, प०, केलयति) १ भेजना. २ उड़ाना।

कीट वरणे (१०।१०६, उ०, कीटयति, ते) १ रंगना, रंग में डुबोना. २ बांधना, बन्धन करना. ३ कीट लगना, जंग लगना. ४ लोह आदि को खा जाना।

कील बन्धने (१।३५१, प०, कीलति) १ बांधना, कीलों से मजबूत करना।

कु शब्दे (२।३५, प०, कौति) १ शब्द करना. २ कविता करना।

कुक लौल्ये (१।७१, आ०, कोकते) १ ग्रहण करना, लेना २ ललचाना।

कुङ शब्दे (१।६८२, आ०, कवते; ६।१११, आ०, कुवते; ६ क्वाचित्क: उ०, कुनाति-कुनीते) १ शब्द करना, अस्पष्ट बोलना, भौंरे के समान शब्द करना।

कुच शब्दे तारे (१।११२, प०, कोचति) १ पक्षी के समान जोर से पुकारना।

कुच सम्पर्चनकौटिल्यप्रतिष्टम्भविलेखनेषु (१।५९६, प०, कोचति) १ सम्पर्क करना. २ स्वच्छ करना, मांज के स्वच्छ करना. ३ स्पर्श करना, छूना. ४ जोतना, हल चलाना. ५ वक्र होना, टेढा होना. ६ लिखना, रेखा खींचना. ७ आकुञ्चित करना या होना. ८ कलह करना. ९ रोकना, अड़ाना, प्रतिबन्ध करना। **सम्**— १ संकुचित होना।

कुच संकोचने (६।७७, प०, कुचति) १ आकुञ्चित होना या करना। **आ**— १ आकुञ्चित करना या होना। **सम्**— १ सकुचित करना या होना।

कुजु स्तेयकरणे (१।११७, प०, कोजति) १ चुराना, चोरी करना।

कुञ्च गति कौटिल्याल्पीभावयोः (१।११३, प०, कुञ्चति) १ जाना. २ टेढा जाना. ३ टेढा होना या करना. ४ अल्प या कम होना या करना। **आङ्**— १ आकुञ्चित होना, अकड़ जाना।

कुजि (कुञ्ज) अव्यक्ते शब्दे (१।११९ पाठा०, प०, कुञ्जति) १ अस्पष्ट शब्द करना, गुञ्जारना।

कुट कौटिल्ये (६।७५, प०, कुटति) १ टेढा होना. २ ठगना, फंसाना।

कुट छेदने (१०।१६७, आ०, कोटयते) १ कतरना. २ गरम करना।

कुटि (कुण्ट) प्रतिघाते (१।२३४ मतान्तरे, प०, कुण्टति) १ कुंठित करना. २ दुःखादि से श्रमित होना।

कुटुम्ब धारणे (१०।१४८ मतान्तरे, आ०, कुटुम्बयते) १ परिवार का पालन करना।

कुट्ट छेदनभर्त्सनयो: (१०।२८, उ०, कुट्टयति, ते) १ कतरना. २ निन्दा करना, दोष लगाना. ३ रगड़ना।

कुट्ट प्रतापने (१०।१७१, आ०, कुट्टयते) १ गरम करना।

कुठि(कुण्ठ) प्रतिघाते (१।२३४, प०, कुण्ठति) १ कुण्ठित करना।

कुठि (कुण्ठ्) वेष्टने रक्षणे च (१०।५२, उ०, कुण्ठयति, ते) १ घेरना. २ कुण्ठित करना. ३ रक्षा करना।

कुड बाल्ये (६।९२, प०, कुडति) १ बालक के समान खेलना. २ खाना। (**संघाते**—पाठा०, सायण १।९२) ३ बटोरना, जमा करना।

कुडि (कुण्ड्) वैकल्ये (१।२१४, प०, कुण्डति) १ कुण्ठित करना. २ दुःखादि से कुण्ठित होना।

कुडि (कुण्ड) दाहे (१।१९९, आ०, कुण्डते) १ जलना।

कुडि (कुण्ड) रक्षणे (१०।५०, उ०, कुण्डयति, ते) १ रक्षा करना, संभालना।

कुण शब्दोपकरणयोः (६।४७, प०, कुणति) १ शब्द करना, २ दानादिक से संरक्षण करना, संभालना. ३ दुःख में रहना।

कुण आमन्त्रणे (१०।३१६, उ०, कुणयति, ते) १ उपदेश करना. २ बोलना. ३ बुलाना।

कुत्स अवक्षेपणे (१०।१६५, आ०, कुत्सयते) १ दोष लगाना, निन्दा करना. २ तिरस्कार करना।

कुथ पूतीभावे (४।१२, प० कुथ्यति) १ बदबू आना।

कुथ संश्लेषणे (९।४६ पाठा०,प०, कुथ्नाति) १ संलग्न होना, मिल के रहना. २ दुःखित होना, संकटग्रस्त होना।

कुथि (कुन्थ्) हिंसासंक्लेशनयोः (१।३६, प०, कुन्थति) १ मार डालना. २ दुःख देना. ३ दुःख भोगना, पीडित होना।

कुद्रि (कुन्द्र) अनृतभाषणे(१०।६, उ०, कुन्द्रयति, ते) १ झूठ बोलना।

कुन्थ् संश्लेषणे (९।४६, प०, कुथ्नाति) १ मिलकर रहना. २ दुःख देना।

कुप क्रोधे (४।१२२, प०, कुप्यति) १ गुस्सा करना।

कुप भाषार्थः (१०।२२३, उ०, कोपयति, ते; **भासार्थः**—पाठा०) १ बोलना. २ चमकना।

कुपि (कुम्प्) आच्छादने (१।२६० पाठा०, प०, कुम्पति; १०।१२२पाठा०, प०, कुम्पयति) १ ढकना. २ फैलना।

कुबि (कुम्ब्) आच्छादने (१। २६०, प०, कुम्बति; १०।१२३, उ०, कुम्बयति, ते) १ आच्छादित करना, ढांपना।

कुभि (कुम्भ्) आच्छादने (१०। १२४, उ०, कुम्भयति, ते) १ आच्छादित करना, ढांपना।

कुमार क्रीडायाम् (१०।३०२, उ०, कुमारयति, ते) १ बालक के समान खेलना, क्रीडा करना।

कुमाल[1] क्रीडायाम् (१०।३०२ पाठा०, उ०, कुमालयति, ते) १ बालक के समान खेलना, क्रीडा करना।

कुर शब्दे (६।५२, प०, कुरति) १ शब्द करना।

कुर्द क्रीडायाम् (१।१६, आ०, कुर्दते) १ खेलना, क्रीडा करना।

कुल संस्त्याने बन्धुषु च (१।५८३, प०, कोलति) १ बटोरना. २ अपने के समान वर्तना. ३ सजातीयता से रहना. ४ गिनना। **आ**—१ तत्पर होना. २ व्याकुल होना।

कुश संश्लेषणे (४।१०८ पाठा०, प०, कुश्यति) १ गले लगाना, आलिंगन करना. २ लपेटना।

कुशि (कुंश्) भासार्थः[2] (१०। २२३, उ०, कुंशयति, ते; कुंशति[3]) १ चमकना. २ बोलना।

कुष निष्कर्षे (६।५०, प०, कुष्णाति) १ बाहर निकालना, रगड़ के निकालना. २ चमकना. ३ परीक्षा करना, कसौटी पर घिसके सोने आदि की परीक्षा करना। **अव**—१ सिद्ध या स्थापित करना। **निस्**—१ खेंच के बाहर निकालना।

कुषुभ क्षेपे (११।१२, प०, कुषुभ्यति) १ छोड़ना, फैंकना।

कुस संश्लेषणे (४।१०८, प०, कुस्यति) १ मिलना. २ घेरना।

कुसि (कुंस) भासार्थः[2] (१०। २२३, उ०, कुंसयति, ते; कुंसति[3]) १ चमकना. २ बोलना।

कुस्म नाम्नो वा (१०।१८०, आ०, कुस्मयते) १ विचार करके देखना[4]. २ अयोग्य रीति से हंसना।

अथवा—'कुस्म' नाम से 'णिच्' होता है।

---

१. कुमार के रेफ को लत्व (८।२।१८ वा०)।

२. 'भाषार्थः' पाठ होने पर 'शब्द करना'।

३. इदित् होने से पक्ष में शप्। ४. क्षीर० १।१५७ अन्त में द्र०।

कुह विस्मापने (१०।३२३, आ०, कुहयते) १ ठगना. २ आश्चर्य या चमत्कार दिखाना. ३ मोहित करना।

कूङ् शब्दे (६।११०, आ०, कुवते; ९ क्वाचित्कः, उ०, कुनाति-कुनीते) १ दुःखकारक शब्द करना, विह्वल होना।

कूज अव्यक्ते शब्दे (१।१३३, प०, कूजति) १ अस्पष्ट शब्द करना. २ कूजना।

कूट अप्रदाने, अवसादने पाठा० (१०।१७०, आ०, कूटयते) १ नहीं देना. २ अस्पष्ट, गूढ़ या मालूम न हो ऐसा करना, कूट करना. ३ नीचे गिराना।

कूट परितापे परिदाहे च (१०। ३१५, उ०, कूटयति, ते) १ दुःख देना. २ जलाना, दग्ध करना. ३ बुलाना, आमन्त्रण करना. ४ सलाह देना, उपदेश करना।

कूड घनत्वे (६ क्वाचित्कः, प०, कूडति) १ दृढ़ होना, कठिन होना. २ खाना।

कूण संकोचने (१०।१५७, आ०, कूणयते; १०।३१७, उ०, कूणयति, ते) १ संकुचित होना. २ ऐंठना।

कून संकोचने (१०।१५७ पाठा०, आ०, कूनयते) १ संकुचित होना. २ ऐंठना।

कूप अशक्तौ (१० क्वाचित्कः, प०, कूपयति) १ अशक्त होना. २ अशक्त करना. ३ छिपना[1]।

कूर्द क्रीडायाम् (१।१९ पाठा०, आ०, कूर्दते) १ खेलना, क्रीडा करना।

कूल आवरणे (१।३५२, प०, कूलति) १ आच्छादित करना, ढांपना. २ छिपाना। **अनु**—१ अनुकूल होना।

कृञ् हिंसायाम् (५।७, उ०, कृणोति, कृणुते) १ दुःख देना, सताना. २ मार डालना।

कृञ् करणे[2] (८।१०, उ०,

---

१. तु० **कौपीनम् अकार्यम्, कूपमृच्छति** (अष्टा० ५।२।२०)।

२. '**कृञ् करणे**' धातु भ्वादिगण में भी पठित है (द्र० क्षीर० १। ६३६, पुरुषकार पृ० ३४, ३५, पाल्यकीर्ति, हेमचन्द्र, तथा दशपादी उणादि वृत्तिकार प्रभृति)। उसके **करति करते** रूप भी बनते हैं। सायणाचार्य ने ऋ० १।८२।१ के भाष्य में तथा धातुवृत्ति (१६२९ पृष्ठ २३४) में इसके भ्वादिपाठ का खण्डन किया है। भट्टोजिदीक्षित आदि ने सायण का ही अनुसरण किया है। पाणिनि के **तनादिकृञ्भ्य उः** (३।१।७९) सूत्र से प्रतीत होता है कि 'कृञ्' का मूल पाठ भ्वादि में ही था, तनादि में नहीं था, अतएव तनादि से पृथक् 'कृञ्' का ग्रहण किया। तनादि में ही पाठ मानने पर

करोति-कुरुते) १ करना। **अति**—(आ०[1]) १ अधिक करना। **अधि**—(आ०) १ जीतना, बढ़कर होना. २ अधिकार होना, चौकस होना. ३ शान्ति से सहन करना, दूसरे के अनुकूल करना। **अप**-(आ०) १ अपकार करना. २ झूठ बोलना, खराब करना। **आ**—(आ०) १ वेषान्तर करना, भेष बदलना। **उत्**—(आ०) १ मार डालना, मरणोन्मुख करना. २ बटोरना, जमा करना। **उदा**—(आ०) १ दूषण लगाना, छलना। **उप**—(प०) १ उपकार करना। **उपस्**[2]—(उ०) १ पलटना, बदलना। **उपस्**—(प०) १ स्वच्छ करना, संवारना. २ बटोरना, जमा करना. ३ उत्तर देना। **तिरस्**—(प०) १ अपमान करना, घृणा करना, तिरस्कार करना। **दुस्** (**दुष्**)—(प०) १ दुष्कर्म करना, काम खराब करना। **निरा**—(आ०) १ भर्त्सना करना, निन्दा करना, तिनके के समान मानना. २ त्यागना, छोड़ देना, निकाल देना. ३ नष्ट करना, विध्वंसित करना। **परिस्**(**परिष्**)—(प०) १ स्वच्छ करना, शोभित करना। **परा**-(प०) निराकरण करना. २ सदाचारपूर्वक रहना, अच्छी रीति से वर्तना। **प्र**—(आ०) १ प्रारम्भ करना. २ सेवा करना, नौकरी करना. ३ जल्दी करना. ४ बांटना. ५ भंग करना. ६ कहना, बोलना। **प्रति**—(आ०) १ प्रतीकार करना. २ बदला लेना. ३ उपाय करना। **प्रत्युप**—(आ०) १ प्रत्युपकार करना। **वि**—(आ०) १ ढूंढना. २ शब्द करना। **वि**—(प०) १ बदलना, रूपान्तर करना. २ सन्तापित करना, कंपित करना। **व्या**—(आ०) १ स्पष्ट करना, प्रकट करना. २ समझाना। **संस्**--(प०) १ स्वच्छ करना, बटोरना, एकत्र करना। **सु**—(प०) १ अच्छा करना।

कुड घनत्वे(६।६१, प०, कुडति)

कृञ् का पृथक् पाठ व्यर्थ है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने यजुः ३।५८ के भाष्य में लिखा है—'**डुकृञ् करणे**' **इत्यस्य भ्वादिगणान्तर्गतपाठाच्छब्विकरणोऽत्र गृह्यते, तनादिभिः सह पाठाद् उविकरणोऽपि इति**—अर्थात् भ्वादिगण में **डुकृञ् करणे** का पाठ होने से शब्विकरण होता है, और **तनादिकृञ्भ्य उः** (३।१।७९) सूत्र में तनादि के साथ कृञ् का पाठ होने से उविकरण भी होता है।

१. यहां 'आ०'=आत्मनेपद में, 'प०' परस्मैपद में समझें।

२. **उपस् परिस् संस्** निर्देशों में अष्टा० ६।१।१३२ सूत्र वा वार्तिक से होने वाले 'सुट्' का 'सकार' लगा कर रूप दर्शाया है—'उपस्कुरुते, परिष्करोति, संस्करोति' रूप जानने चाहियें।

१ दृढ या कठिन होना. २ जमना, जम जाना ।

कृती छेदने (६।१४४, प०, कृन्तति) १ कतरना, काटना । (७। १०, प०, कृणत्ति) १ घेर लेना, वेष्टित करना ।

कृप अवकल्कने (१०।२१८, उ०, कल्पयति, ते) १ कल्पना करना, विचार करना. २ मिश्रित करना. ३ चित्रित करना, रंगना ।

कृप दौर्बल्ये (१०।२६३, उ०, कृपयति, ते) १ दुर्बल होना ।

कृपू सामर्थ्ये (१।५१२, आ०, कल्पते) १ शक्तिमान् होना, समर्थ होना ।

कृवि हिंसाकरणयोश्च (१।३६४, प०, [1]कृणोति) १ मार डालना. २ कतरना. ३ सताना. ४ दुःखित होना ।

कृवि हिंसाकरणयोश्च (५ क्वाचित्कः, अनिदितश्च, प०, कृविणोति) १ मार डालना. २ सताना, दुःख देना ।

कृश तनूकरणे (४।११७, प०, कृश्यति) १ कृश होना, सूक्ष्म होना।

कृष विलेखने (१।७१६, प०, कर्षति; ६।६, उ०, कृषति, ते) १ कृषिकर्म करना, जोतना, हल चलाना. २ रेखा करना । **अप**— १ स्राव करना, बहाना. २ हल्का या कमीना करना, हीन करना. ३ तिरस्कृत करना, घृणा करना । **अव** — १ तिरस्कृत करना. २ निकालना, उद्धृत करना, बाहर निकालना, ऊपर उठाना । **आ** – १ आकर्षण करना, खींचना : **उत्** —१ उठाना, उद्धृत करना, उठा लेना. २ उत्तेजन देना । **सम्**—१ आकुञ्चित करना, समेटना. **सन्नि**—१ खैंच के समीप में लाना ।

कॄ विक्षेपे(६।११८, प०, किरति) १ फैंक देना । **अप** —१ हल से रेखा करना. २ विरल करना, अलग करना. ३ उड़ाना, फैंकना । **अव**—१फैंकना । **आ** —१ भरना, भर डालना । **प्रति (स्)** १ दुःख देना. २ हिंसा करना । **वि**—१ विरल करना, फैंकना । **सम्**— एकत्र करना, बटोरना । **अभि**— १ उलांघना, गर्तगत होना, नष्ट होना । **उप (स्)**—१ छेदन करना, हिंसा करना ।

कॄ हिंसायाम् (९।२७, प०, कृणाति) १ दुःख देना, मार डालना ।

कॄञ् हिंसायाम् (९।१४, उ०, कृणाति-कृणीते) १ दुःख देना. मार डालना ।

कॄत संशब्दे (१०।१२१, उ०,

---

१. भ्वादि होने पर भी '**धिन्विकृण्व्योरच** (३।१।८०) सूत्र से 'श्नु' विकरण होता है ।

कीर्तयति, ते) १ प्रसिद्ध करना. २ कीर्तित करना ।

केत आमन्त्रणे (१०।३१६पाठा०, उ०, केतयति, ते) १ बुलाना, आमन्त्रित करना. २ सलाह देना ।

केपृ कम्पने (१।२५७, आ०, केपते) १ जाना. २ कंपित होना ।

केला विलासे (११।२६, आ० केलायते) १ क्रीडा करना, खेलना ।

केलृ चलने (१।३६३, प०, केलति) १ जाना. २ कंपित होना ।

केवृ सेवने (१।३३८, आ०, केवते) १ सेवा करना ।

कै शब्दे (१।६५३, प०, कायति) १ शब्द करना, आवाज करना ।

क्नथ हिंसार्थः (१।५४२ पाठा०, प०, क्नथति; १०।२५२ पाठा०, प०, क्नथयति) १ दुःख देना. २ मार डालना ।

क्नसु ह्वरणदीप्त्योः (४।७, प०, क्नस्यति) १ मन से या शरीर से वक्र होना, २ चमकना ।

क्नसि (क्नंस्) दीप्तौ (१ क्वाचित्कः, प०, क्नंसति; १०, प०, क्नंसयति) १ चमकना ।

क्नूञ् शब्दे (९।८, उ०, क्नुनाति-क्नुनीते) १ शब्द करना, आवाज करना ।

क्नूयी शब्दे उन्दे च (१।३२६, आ०, क्नूयते) १ आवाज करना. २ आर्द्र होना, गीला होना, भीगना. ३ दुर्गन्ध आना, बदबू आना ।

क्मर हूर्च्छने (१।३७४, प०, क्मरति) १ शरीर या मन से टेढ़ा होना. २ वञ्चक होना, ठग बनना ।

क्रथ हिंसार्थः (१।५४२, प०, क्रथति; १०।२५२, उ०, क्रथयति, ते) १ मार डालना ।

क्रथ क्रीडायाम् (१० क्वाचित्कः, प०, क्रथयति) १ बार बार क्रीडा करना, आनन्द वा मनोरञ्जन करना ।

क्रद वैक्लव्ये, वैकल्ये वा (१।५२४, आ०, क्रदते) १ दुःखित होना. २ विकल होना. ३ घबरा जाना ।

क्रदि (क्रन्द्) आह्वाने रोदने च (१।५८, प०, क्रन्दति) १ पुकारना, जोर से बुलाना. २ रोना ।

क्रदि (क्रन्द्) वैक्लव्ये वैकल्ये वा (१।५२३, आ०, क्रन्दते) १ घबराना, दुःखी होना ।

क्रन्द सातत्ये (१०।१९६, उ०, आपूर्वक-आक्रन्दयति, ते) १ बुलाना, पुकारना ।

क्रप कृपायां गतौ च (१।५२२, आ०, क्रपते) १ जाना. २ दया करना ।

क्रमु पादविक्षेपे (१।३१९, आ०

क्रमते-क्रम्यते[1])१ निर्भयता से जाना. २ रक्षण करना. ३ बढ़ना, वृद्धिगत होना। **आ**—१ उगना, उदित होना। **उप**—१ प्रारम्भ करना। **वि**—१ पग गिनते जाना। **व्या**—१ अति-क्रमण करना, आज्ञा भंग करना। (प०, क्रामति-क्राम्यति) १ जाना, चलना। **अति**—१ बाहर जाना। **आ**—१ जय पाना, अधिक होना। **उत्**—१ अतिक्रमण करना, आज्ञा भंग करना। **उप**—१ निकल जाना। **निस्**—१ आगे जाना। **परा**—१ पराक्रम करना। **प्र**—१ निकल जाना, समीप आना। **परि**—१ घूमना। **वि**—१ जीतना. २ ऊपर जाना। **सम्**—१ स्थानान्तर करना, अन्य जगह जाना।

क्रीञ् द्रव्यविनिमये (९।१, उ०, क्रीणाति-क्रीणीते) १ खरीदना. २ बदले में लेना. ३ जीतना। **वि**—१ बेचना।

क्रीड़ विहारे (१।२४१, प०, क्रीडति) १ खेलना. २ विहार करना. ३ उपहास करना. ४ मन बहलाना। **अनु**—(आ०) १ खेलना। **आ**—**परि**—**सम्**—(आ०) १ खेलना।

क्रुञ्च गतिकौटिल्याल्पीभावयोः (१।११३, प०, क्रुञ्चति) १ समीप जाना या आना. २ वक्र घूमना या जाना. ३ वक्र होना या करना. ४ अल्प होना या करना।

क्रुड निमज्जने (६।१०३, प०, क्रुडति) १ बालक के समान चेष्टा करना. २ डूबना. ३ खाना ४ दृढ होना।

क्रुथ संक्लेशे (९।४६ पाठा०, प०, क्रुथ्नाति) १ मार डालना।

क्रुन्थ संक्लेशे संश्लेषणे च (९।४६ पाठा०, प०, क्रुथ्नाति) १ दुःखित होना, विह्वल होना. २ चिपक के रहना, सटके रहना।

क्रुध क्रोधे (४।७८, प०, क्रुध्यति) १ क्रोध करना, गुस्सा करना।

क्रुश आह्वाने रोदने च (१।५९५, प०, क्रोशति) १ पुकारना. २ रोना। **अनु**—दया करना। **आ**—१ निन्दा करना, गाली देना। **उप**—१ दाग लगाना, दोष देना। **प्र**—१ जोर से पुकारना।

क्रेवृ सेवने (१।३३८ पाठा०, आ०, क्रेवते) १ लेना, सेवन करना. २ भजना।

क्लथ हिंसार्थः (१।५४२, प०, क्लथति) १ दुःख देना. २ मार डालना. ३ घूमना।

---

[1] अष्टा० ३।१।७० से श्यन् विकरण। परस्मैपदी होते हुए अष्टा० १।३।३८-४३ तक जिन अर्थों में आत्मनेपद होता है, उनका पहले निर्देश किया है, परस्मैपद के अर्थ आगे दिये है।

त्रदि (त्रन्द्) चेष्टायाम् (१।५७, प०, त्रन्दति) १ प्रयत्न करना, उद्यम करना. २ उद्यम में निमग्न रहना।

त्रपूष् (त्रप्) लज्जायाम् (१।२६०, आ०, त्रपते) १ लज्जित होना २ डरना।

त्रस धारणग्रहणवारणेषु (१०।२१०, उ०, त्रासयति, ते) १ पकड़ना. २ हरण करना, जबरन लेना. ३ मना करना, प्रतिबन्ध करना. ४ डराना।

त्रसि (त्रंस्) भाषार्थः, भासार्थो वा १०।२२३, उ०, त्रंसयति, ते) १ बोलना, कहना. २ चमकना।

त्रसी उद्वेगे (४।११, प०, त्रस्यति. त्रसति[1]) १ डरना. २ दौड़ जाना।

त्रुट छेदने (६।८४, प०, त्रुटति, त्रुटयति[2]; १०।१६६, आ०, त्रोटयते) १ कतरना, तोड़ना, टूटना. २ संशय निवारण करना।

त्रुप, त्रुफ, त्रुम्प, त्रुम्फ (१।२८७, प०, त्रोपति, त्रोफति, त्रुम्पति,त्रुम्फति) १ मार डालना, दुःख देना।

त्रैङ् पालने (१।६९२, आ०, त्रायते) १ संरक्षण करना, पोषण करना, बचाना।

त्रौकृ गत्यर्थः (१।७४, आ०, त्रौकते) १ जाना।

त्वक्षू तनूकरणे (१।४३८, प०, त्वक्षति) १ छीलना, रेतना, बारीक करना. २ कृश होना. ३ छाल निकालना।

त्वगि (त्वङ्ग्) गत्यर्थः कम्पने च (१।८८, ९०, प०, त्वङ्गति) १ जाना. २ कांपना हिलना।

त्वच संवरणे (६।१८, प०, त्वचति) १ आच्छादित करना, लपेटना, ढांकना।

त्वच ग्रहणे (नामधातु, प०, त्वचयति[3]) १ ग्रहण करना. २ खाल खींचना. ३ चूंटिया भरना।

त्वञ्चु गत्यर्थः (१।११६, प०, त्वञ्चति) १ जाना।

---

१. अष्टा० ३।१।७० से पक्ष में शप्। २. अष्टा० ३।१।७० से पक्ष में श्यन्।
३. अष्टा० ३।१।२५ से ग्रहण अर्थ में णिच्।

त्वरा संभ्रमे (१।५२५, आ०, त्वरते) १ जल्दी करना. २ जल्दी जाना।

त्विष दीप्तौ (१।७२७, उ०, त्वेषति, ते) १ प्रकाशित होना, चमकना । **अव** – १ रहना. २ देना, दान करना ।

त्सर छद्मगतौ (१।३७३, प०, त्सरति) १ टेढा जाना, कपटपूर्वक जाना, छिपकर जाना ।

थ

थिपृ क्षरणार्थः (१।२५३, आ०, थेपते) १ सींचना. २ थेपना-थोपना ।

थुड संवरणे(६।९६, प०, थुडति) १ आच्छादित करना, लपेटना, ढांकना।

थुर्वी हिंसार्थः (१।३८२, प०, थूर्वति) १ मार डालना, दुःख देना।

थेपृ क्षरणार्थः (१।२५३, आ०, थेपते) १ सींचना. २ थोपना. ३ नई वस्तु चढाकर असली वस्तु को छिपाना ।

द

दंश दशने (१।७१५, प०, दशति)१ डसना. २ दांतों से काटना।

दक्ष वृद्धौ शीघ्रार्थे च (१।४०३, आ०, दक्षते) १ समृद्ध होना. २ शीघ्र कार्य करना. ३ चतुर (=दक्ष) होना।

दक्ष गतिहिंसनयोः (१।५७१, आ०, दक्षते) १ जाना. २ मार डालना।

दघ घातने पालने च (५।२८, प०, दघ्नोति) १ मारना, दुःख देना. २ संरक्षण करना, पोषण करना ।

दघि (दङ्घ्) पालने (क्षीर० १।९४, प०, दङ्घति) १ त्याग करना, छोड़ देना. २ पालन करना, रक्षा करना ।

दण्ड दण्डनिपातने (१०।३५४, उ०, दण्डयति, ते) १ शासन करना, दण्ड देना ।

दद दाने (१।१६, आ०, ददते) १ दान करना, देना. २ त्याग करना।

दध धारणे (१।७, आ०, दधते) १ धारण करना. २ पालन करना. ३ देना, अर्पण करना ।

दभ क्षेपे(क्षीर० १०।१२१, उ०, दाभयति, ते)१ निन्दा करना. २ आज्ञा करना ।

दभि (दम्भ्) क्षेपे (क्षीर १०। १२१, उ०, दम्भयति, ते) १ निन्दा करना, २ आज्ञा करना ।

दमु उपशमे (४।९३, प०, दाम्यति) १ शान्त करना. २ दमन करना. ३ जीतना, स्वाधीन करना. ४ सुलह करना ।

दम्भु दम्भने (५।२३, प०, दम्नोति) १ ठगना, वञ्चना करना, ढोंग करना. २ चीरना, फाड़ना, तोड़ना ।

दय दानगतिरक्षणहिंसादानेषु (१।३२२, आ०, दयते) १ दान देना, इनाम देना, देना. २ लेना. ३ जाना ४ पालन करना, सम्भालना, दया करना. ५ मार डालना, दुःख देना ।

दरिद्रा दुर्गतौ (२।६६, प०, दरिद्राति) १ दरिद्री होना. २ दुःखित होना. ३ कृश होना ।

दल विशरणे विदारणे च (१।३६६, प०, दलति; १०।२२२, उ०, दालयति, ते) १ कुम्हलाना, म्लान होना. २ चीरना, फाड़ना, टुकड़े करना ।

दवि (दन्व) गत्यर्थः (क्षीर० १।३६३ सूत्रे, प०, दन्वति) १ जाना, स्थानान्तर करना ।

दशि (दंश्) दंशनदर्शनयोः (१०।१४५, आ०, दंशयते) १ डसना, काटना, दंश मारना. २ देखना ।

दशि (दंश्) भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, दंशयति, ते) १ चमकना, डंक मारने के समान बोलना । **उप**— १ संकट में पड़ना । **सम्**— १ नोचना ।

दस, दसि (दंस्) दंशनदर्शनयोः (१०।१४६, आ०, दासयते, दंसयते) १ देखना. २ काटना, डसना ।

दसि (दंस्) भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, दंसयति, ते) १ चमकना. २ बोलना, कठोर बोलना ।

दसु उपक्षये (४।१०३, प०, दस्यति) १ नष्ट होना, २ नष्ट करना ।

दह भस्मीकरणे (१।७१७, प०, दहति) १ जलाना. २ नष्ट करना. ३ दुःख देना. ४ दग्ध करना । **परि**— १ पूरी तरह जला देना ।

दहि (दंह्) रक्षणे (क्षीर० १०।११५, पाठा०, प०, दंहयति) १ रक्षा करना ।

दाञ् दाने (३।६, उ०, ददाति-दत्ते) १ देना. २ सौंपना. ३ लौटाना. ४ रखना । **आ**— १ लेना, अंगीकार करना । **परि**— १ देना, सौंपना. २ ऋण देना. ३ पुकार देना । **प्र**— १ देना । **व्या**— १ उघाड़ना, खोलना । **समा**— १ पसन्द करके लेना ।

दाण् दाने (१।६६४, प०, यच्छति[1]) १ अर्थ 'दाञ् दाने' के समान ।

दान खण्डने (१।७२०, उ०,

---

१. **पाघ्राध्मास्थाम्नादाण्०** (अष्टा० ७।३।७८) से यच्छ आदेश ।

दानति,ते; आर्जवे—सन्[1], उ०,दीदांसति, ते) १ खण्डन करना, तोड़ना. २ सीधा करना, सरल करना ।

दाप् लवने (२।५२, प०, दाति) १ काटना, कुतरना, तोड़ना ।

दायृ दाने (१।६२२ पाठा०, क्षीर० उ०, दायति, ते) १ देना, दान देना, पारितोषिक देना ।

दाशृ दाने (१।६२२, उ०, दाशति, ते; क्षीर० १०।१२५, आ०, दाशयते) १ देना. २ आहुति देना ।

दाशृ हिंसायाम् (५।३०, प०, दाश्नोति) १ मार डालना, दुःख देना ।

दासृ दाने (१।६३५, उ०, दासति, ते) १ देना, सौंपना ।

दिवि (दिन्व्) प्रीणनार्थः (१। ३६२, प०, दिन्वति) १ प्रसन्न होना या करना, आनन्दित करना या होना ।

दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु (४। १, प०, दीव्यति) १ लेना, क्रीडा करना. २ जीतने की इच्छा करना. ३ व्यापार करना, क्रय-विक्रय करना, खरीदना,बेचना. ४ तेजस्वी होना,चमकना. ५ प्रशंसा करना, स्तुति करना. ६ आनन्द करना, प्रसन्न होना या करना. ७ भूल जाना, गर्व आदि मनोविकार से दिवाना होना. ८ सो जाना, निद्रित होना. ९ चाहना, प्रीति करना. १० जाना ।

दिवु मर्दने (१०।१९३, उ०, देवयति, ते) १ मर्दन करना, पीस डालना, पीडा देना ।

दिवु परिकूजने (१०।१७५, आ०, देवयते) १ दुःखी होना, शोक करना. रोना, आक्रोश करना ।

दिश अतिसर्जने (६।३, उ०, दिशति, ते) १ दिखाना, समझाना. २ आज्ञा करना. ३ कहना, बोलना. ४ देना, पारितोषिक देना । **अप**—१ वेषान्तर करना । **आ**—१ आज्ञा करना. २ देखना. ३ बुलाना । **उत्**—१ प्रसिद्ध करना, प्रकट करना. २ दिखाना । **उप**—१ उपदेश करना । **निर्**—१ समझाना, विस्तारपूर्वक कहना. २ जोर से बोलना । **प्र**—१ नियत करना, मुकर्रर करना । **प्रतिसम्**—१ पीछे लौटाना, पीछे देना । **व्यप**—१ बहाना करना । **विनिर्**—१ साफ साफ कहना । **सम्**—१ स्पष्ट करना, दिखाना. २ खबर देना । **समा**—१ मान्य करना । **समुप**—१ दूर की वस्तु उङ्गली से दिखाना ।

---

[1] अष्टा० ३।१।६ सूत्र से ।

दिह् उपचये (२।५, उ०, देग्धि-दिग्धे) १ बढ़ना, जमाना. २ लीपना, पोतना ।

दीक्ष मौण्ड्येज्योपनयननियमव्रतादेशेषु (१।४०४, आ०, दीक्षते) १ क्षौर करना, मुण्डन करना. २ यज्ञ करना. ३ दीक्षा देना, उपदेश देना, उपनयन करना. ४ आत्म-निग्रह करना. ५ धर्म सिखाना. ६ आदेश देना ।

दीङ् क्षये (४।२४, आ०, दीयते) १ ह्रास होना, झरना ।

दीधीङ् दीप्तिदेवनयोः (२।६६, आ०, दीधीते) चमकना, प्रकाशित होना. २ खेलना, क्रीडा करना ।

दीपी दीप्तौ (४।४१, आ०, दीप्यते) १ प्रकाशित होना, चमकना ।

दु गतौ (१।६७७, प०, दवति) १ जाना ।

दु उपतापे (५।१०, प०, दुनोति) १ दुःख भोगना. २ जलना. ३ तप्त करना, जलाना ।

दुःख तत्क्रियायाम् (१०।३५७, उ०, दुःखयति, ते; ११।१५, प०, दुःख्यति) १ दुःख देना, छल करना ।

दुर्वी हिंसार्थः (१।३८२, प०, दूर्वति) १ दुःख देना, सताना ।

दुल उत्क्षेपे (१०।६७, उ०, दोलयति, ते) १ उचकना, उठाना, फैंकना. २ डोलना, हिलना. ३ झूला झुलाना ।

दुवस् परितापपरिचरणयोः (११।३४, प०, दुवस्यति) १ पीड़ित होना या करना. २ सेवा करना, परिचर्या करना ।

दुष वैकृत्ये (४।७४, प०, दुष्यति) १ दुष्टाचरण करना, दुष्ट रीति से वर्तना. २ दूषित होना । **प्र**— १ प्रसिद्ध होना, प्रकट होना ।

दुह प्रपूरणे (२।४, उ०, दोग्धि, दुग्धे) १ दूध निकालना, दोहना. २ रिक्त करना. ३ लेना. ४ खेंचना ।

दुहिर् (दुह्) अर्दने (१।४६१, प०, दोहति) १ पीड़ा करना, दुःख देना. २ हिंसा करना, मार जलाना ।

दूङ् परितापे (४।२३, आ०, दूयते) १ दुःख से जर्जर होना, दुःख सहन करना. २ दुःख देना, पीड़ा करना ।

दूष वैकृत्ये (४।७४ पाठा०, प०, दूष्यति) १ दूषित होना, दूषित करना ।

दृ हिंसायाम् (५।३०, प०, दृणोति) १ दुःख देना, मार डालना ।

दृङ् आदरे (६।१२०, आ०, आ—आद्रियते) १ सत्कार करना ।

दृप हर्षमोहनयोः (४।८५, प०, दृप्यति) १ आनन्दित होना, प्रसन्न होना. २ मोहित होना. ३ गर्वित होना ।

दृप उत्क्लेशे (६।२६, प०, दृपति) १ पीडा करना, दुःख देना।

दृप संदीपने (१०।२४५, उ०, दर्पयति, ते; दर्पति[1]) १ उजाला करना।

दृफ उत्क्लेशे (६।२८, प०, दृफति) १ पीडा करना, दुःख देना।

दृभी ग्रन्थे (६।३४, प०, दृभति) १ पीडा करना, दुःख देना. २ रचना, गूंथना।

दृभी भये (१०।२४६, उ०, दर्भयति, ते; दर्भति[1]) १ डरना. २ सम्बन्ध लगाना, सन्दर्भ लगाना।

दृम्प दृम्फ उत्क्लेशे (६।२६, प०, दृम्पति, दृम्फति) १ पीडा करना, दुःख देना।

दृशिर् (दृश्) प्रेक्षणे (१।७१४, प०, पश्यति[2]) १ देखना। **उत्**— १ ऊपर देखना. २ भविष्यद्विचार करना. ३ संशय करना, शंका करना।

दृह दृहि (दृंह्) वृद्धौ (१।४८८, प०, दर्हति, दृंहति) १ बढ़ना, वृद्धिगत होना।

दृ विदारणे (६।२२, प०, दृणाति) १ चीरना, फाड़ना, टुकड़े टुकड़े करना।

देङ् रक्षणे (१।६८६, आ०, दयते) १ संरक्षण करना, पोषण करना।

देवृ देवने (१।३३६, आ०, देवते) १ खेलना, क्रीडा करना।

दैप् शोधने (१।६५८, प०, दायति) १ शुद्ध करना।

दो अवखण्डने (४।३६, प०, द्यति) १ कतरना, विभाग करना।

द्यु अभिगमने (२।३३, प०, द्यौति) १ शत्रु पर आक्रमण करना. २ आगे जाना, समीप जाना।

द्युत दीप्तौ (१।४६३, आ०, द्योतते) १ चमकना, प्रकाशित होना।

द्यै न्यक्करणे (१।६४५, प०, द्यायति) १ धिक्कार करना, तिरस्कार करना।

द्रम गतौ (१।३१५, प०, द्रमति) १ जाना।

द्रा कुत्सायां गतौ (२।४७, प०, द्राति) १ भाग जाना. २ लज्जित होना, शरमाना. ३ निन्दा करना, दोष लगाना. ४ उड़ जाना।

द्राक्षि(द्राङ्क्ष्) घोरवासिते काङ्क्षायाञ्च (१।४५०, प०, द्राङ्क्षति) १ कांव कांव शब्द करना. २ इच्छा करना, चाहना।

द्राखृ शोषणालमर्थ्ययोः (१।८६,

---

१. **आधृषाद्वा** (१०।२३०) नियम से णिच् के अभाव में शप्।

२. **पाघ्राध्मा०** (अष्टा० ७।३।७८) से 'पश्य' आदेश।

प०, द्राखति) १ सूख जाना, शुष्क होना. २ संवारना, शोभित करना. ३ शक्तिमान् होना. ४ निषेध करना, मना करना. ५ तृप्त करना।

द्राघृ सामर्थ्ये आयामे च (१।७८, ७६, आ०, द्राघते) १ शक्तिमान् होना. २ लम्बा करना, तानना।

द्राड़ृ विशरणे (१।१८५, आ०, द्राडते) १ चीरना, फाड़ना, टुकड़े टुकड़े करना. २ कुचल देना।

द्राहृ निद्राक्षये निक्षेपे च (१।४२६, आ०, द्राहते) १ जगना, जागृत रहना. २ गिरवी रखना।

द्रु गतौ (१।६७७, प०, द्रवति) १ जाना. अनुसरण करना। **अभि**—१ तैरना। **आ**—१ भाग जाना, विमुख होना। **वि**—१ मार डालना. २ भाग जाना। **समा**—१ एकत्र होकर भागना। **समुप**—१ भेंटना, मिलाप होना. २ भाग जाना।

द्रुण् हिंसागतिकौटिल्येषु (६।४६, प०, द्रुणति) १ पीडा करना, दुःख देना २ समीप आना या जाना. ३ टेढ़ा करना, वक्र होना।

द्रुह जिघांसायाम् (४।८६, प०, द्रुह्यति) १ द्वेष करना, मारने के लिये प्रयत्न करना।

द्रूञ् हिंसायाम्[1] (६।६, उ०, द्रूणाति, द्रूणीते) १ जाना, स्थानान्तर करना. २ चोट पहुंचाना, मार डालना।

द्रेकृ शब्दोत्साहयोः (१।६४, आ०, द्रेकते) १ शब्द करना, आवाज करना, २ बढ़ना, वृद्धिगत होना. ३ बडप्पन या आनन्द प्रकट करना।

द्रै स्वप्ने (१।६४६, प०, द्रायति, नि–निद्रायति) १ सोना, नींद लेना।

द्विष अप्रीतौ (२।३, उ०, द्वेष्टि, द्विष्टे) १ मत्सर करना, द्वेष करना, शत्रुता करना।

द्वृ वरणे[2] (क्षीर० १।६६६, प०, द्वरति) १ स्वीकार करना, अपनाना. २ आच्छादित करना. ३ रोकना. ४ अनादर करना।

ध

धक्क नाशने (१०।६२, उ०, धक्कयति,ते) १ नष्ट करना. २ हटाना, धक्का देना।

धण शब्दे (१।३०४, प०, धणति) १ शब्द करना।

---

१. हन्तेर्गतिः हिंसा चार्थः।

२. इस धातु के विषय में क्षीरतरङ्गिणी (रा० ला० क० ट्र० संस्क०) पृष्ठ १३६ टि० २ देखना चाहिये।

धन धान्ये (३।२१, प०, दधन्ति) १ उत्पन्न करना, पैदा करना. २ फलना, बौर लगना।

धवि (धन्व्) गत्यर्थः (१।३६३, प०, धन्वति) १ जाना, स्थानान्तर करना।

धाञ् धारणपोषणयोः (३।१०, उ० दधाति, धत्ते) १ धारण करना, पहनना. २ पोषण करना, रक्षण करना. ३ देना[1], दान करना. ४ पास रखना। **अनुसम्**—१ अनुसंधान करना. २ ढूंढना। **अपि**—१ आच्छादन करना, ढांकना। **अभि**—१ प्रसिद्ध करना, प्रकट करना. २ दिखाना. ३ बोलना, कहना, सम्भाषण करना। **अभिसम्**—१ जीतना, पराजय करना। **सम्–अव**—१ सावधान रहना. २ ध्यान देना। **आ**—१ स्वीकार करना, अंगीकार करना. २ करना. ३ स्थापित करना। **उप**—१ सहायता करना। **नि**—१ ऊपर लेना, ऊपर करना. २ बीच में या ऊपर स्थापन करना. ३ उत्पन्न होना, पैदा होना. ४ धरना, धारण करना। **परि**—१ वस्त्रादि धारण करना, परिधान करना। **प्र**—१ मुख्य होना, प्रथम होना. २ प्रेरणा करना, भेज देना। **प्रणि**—१ धारण करना. २ स्वीकार करना, मान्य करना. ३ श्रेष्ठ पदवी पर चढ़ना. ४ गुप्त रहना, छिपकर रहना। **प्रतिवि**—१ प्रतिकार करना, निवारण करना। **वि**—१ कहना, धर्म सम्बन्धी कार्य करना. ३ पसन्द करना. ४ पूरा करना, पूर्ण करना. ५ आज्ञा करना. ६ वचन देना. ७ देना। **व्यव**—१ छिपाना। **सम्**—१ स्थापन करना, रखना. २ एकत्र करना, बटोरना. ३ लक्ष्य वेध करना, निशाना लगाना। **सम्प्र—प्रतिसम्**—१ चर्चा करना, वाद विवाद करना। **समा**—१ समाधान करना. २ सिखाना। **सन्नि**—१ समीप रखना, समीप आना।

धावु गतिशुद्धयोः (१।३६७, उ०, धावति, ते) १ जाना. २ भागना. ३ स्वच्छ करना, मलरहित करना, धोना. ४ स्वच्छ होना। **अनु**—१ जाना, समझना. २ पीछे पीछे भागना। **अभि**—१ समीप आना या जाना। **आ**—१ उतरना नीचे उतरना। **परि**—१ जल्द भागना। **वि**—१ प्रोक्षण करना, सींचना। **समुप**—१ भेंट के लिये दौड़ना।

धि धारणे (६।१६५, प०, धियति) १ पास रखना या होना. २ युक्त होना।

धिक्ष सन्दीपनक्लेशनजीवनेषु (१।३६८, आ०, धिक्षते) १ प्रदीप्त करना, जलाना. २ जीना, जीता रहना.

---

[1] 'डुदाञ् दानधारणयोः' प्राचीनः पाठः।

३ श्रान्त होना, थक जाना, नाक मे दम आना ।

धिवि (धिन्व्) प्रीणनार्थः (१।३९२, प०, धिनोति[1]) सन्तुष्ट होना या करना, प्रसन्न होना या करना. २ समीप जाना या आना ।

धिष शब्दे(३।२०, प०, दिधेष्टि) १ शब्द करना ।

धीङ् आधारे (४।२६, आ०, धीयते) १ धारण करना, आधारभूत होना. २ उपेक्षा करना । **अन्तर्**— १ गुप्त होना, छिप जाना ।

धुञ् कम्पने (५।६, उ०, धुनोति, धुनुते) १ कांपना, हिलना, हिलाना ।

धुक्ष सन्दीपनक्लेशनजीवनेषु (१।३९८, आ०, धुक्षते) १ प्रदीप्त करना, जलाना. २ जीना. ३ श्रान्त होना या थक जाना ।

धुर्वी हिंसार्थः (१।३८२, प०, धूर्वति) १ मार डालना या दुःख देना ।

धू विधूनने (६।१०६, प०, धुवति) १ कम्पित करना, कांपना ।

धूञ् कम्पने (५।६ पाठा०, उ०, धूनोति-धूनुते; ९।१६, उ०, धुनाति-धुनीते; १०।२६२, उ०, धावयति, ते, धूनयति[2], ते ; धवति-धवते[3]) १ कम्पाना, कम्पित होना, हिलाना, क्षोभित करना । **अव**—(धूनयति) १ नष्ट करना. २ जाना । **वि**— १ प्रकम्पित करना, क्षोभित करना ।

धूप संतापे (१।२८०, प०, धूपायति[4]) १ गरम करना, तपाना ।

धूप भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, धूपयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना, सम्भाषण करना ।

धूरी हिंसागत्योः (४।४४, आ०, धूर्यते) १ मार डालना या दुःख देना. २ समीप जाना या आना ।

धूश धूष धूस कान्तिकरणे (१०।१०८, १०७, १०६, उ०, धूशयति, ते; धूषयति, ते; धूसयति, ते) १ शोभित होना, शृंगारयुक्त होना, अलंकृत होना ।

धृङ् अवध्वंसने (१।६८७, आ०, धरते) १ गिर पड़ना. २ नष्ट होना ।

धृङ् अवस्थाने (६।१२१, आ०, ध्रियते) १ रहना, स्थिर रहना. २ धारण करना, पास रखना, युक्त होना ।

धृज धृजि (धृञ्ज्) गतौ (१।

---

१. अष्टा० ३।१।८० सूत्र से 'उ' विकरण ।

२. नुक् पक्ष में । द्र० धातुवृत्ति क्षीर० १०।२२४ ।

३. आधृषाद्वा (१०।३३०) से पक्ष में शप् ।

४. गुपूधूप० (अष्टा० ३।१।२८) सूत्र से आय प्रत्यय ।

१३२, प०, घर्जति-धृञ्जति) १ जाना, स्थानान्तर होना ।

धृञ धारणे (१।६४१, उ०, धरति, ते; १० क्वाचित्कः, उ०, धारयति, ते) १ धारण करना । **अव—निर्**—१ सत्य करके दिखाना ।

धृष प्रहसने (१०।२७७, उ०, धर्षयति, ते; धर्षति[1]) १ जीतना, पराभव करना. २ अधीर होना, घबरा जाना ।

धृषा प्रागल्भे (५।२२, प०, धृष्णोति) १ गर्व करना, अपने को बड़ा समझना ।

धॄ विदारणे (९।२३, प०, धृणाति) १ नष्ट करना, टुकड़े करना ।

धेट् पाने (१।६४३, प०, धयति) १ प्राशन करना, पीना ।

धोऋ गतिचातुर्ये (१।२७२, प०, धोरति) १ अच्छी रीति से गमन करना, चतुराई से चलना. २ जल्दी चलना ।

ध्मा शब्दाग्निसंयोगयोः (१।६६१, प०, धमति[2]) १ फूंकना, मुंह से वंशी आदि वाद्य बजाना. २ आग सुलगाना. ३ आग लगाना. ४ प्रदीप्त करना, जलाना ।

ध्यै चिन्तायाम् (१।६४८, प०, ध्यायति) १ ध्यान करना, चिन्तन करना, मनन करना, विचार करना । **नि**—१ शोधना, ढूंढना ।

ध्रज ध्रजि (ध्रञ्ज्) गतौ (१।१३२, प०, ध्रजति, ध्रञ्जति) १ जाना, स्थानान्तर होना ।

ध्रण शब्दे (१।३१०, प०, ध्रणति) १ वाद्यादिकों का शब्द करना, बाजा बजाना ।

ध्रस उञ्छे (९।५५, प०, ध्रस्नाति; १०।२११, उ०, ध्रासयति, ते) १ बीनना, एक एक करके चुगना. २ ऊपर फेंकना, उड़ा देना ।

ध्राक्षि (ध्राङ्क्ष्) घोरवासिते काङ्क्षायाञ्च (१।४५०, प०. ध्राङ्क्षति) कौवे के समान कांव कांव शब्द करना. २ चाहना ।

ध्राखृ शोषणालमर्थयोः (१।८६, प०, ध्राखति) १ शुष्क होना, सूखना. २ संवारना, सजाना, श्रृंगार करना, शोभित करना ३ मना करना, निषेध करना, निवारण करना. ४ पूरा करना, पूर्ण करना ।

ध्राघृ सामर्थ्ये (१।७८, आ०, ध्राघते) १ योग्य होना, समर्थ होना ।

ध्राडृ विशरणे (१।१८५, आ०, ध्राडते) १ चीरना, टुकड़े करना, फाड़ना ।

ध्रुव गतिस्थैर्ययोः (६।१०८,

---

१. आधृषाद्वा (१०।२३०) से पक्ष में शप् ।

२. पाघ्राध्मा० (अष्टा० ७।३।७८) से 'धम' आदेश ।

१०६, प०, ध्रुवति) १ अचल होना, स्थिर होना. २ जाना, गमन करना ।

ध्रु स्थैर्ये (१।६७६, प०, ध्रुवति) १ अचल होना, स्थिर होना ।

ध्रेकृ शब्दोत्साहयोः (१।६४, आ०, ध्रेकते) १ शब्द करना, आवाज करना. २ बढ़ना, बहुत होना. ३ हर्षित होना, आनन्दित होना. ४ बडप्पन प्रकट करना, बड़ाई करना ।

ध्रै तृप्तौ (१।६४७, प०, ध्रायति) १ तृप्त होना, सन्तुष्ट होना ।

ध्वंसु अवस्रंसने गतौ च (१। ५०४, ५०५, आ०, ध्वंसते) १ चूर्ण होना या करना. २ जाना. ३ नीचे गिरना. **वि**—१ नष्ट होना ।

ध्वज ध्वजि (ध्वञ्ज्) गतौ (१। ३३२, प०, ध्वजति, ध्वञ्जति) १ जाना, स्थानान्तर करना ।

ध्वण शब्दार्थः (१।३०३, प०, ध्वणति) १ शब्द करना, आवाज करना ।

ध्वन शब्दे (१।५५६, ५७१, प०, ध्वनति; १०।३१४, उ०, ध्वनयति, ते; ध्वानयति[१], ते) १ शब्द करना, आवाज करना ।

ध्वाक्षि (ध्वाङ्क्ष्) घोरवासिते काङ्क्षायाञ्च (१।४५०, प०, ध्वाङ्क्षति) १ कांव कांव शब्द करना. इच्छा करना, चाहना ।

ध्वृ हूर्छने (१।६७२, प०, ध्वरति) १ टेढ़ा करना, नवाना, वक्र करना. २ मार डालना. ३ वर्णन करना ।

न

नक्क नाशने (१०।६२, उ०, नक्कयति, ते) १ उच्छेद करना, नष्ट करना ।

नक्ष गतौ (१।४४२, प०, नक्षति, प्र—प्रणक्षति) १ जाना, समीप जाना या आना, पहुंचना ।

नख नखि (नङ्ख) गत्यर्थों (१।८८, प०, नखति, नङ्खति; **प्र**—प्रणखति, प्रणङ्खति) १ जाना, स्थानान्तर करना ।

नजी व्रीडायाम् (क्षीर० ६।१२ पाठा०, आ०, नजते) १ लज्जित होना ।

नट नृतौ (१।२०३, ५३०, प०, नटति) १ नत्य करना, नाचना ।

नट अवस्यन्दने (१०।१३, उ०, नाटयति, ते) १ नीचे गिरना, झरना, बहना. २ दिखाना । **अवस्पन्दने**—१ कम्पित होना, हिलना, धीरे धीरे सरकना ।

---

१. नान्ये मितोऽहेतौ (१०।६७) वचन से 'मित्' संज्ञा न होने पर ह्रस्व नहीं होगा ।

नट भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, नाटयति, ते) १ चमकना, २ अभिनय करना।

नड अवस्यन्दने (क्षीर० १०।१२ पाठा०, उ०, नाडयति, ते) १ गिरना, पतन होना।

नद अव्यक्ते शब्दे (१।४४, प०, नदति) १ शब्द करना, आवाज करना। **प्र— समुद्**– १ घण्टा या पशु के समान आवाज करना। **व्यनु**— १ निनादित करना, शब्दों से भर देना।

नद भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, नादयति, ते) १ चमकना. २ शब्द करना।

नदि (नन्द्) समृद्धौ (१।५५, प०, नन्दति) १ आनन्द पाना. २ वृद्धि होना, बढ़ती होना। **आ** - १ सुखी होना, आनन्दित होना। **अभि**— १ इच्छा करना, चाहना. २ प्रशंसा करना, स्वीकार करना। **प्रति**— १ उपकार मानना, धन्यवाद करना।

नभ हिंसायाम् (१।५०३, आ०, नभते, **प्र**— १ प्रणभते; ४।१२७, प०, नभ्यति; ९।५२, प०, नभ्नाति) १ नष्ट होना. २ दुःख देना या मार डालना।

नम प्रह्वत्वे शब्दे च (१।७०८, प०, नमति) १ नमस्कार करना, वन्दना करना, सम्मान देना, नमना. २ शब्द करना। **अव**— **सम्**– **आ**— **प्र**— १ नमस्कार करना। **उत्**— १ खड़ा करना. २ ऊपर उठाना। **णिच्**— (नमयति, नामयति[1]) नमाना, झुकाना।

नय गतौ (१।३२०, आ०, नयते, **प्र**—प्रणयते) १ जाना, हिलना, पहुचना. २ संरक्षण करना।

नर्द शब्दे (१।४४, प० नर्दति, **प्र**—प्रणर्दति) १ शब्द करना।

नल गन्धे बन्धने च (१।५७९, प०, नलति, प्र—प्रणलति) १ सूंघना, बास आना. २ बांधना।

नल भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२५, उ०, नालयति, ते) १ चमकना. २ बोलना।

नश अदर्शने (४।८३, प०, नश्यति प्र—प्रणश्यति) १ खो जाना, नष्ट होना, दिखाई नहीं देना।

नस कौटिल्ये (१।४१७, आ०, नसते, प्र—प्रणसते) १ टेढ़ा होना, वक्र होना, नम जाना।

नह बन्धने (४।५५, उ०, नह्यति, ते; **प्र**—प्रणह्यति, ते) १ बांधना, अड़ाना। **सम्**— १ शस्त्र धारण करना, कवच पहनना। **उप**— १ लपेटना। **नि**—कस कर बांधना। **अभि**—सब ओर से बांधना।

---

१. धातूसूत्र १।५६१ से विकल्प से मितसंज्ञा।

नहि (नंह्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, नंहयति, ते) १ चमकना. २ बोलना ।

नाथृ याच्ञोपतापैश्वर्याऽऽशीःषु (१।६, उ०, नाथति, ते[1]) १ याचना करना, मांगना. २ रोगी होना, बीमार होना. ३ श्रीमान् होना। आशीर्वादे -- (आ०, नाथते[2]) १ आशीर्वाद देना, स्वस्तिवाचन करना ।

नाधृ याच्ञोपतापैश्वर्याऽऽशीःषु(१।६, आ०, नाधते) १ याचना करना. २ रोगी होना. ३ श्रीमान् होना. ४ आशीर्वाद देना ।

नासृ शब्दे (१।४१६, आ०, नासते, प्र—प्रणासते) १ खुर्राटा मारना, घर्राटा मारना, नाक खरखराना ।

निक्ष चुम्बने (१।४४१, प० निक्षति, प्र—प्रणिक्षति) १ चुम्बन लेना, चूमना ।

निजि (निञ्ज्) शुद्धौ (२।१८, आ०, निङ्क्ते, प्र—प्रणिङ्क्ते) १ स्वच्छ करना, निर्मल करना ।

णिजिर् (निज्) शौचपोषणयोः (३।११, उ०, नेनेक्ति, नेनिक्ते) १ शुद्ध करना, स्वच्छ करना. २ पालना ।

णिदि (निन्द्) कुत्सायाम् (१।५४, प०, निन्दति, प्र—प्रणिन्दति) १ निन्दा करना, दोष लगाना, धिक्कारना ।

णिदृ कुत्सासन्निकर्षयोः (१।६१२ उ०, नेदति, ते; प्र--प्रणेदति,ते) १ दोष लगाना, निन्दा करना. २ समीप जाना या पहुंचना ।

णिल गहने (६।७०, प०, निलति, प्र — प्रणिलति) १ कुछ का कुछ समझना. २ घना होना. दृढ होना, जमना. ३ छिप जाना ।

णिवि (निन्व्) सेचने सेवने च (१।३६१, प०, निन्वति, प्र— प्रणिन्वति) १ भिगोना, गीला करना, सींचना. २ सेवन करना ।

निवास आच्छादने (१०।३१०, उ०, निवासयति, ते) १ आच्छादित करना, लपेटना. २ ठहराना ।

णिश समाधौ(१।४७८,प०,नेशति, प्र--प्रणेशति) १ शान्ति से विचार करना, मनन करना, ध्यान लगाना ।

णिष प्रापणे (१ क्वाचित्कः[3],

---

१. आत्मनेपदिषु पाठे सत्यपि आशिषि नाथः (१।३।२१) वार्तिकेनाशिषि आत्मनेपदविधानादन्येष्वर्थेष्वस्य परस्मैपदित्वं ज्ञेयम् ।

२. आशिषि नाथः (१।३।२१ वा०) से आशीः अर्थ में आत्मनेपद ।

३. धात्वन्तरं नेषतिः, कथं ज्ञायते ? नेषतु नेष्टादिति दर्शनात् । महा० ३।२।१३५ ।

प०, नेषति) १ प्राप्त करना, ले जाना।

निष्क परिमाणे (१०।१५५, आ०, निष्कयते) १ मापना, तोलना, गिनना।

निसि (निंस्) चुम्बने (२।१७, आ०, निंस्ते) १ चूमना।

णीञ् प्रापणे (१।६४२, उ०, नयति, ते) १ पहुंचाना, प्राप्त होना. २ मार्ग दिखाना. ३ पाना, मिलना. ४ ले जाना। **अनु**—१ याचना करना, मांगना. २ नकल करना, कृपा करना। **अप**—१ ले जाना, हरण करना. २ आकर्षण करना, खींचना। **अभि**—१ चिह्नों से दिखाना, संकेत करना, अभिनय करना. २ कृपालु होना। **आ**—१ लाना। **उत्**—(आ०) १ ऊपर करना, ऊपर उठाना। **उप**—१ समीप ले जाना, (आ०) १ उपनयन संस्कार करना. २ मजदूरी देकर समीप ले जाना। **दुर्**—बुरी रीति से बर्तना। **निर्**—१ प्राप्त होना, मिलना, पाना. २ ठहराना, निश्चय करना **परि** १ विवाह करना. २ ढूंढना। **प्र** १ शिक्षा करना. २ प्रीति करना दुलारना, प्यार करना, चापलूसी करना। **वि** १ ले जाना. २ नम्र होना, विनय करना. (आ०) १ ऋण चुकाना, ऋण देना २ धर्म के लिये व्यय करना। **व्यप**—१ विरल होना, फैलाना। **विनिर्**—१ न्याय से विचार करना, न्याय करना। **सम्**—१ एकत्र करना, बटोरना। **समनु**—१ प्रार्थना करना। **समा**—१ एकत्र करना, बटोरना।

नीच दास्ये[1] (११।१३, प०, नीच्यति) १ दासत्व करना।

नील वर्णे (१।३४६, प०, नीलति, प्र—प्रणीलति) १ रंगना. २ रंगाना. ३ नीलरंग लगाना।

नीव स्थौल्ये (१।३८०, प०, नीवति, प्र—प्रणीवति) १ मोटा होना, तुंदिल होना।

नु स्तुतौ (२।२७, प०, नौति, प्र—प्रणौति) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना। **आ**—(आनुते[2]) १ दुःख से रोना।

नुद प्रेरणे (६।२, उ०, नुदति, ते; ६।१३५, प०, नुदति) १ भेजना, प्रेरणा करना. २ जाना। **अप**—१ दूर करना। **निर्** १ बाहर फेंकना, त्याग करना. २ स्वीकार करना, मान्य करना। **वि**—१ प्रसन्न करना। **सम्**—१ हांकना, चलाना।

---

१. नीचदास्ये इति पाठान्तरे 'नीच' इति पृथग् पदच्छेदे धात्वन्तरम्।

२. आङि नुप्रच्छ्योरुपसंख्यानम् (१।३।२१वा०) इति वार्तिकेन आत्मनेपदम्।

नू स्तवने (६।१०५, प०, नुवति) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना ।

नृती गात्रविक्षेपे (४।१०, प०, नृत्यति) १ नाचना, नृत्य करना ।

नॄ नये (६।२६, प०, नृणाति) १ ले जाना ।

नेदृ कुत्सासन्निकर्षयोः (१।६१२, उ०, नेदति, ते) १ दोष लगाना, निन्दा करना. २ समीप जाना या आना ।

नेषृ गतौ (१।४१२, आ०, नेषते) १ जाना, समीप जाना ।

प

पक्ष परिग्रहे (१।४४७, प०, पक्षति; १०। १८, उ०, पक्षयति, ते) १ ग्रहण करना, लेना, स्वीकार करना. २ एक पक्ष का स्वीकार करना, एक पक्ष का समर्थन करना, एक ओर होना ।

पचष् (पच्) पाके (१।७२२, उ०, पचति, ते) १ पकाना ।

पचि (पञ्च्) व्यक्तीकरणे (१। १०५, आ०, पञ्चते) १ प्रसिद्ध करना, विस्तारपूर्वक कहना ।

पचि (पञ्च्) विस्तारवचने (१०।११६, उ०, पञ्चयति, ते) १ फैलाना, पसारना ।

पट गतौ (१।१६२, प०, पटति) १ जाना, स्थानान्तर करना ।

पट भासार्थः, भाषार्थो वा (१०। २२३, उ०, पाटयति, ते) १ चमकना. २ बोलना । **उत्**—१ समूल नष्ट करना, जड़ से उखाड़ना । **वि**—१ भाग जाना. २ विदारण करना, चीरना ।

पट ग्रन्थे (१०।२८३, उ०, पटयति, ते) १ गूंथना, लपेटना. हिस्से करना ।

पठ व्यक्तायां वाचि (१।२२२, प०, पठति) १ पढ़ना, सीखना ।

पडि (पण्ड्) गतौ (१।१८०, आ०, पण्डते) १ जाना स्थानान्तर करना ।

पडि (पण्ड्) नाशने (१०।८२, उ०, पण्डयति, ते) १ नष्ट करना ।

पण व्यवहारे स्तुतौ च (१।२६८, आ०, पणते) १ उद्योग करना या व्यापार करना । **स्तुतौ**—(पणायति[1]) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना ।

पत गतौ वा (१०।२८६, उ०, पतयति, ते; वा वचनात्, पतति) १ नीचे गिरना, जाना या उतरना ।

पत्लृ (पत्) गतौ (१।५८४, प०, पतति) १ नीचे जाना या गिरना या उतरना. २ अमानवी पराक्रम

---

१. अष्टा० ३।१।२८ सूत्र से स्तुति अर्थ में 'आय' प्रत्यय ।

करना, शक्तिमान् होना। **अति**—१ जीतना, श्रेष्ठ होना, वर्चस्वी होना। **अभि—अव**—१ उतरना। **आ**—१ जाना, प्राप्त होना, उपस्थित होना। **उत्**—१ ऊपर चढ़ना। **नि**—१ घटित होना. २ मिलना, प्राप्त होना। **निर्**—१ भाग जाना, छिपना, मुंह काला करना। **परि**—१ जल्दी जाना। **प्रनि**—१ साष्टाङ्ग नमस्कार करना। **विनि**—१ पीछे लौटना। **सम्**—१ साथ जाना. २ मिलना, पाना, प्राप्त होना। **समा**—१ शुद्ध करना, स्वच्छ करना। **समुत्**—१ भाग जाना, उड़ जाना। **सन्नि**—१ आगे या बाहर जाना।

पत ऐश्वर्ये (क्षीर० ४।४८ पाठा०, आ०, पत्यते) १ श्रीमान् होना, शक्तिमान् होना।

पथ प्रक्षेपे (१०।२३, उ०, पाथयति, ते) १ उडाना, फैंकना, त्याग देना।

पथि (पन्थ्) गतौ (१०।४४, उ०, पन्थयति, ते; पन्थते[1]) १ जाना, घूमना।

पथ गतौ (१।५८६, प०, पथति) १ जाना. २ फैंकना, त्यागना।

पद गतौ (४।५८, आ०, पद्यते; १०।३२०, अदन्त, आ०, पदयते) १ जाना, स्थानान्तर करना। **अभि**—१ देखना. २ जानना, समझना। **अनु**—१ अनुसरण करना। **आ**—१ होना, मिलना, प्राप्त होना. २ दुर्दैव का अनुभव करना. ३ गुणाकार करना. ४ आना. ५ पैदा करना, उत्पन्न करना। **उप**—१ उपपन्न होना. २ मिलना, प्राप्त होना. ३ समीप रहना, चिपक के रहना। **प्र**—१ प्राप्त करना, पैदा करना. २ प्रारम्भ करना, शुरू करना। **प्रवि**—१ ठहराना, स्थापन करना। **प्रति**—पाना. २ अनुमोदन देना, स्वीकार करना. ३ छोड़ देना, मुक्त करना। **वि**—१ दुःख अनुभव करना, विपत्तिग्रस्त होना। **व्या**—१ मार डालना या दुःख देना। **व्युत्**—१ मूल तत्व को ढूंढना, मनन करना। **सम्**—१ वृद्धि को प्राप्त होना, बढ़ना. २ करना. ३ ढूंढना, मनन करना। **समा**—१ पहुंचना, उपस्थित होना. २ पूर्ण करना, समाप्त करना। **उत्**—१ उत्पन्न होना।

पन स्तुतौ[2] (१।२९९, आ०,

---

१. इदित् होने से पक्ष में शप्।

२. धातुपाठे '**पण व्यवहारे स्तुतौ च, पन च**' इत्येवं पठयते। तत्र चकारेण स्तुतेरेव सम्बन्धः। केचन व्यवहारेऽपि पनिमिच्छन्ति। न तद् धातुसूत्ररचनानुसारं सम्भवति।

पनायति[1]) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना ।

पम्पस् दुःखे (११।१४, प०, पम्पस्यति) १ दुःखी होना ।

पय गतौ (१।३२०, आ०, पयते) १ जाना, बहना ।

पयस् प्रसृतौ (११।३६, प०, पयस्यति) १ फैलाना, विस्तार करना ।

पर्ण हरितीभावे (१०।३६६, उदाहरणरूपः[2] उ०, पर्णयति, ते) १ हरा करना, हरा होना ।

पर्द कुत्सिते शब्दे (१।२४, आ०, पर्दते) १ अपान वायु छोड़ना ।

पर्प, पर्ब गतौ (१।२८८, प०, पर्पति, पर्बति) १ जाना ।

पर्व पूरणे (१।३८५, प०, पर्वति) १ पूरा करना. २ भरना ।

पल गतौ (१।५८०, प०, पलति) १ जाना. २ भागना ।

पल रक्षणे (१०।७६ पाठा०[3], उ०, पालयति, ते) १ रक्षा करना ।

पल्पूल लवनपवनयोः (१०।३०६, उ०, पल्पूलयति,* ते) १ काटना, कतरना. २ शुद्ध करना, स्वच्छ करना. ३ गिराना[4] ।

पल्यूल लवनपवनयोः (१०।३०६, पाठा०[5], उ०, पल्यूलयति, ते) १ काटना, कतरना. २ शुद्ध करना, स्वच्छ करना. ३ गिराना[5] ।

पश बन्धने (१०।१८८, उ०, पाशयति, ते; १०।२८७ पाठा०[6], उ०, पशयति, ते) १ बांधना, बेड़ी डालना. २ गांठ बांधना, फांस लगाना. ३ जाना[7] ।

पष् गतौ बन्धने च (१०।२८७, उ०, पषयति, ते) १ जाना[8]. २ बांधना, फांस लगाना ।

पसि (पंस्) नाशने (१०।८२,

---

१. अष्टा० ३।१ सूत्र से 'आय्' । धातुगत आत्मनेपद लिङ्ग आर्धधातुक में 'आय्' के अभाव में चरितार्थ होने से आय् प्रत्ययान्त से परस्मैपद ही होता है । निघण्टु ३।१४ सूत्र में तथा क्षीरतरङ्गिणी में 'पनायते' आत्मनेपद का निर्देश मिलता है । २ द्र० क्षीरतरङ्गिणी १०।३२५ व्याख्या ।

३. द्र० क्षीरतरङ्गिणी १०।६३ ।

* वेद में 'पल्पूल' धातु के ही रूप मिलते हैं । पल्पूलयति — काठक १४।६ (तै० सं० २।५।५।६) ।

४. **लवनपतनयोरिति दुर्गः** (क्षीरतरङ्गिणी १०।२६७) ।

५. क्षीरतरङ्गिणी १०।२६७ । ६. क्षीरतरङ्गिणी १०।२५० ।

७. 'गतौ' क्षीरतर० १०।२५० । ८. गतावित्यन्ये बन्धन इत्यन्ये ।

पंसयति, ते; पंसति) १ नष्ट करना, तहस नहस करना।

पा पाने(१।६५९, प०, पिबति[1]) १ पीना, प्राशन करना. २ संरक्षण करना।

पा रक्षणे (२।४९, प०, पाति) १ रक्षा करना, पालन करना।

पार कर्मसमाप्तौ (१०।३३२, उ०, पारयति, ते) १ कार्य पूर्ण करना।

पाल रक्षणे (१०।७६, उ०, पालयति, ते) १ पालन करना, संरक्षण करना।

पि गतौ (६।११४, प०, पियति) १ जाना, स्थानान्तर करना।

पिच्छ कुट्टने (१०।४५, उ०, पिच्छयति, ते) १ कूटना. २ कतरना, चीरना. ३ बहुत दुःख देना।

पिज पिजि (पिञ्ज्) हिंसाबलादाननिकेतनेषु (१०।३५, उ०, पेजयति, ते; पिञ्जयति, ते; पिञ्जति[2]) १ मार डालना या दुःख देना. २ बलवान् होना. ३ लेना, ग्रहण करना. ४ रहना, वसति करना।

पिजि (पिञ्ज्) भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, पिञ्जयति, ते) १ प्रकाशित करना, तपाना. बोलना।

पिजि (पिञ्ज्) वर्णे (२।२०, आ०, पिङ्क्ते) १ रंगना, चमकीला करना. २ घुंघरुओं का शब्द होना।

पिट शब्दसंघातयोः (१।२०४, प०, पेटति) १ शब्द करना. २ सशब्द मारना. ३ राशि करना, ढेर करना।

पिठ हिंसासंक्लेशनयोः (१।२३०, प०, पेठति) १ मार डालना या दुःख देना. २ दुःख पाना, दुःखानुभव करना।

पिडि (पिण्ड्) संघाते (१।१७३, आ०, पिण्डते; १०।१३९, उ०, पिण्डयति, ते; पिण्डति[2]) १ राशि करना, ढेर करना।

पिल क्षेपे (क्षीर १०।५९. उ०, पेलयति, ते) १ प्रेरणा करना, फेंकना, उड़ाना. २ किसी काम में लगाये रखना (पेलना—हिन्दी)।

पिवि (पिन्व्) सेवने सेचने च (१।३९१, प०, पिन्वति) १ सेवा करना. २ प्रोक्षण करना, भिगोना, सींचना, गीला करना।

पिश अवयवे (६।१४६, प०, पिशति) १ टुकड़े टुकड़े करना, चीरना. २ व्यवस्था करना। **वेदे–दीप्तौ**[3]—प्रकाश करना, उज्जवल होना।

---

१. अष्टा० ७।३।७८ सूत्र से 'पिब' आदेश। २. इदित् करण से पक्ष में शप्।
३. द्र० **त्वष्टा रूपाणि पिंशतु** (ऋ० १०।१८४।१) **नक्षत्रेभिः पितरो द्यामपिंशन्** (ऋ० १०।६८।११)।

पिष्लृ संचूर्णने (७।१५, प०, पिनष्टि) १ चूर्ण करना, पीसना।

पिस गतौ (१०।३६, उ०, पेसयति, ते) १ जाना।

पिसि (पिंस्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, पिंसयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना।

पिसृ गतौ (१।४७६, प०, पेसति) १ जाना।

पीङ् पाने (४।३२, आ०, पीयते) १ पीना, प्राशन करना।

पीड अवगाहने (१०।१२, उ०, पीडयति, ते) १ प्रतिकूल होना. २ चेष्टा करना. ३ चेताना. ४ दुःख देना, पीडा करना।

पील प्रतिष्टम्भे (१।३४८, प०, पीलति) १ मूर्ख होना. २ थमाना, गतिरोध करना, रोकना।

पीव स्थौल्ये (१।३८०, प०, पीवति) १ मोटा करना, स्थूल होना, पुष्ट होना।

पुंस अभिवर्धने (१०।१०४, उ०, पुंसयति, ते) १ बढ़ना, वृद्धि होना. २ बढ़ाना, वृद्धि करना।

पुट मर्दने (१।२१५, प०, पोटति) १ मरोड़ना, नष्ट करना।

पुट संश्लेषणे (६।७६ प०, पुटति, **संसर्गे** —१०।३३३, उ०, पुटयति, ते) १ आलिंगन करना, गले लगाना, एक में एक अटकाना, गूंथना।

पुट भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, पोटयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना, भाषण करना।

पुटि (पुण्ट्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, पुण्टयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना।

पुट्ट अल्पीभावे (१०।३०, उ०, पुट्टयति, ते) १ घटना, कम होना, न्यून होना।

पुड उत्सर्गे (६।९३, प०, पुडति) १ छोड़ना, त्याग करना. २ आच्छादन करना, ढांकना।

पुडि (पुण्ड्) खण्डने (१।२१८, प०, पुण्डति) १ चूर्ण करना, पीसना, मलना।

पुण कर्मणि शुभे (६।४५, प०, पुणति) १ पवित्र होना, शुद्ध होना, धर्मकृत्य करना।

पुथ हिंसायाम् (४।१३, प०, पुथ्यति) १ दुःख देना, पीडा करना।

पुथ भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, पोथयति, ते) १ प्रकाशित होना, चमकना. २ बोलना।

पुथि (पुन्थ्) हिंसासंक्लेशनयोः (१।३६, प०, पुन्थति) १ पीडा करना, दुःख देना. २ दुःख सहन करना।

पुर अभिगमने (६।५७, प०,

पुरति) १ अग्रभाग में जाना, आगे जाना, मुख्य होना, अग्रसर होना।

पुर्व पूरणे (१।३८५, प०, पूर्वति) १ पूर्ण करना, भरना।

पुर्व निकेतने (१०।१३५, उ०, पूर्वयति, ते) १ रहना, वसति करना. २ आमन्त्रण करना, बुलाना।

पुल महत्त्वे (१।५८२, प०, पोलति; ६ क्वाचित्कः, प०, पुलति; १०।६८, उ०, पोलयति, ते) १ राशि होना, ढेर होना. २ बढ़ना, ऊंचा होना।

पुष पुष्टौ (१।४६६, प०, पोषति; ४।७१, प०, पुष्यति; ९।५९, प०, पुष्णाति) १ पालन करना, पोषण करना। **परि—सम्—१** उत्कृष्ट होना. २ पालन करना।

पुष धारणे (१०।२२१, उ०, पोषयति, ते) १ धारण करना।

पुष्प विकसने (४।१६, प०, पुष्प्यति) १ पुष्पयुक्त होना, फूलना।

पुस्त आदरानादरयोः (१०।६०, उ०, पुस्तयति, ते) १ सत्कार करना, मान करना. २ तिरस्कार करना, अनादर करना. ३ बांधना. ४ लेपन करना।

पूङ् पवने (१।६६३, आ०, पवते) १ पवित्र करना, स्वच्छ करना।

पूज पूजायाम् (१०।१११, उ०, पूजयति, ते) १ पूजा करना, अर्चा करना. २ सम्मान करना। **सम्—** उत्तम प्रकार से आदर सत्कार करना।

पूञ् पवने (९।१०, उ०, पुनाति—पुनीते) १ पवित्र करना, स्वच्छ करना।

पूयी विशरणे दुर्गन्धे च (१।३२५, आ०, पूयते) १ तोड़ना, चीरना. २ दुर्गन्ध आना, बदबू आना।

पूरी आप्यायने (४।४२, आ०, पूर्यते; १०।२२६, उ०, पूरयति, ते) १ तृप्त करना, आनन्द करना. २ पूर्ण करना, भरना. ३ सन्तोष होना, आनन्द होना. ४ पूर्ण होना।

पूर्ण संघाते (१०।१०३, उ०, पूर्णयति, ते) १ एकत्र करना, ढेर करना, राशि करना।

पूर्व निकेतने (१०।१३५ पाठा०, प०, पूर्वयति) १ रहना. २ आश्चर्य करना. ३ बुलाना।

पूल संघाते (१।३५५, प०, पूलति; १०।१०२, उ०, पूलयति, ते) १ ढेर करना, बटोरना, सञ्चित करना।

पूष वृद्धौ (१।४५३, प०, पूषति) १ बढ़ना, अधिक होना. २ पोषण करना, पालन करना।

पॄ पालनपूरणयोः (३।४ पाठा०, प०, पिपर्ति) १ पालन करना, पोषण करना. २ पूर्ण करना, भरना।

पॄ प्रीतौ (५।१३, प०, पृणोति) १ तृप्त करना, सन्तुष्ट करना।

पॄ पूरणे (१०।१६ पाठा, उ०, पारयति, ते; परति[1]) १ पूर्ण करना, भरना ।

पृङ् व्यायामे (६।११२, आ०, व्याप्रियते) १ किसी कृत्य में आसक्त रहना ।

पृची संपर्चने (२।२३, आ०, पृक्ते; **सम्पर्के**—७।२४, प०, पृणक्ति) १ स्पर्श करना, छूना. २ संघर्ष करना, संयोग करना ।

पृच संयमने (१०।२३१, उ०, पर्चयति, ते; पर्चति[1]) १ स्पर्श करना, छूना. २ अटकाना, हरकत करना ।

पृजि (पृञ्ज्) वर्णे (२।२१, आ०, पृङ्क्ते) १ स्पर्श करना. २ संघर्ष करना ।

पृड सुखने (६।४०, प०, पृडति) १ आनन्द करना, सन्तोष पाना ।

पृण प्रीणने (६।४१, प०, पृणति) १ आनन्द करना, सन्तोष पाना ।

पृथ प्रक्षेपे (१०।२२, उ०, पर्थयति, ते) १ फैंकना, उड़ाना. २ प्रेरणा करना, भेजना ।

पृषु सेचने सहने च (१।४६८, ४६६, प०, पर्षति) १ प्रोक्षण करना, सींचना. २ सहन करना । केषाञ्चिन्मते (हिंसासंक्लेशनयोः)—१ पीड़ा करना, दुःख देना. २ थकना, पीड़ित होना ।

पॄ पालनपूरणयोः (३।४, प०, पिपर्ति) १ पालन करना, पोषण करना. २ पूर्ण करना, भरना ।

पॄ पूरणे (१०।१६, उ०, पारयति, ते, परति[2]) १ पूर्ण करना, भरना ।

पेलृ गतौ (१।३६४, प०, पेलति) १ जाना. २ हिलना ।

पेवृ सेवने (१।३३७, आ०, पेवते) १ सेवा करना, नौकरी करना ।

पेषृ प्रयत्ने (१।४११, आ०, पेषते) १ ठहराना, निश्चय करना. २ चपलता से यत्न करना ।

पेसृ गतौ (१।४७६, प०, पेसति) १ जाना ।

पै शोषणे (१।६५५, प०, पायति) १ सूखना, कुम्हलाना ।

पैणृ गतिप्रेरणश्लेषणेषु (१।३०६, प०, पैणति) १ आज्ञा करना. २ जाना. ३ स्पर्श करना. ४ आलिङ्गन करना ।

प्यायी वृद्धौ (१।३२८, आ०, प्यायते) १ बढ़ना, बड़ा होना, फूलना ।

प्युष विभागे (४।१०५ पाठा०,

---

१. आधृषाद्वा (१०।२३०) से पक्ष में शप् ।
२. दीर्घ निर्देश सामर्थ्य से पक्ष में णिच् का अभाव ।

प०, प्युष्यति) १ पृथक् होना, विभाग होना।

प्यैङ् वृद्धौ (१।६६१, आ०, प्यायते) १ बढ़ना, बड़ा होना, फूलना।

प्रच्छ ज्ञीप्सायाम् (६।१२२, प०, पृच्छति) १ पूछना, जानने की इच्छा करना।

प्रथ प्रख्याने (१।५१६, आ०, प्रथते; १०।२१, उ०, प्रथयति, ते) १ प्रसिद्ध होना, जाहिर होना। **वेदे**—(**विस्तारे**[1])—१ फैलना. २ फैलाना।

प्रस विस्तारे (१।५१७, आ०, प्रसते) १ विस्तार करना, फैलाना. २ जनना।

प्रा पूरणे (२।५४, प०, प्राति) १ भरना।

प्रीङ् प्रीणने (४।३५, आ०, प्रीयते) १ प्रीति करना, दुलारना. २ तृप्त करना, सन्तुष्ट करना।

प्रीञ् तर्पणे कान्तौ च (६।२, उ०, प्रीणाति, प्रीणीते; **तर्पणे**—(१०।२६३, उ०, प्रीणयति, ते; मतान्तरे—प्राययति, ते) १ प्रीति करना. २ तृप्त करना. ३ कामना करना।

प्रुङ् गतौ (१।६८४, आ०, प्रवते) १ जाना. २ हिलना।

प्रुष स्नेहनसेचनपूरणेषु (६।५८, प०, प्रुष्णाति) १ सौम्य होना, स्निग्ध होना, चिकना होना. २ प्रोक्षण करना, सींचना. ३ पूर्ण करना, भरना।

प्रुषु दाहे (१।४६७, प०, प्रोषति) १ जलाना, भर्जन करना, भूंजना।

प्रेङ्खोल उत्क्षेपे (१०।३६६, उ०, उदाहरणरूप, द्र०, क्षीरत० १०।३२५, उ०, प्रेङ्खोलयति, ते) १ झुलना, झुलाना।

प्रेषृ गतौ (१।४१२, आ०, प्रेषते) १ जाना, आना. २ चेतना, भेजना।

प्रोथृ पर्याप्तौ (१।६०८, उ०, प्रोथति, ते) १ शक्तिमान् होना, योग्य होना. २ पूर्ण होना, भरना।

प्लक्ष अदने (१।६३४, उ०, प्लक्षति, ते) १ खाना।

---

१. प्रथ धातु का 'विस्तार' अर्थ भी है। '**[यद्] अप्रथयमत्तत् पृथिव्यै पृथिवीत्वम्**' (तै० ब्रा० १।१।३।६, ७) **तामप्रथयत् सा पृथिव्यभवत्** (शत० ६।१।१।१५)। इसीलिये स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थप्रकाश प्रथम समुल्लास तथा उणादिकोश (प्र० सं० द्र०) में कई स्थानों पर 'प्रथ' धातु का विस्तार अर्थ का निर्देश किया है।

प्लिह गतौ (१।४२७, आ०, प्लेहते) १ जाना।

प्ली गतौ(९।३५, प०, प्लिनाति) १ जाना।

प्लुङ् गतौ(१।६८४, आ०, प्लवते) १ जाना २ उड़ना. ३ तैरना। **उत्**— १ ऊपर उड़ना या कूदना। **वि**— १ डूबना, मज्जन करना. २ जलमय होना।

प्लुष स्नेहनसेचनपूरणेषु (९। ५८, प०, प्लुष्णाति) १ स्निग्ध होना, २ चिकना होना. ३ स्निग्ध करना. ४ प्रोक्षण करना, सींचना. ५ पूर्ण करना, भरना।

प्लुष दाहे (१।४६७, प०, प्लोषति; ४।१०६, प०, प्लुष्यति) १ जलाना. २ भूंजना।

प्लुस विभागे दाहे च (४।९ पाठा०, प०, प्लुस्यति) १ जलाना. २ भाग करना, हिस्सा करना, बांटना।

प्सा भक्षणे (२।४८, प०, प्साति) १ भक्षण करना. २ संरक्षण करना।

फ

फक्क नीचैर्गतौ (१।८१, प०, फक्कति) १ धीरे धीरे जाना, मन्द गमन करना. २ रेंगना. ३ अनुचित आचरण करना, अयोग्य रीति से वर्तना।

फण गतौ (१।५६७, प०, फणति) १ जाना. २ तेजोहीन करना। **णिच्**— (गत्यर्थ में मित्— फणयति, ते) १ चलना. २ जाना. (गति से अन्यत्र—फाणयति, ते) १ तेज वस्तु में जल आदि डाल के अल्प तेज करना. २ उष्ण जल में कुटी हुई वस्तु डाल कर रस निकालना (= फाण्ट) बनाना।

फल निष्पत्तौ (१।३५७, प०, फलति) १ उत्पन्न करना. २ सफल करना।

फला विशरणे (१।३४६, प०, फलति) १ जाना. २ तोड़ना, चीरना, विभाग करना।

फुल्ल विकसने (१।३५९, प०, फुल्लति) १ फूलना, प्रफुल्लित होना।

फेलृ गतौ (१।३६४, प०, फेलति) १ जाना, स्थानान्तर करना।

ब

बण शब्दे (१।३१०, प०, बणति) १ शब्द करना।

बद स्थैर्ये (१।४१, प०, बदति) १ निश्चल होना, स्थिर होना, स्वस्थ रहना।

बध बन्धने (१।७००, आ०, बधते; **संयमने**— १०।१५, उ०, बाधयति, ते) १ बांधना, बद्ध करना. २ हिंसा करना, मारना, बध करना, घृणा करना। **सन्**— (आ०, बीभ-

ृसते) १ द्वेष करना, तिरस्कार करना।

बन्ध बन्धने (९।४१, प०, बध्नाति) १ बांधना। **आ**—१ चारों ओर से बांधना। **अनु**—१ जोड़ना, चिपकाना, एकत्र करना. २ अनुसरण करना। **नि**—१ बन्धन मुक्त करना. २ इकट्ठा करना। **सम्**—१ मिलाप करना।

बर्ब गतौ (१।२८८, प०, बर्बति) १ जाना।

बर्ह प्राधान्ये (१।४२५, आ०, बर्हते) १ श्रेष्ठ होना।

बर्ह हिंसायाम् (१०।१३२, उ०, बर्हयति, ते) १ मार डालना या दुःख देना।

बल प्राणने (१०।६५, उ०, बालयति, ते) १ बलयुक्त होना या करना. २ स्पष्ट करना।

बल प्राणने धान्यावरोधे च (१।५८१, प०, बलति, १० क्वाचित्कः, प०, बलयति) १ जीना, जीते रहना. २ धान्य सञ्चय करना. ३ द्रव्य को रोकना।

बल्ह प्राधान्ये (१।४२५, आ०, बल्हते) १ श्रेष्ठ होना. २ फैलाना. ३ हिंसा करना।

बस्त अर्दने (१०।१५२, आ०, बस्तयते) १ जाना. २ मांगना. ३ मार डालना या दुःख देना।

बाधृ विलोडने (१।५, आ०, बाधते) १ रोकना, अटकाव करना. २ बाधा देना, दुःख देना।

बाहृ प्रयत्ने (१।४२८, आ०, बाहते) १ यत्न करना।

बिट आक्रोशे (१।२१०, प०, बेटति) १ शाप देना, आक्रोश करना, गाली देना।

बिदि (बिन्द्) अवयवे (१।५२, प०, बिन्दति) १ अवयव होना।

बिल संवरणे (६।६८, प०, बिलति) १ आच्छादित करना. २ छेद करना, चीरना।

बिल भेदने (१०।७३, उ०, बेलयति, ते) १ फेंकना, उड़ाना. २ छेद करना, चीरना।

बिस प्रेरणे (४।१०७, प०, बिस्यति) १ फेंकना, उड़ाना।

बुक्क भषणे (१।८४, प०, बुक्कति; १०।१८२, उ०, बुक्कयति, ते) १ भौंकना, कुत्ते के समान शब्द करना।

बुगि (बुङ्ग) वर्जने (१।६१, प०, बुङ्गति) १ छोड़ना, त्याग करना।

बुध अवगमने (१।५६७, प०, बोधति; ४।६१, आ०, बुध्यते) १ जानना, समझना। **प्रति**—१ किसी को जानना. २ जागना. ३ बाट जोहना। **प्रतिवि**—१ जागना, जागृत

रहना । **सम्**—१ अच्छे प्रकार जानना । **अव**—१ जानना ।

बुधिर् (बुध्) बोधने (१।६१४, आ०, बोधते) १ अर्थ बुध के समान ।

बुन्दिर् (बुन्द्) निशामने (१।६१५, उ०, बुन्दति, ते) १ जानना, समझना, बूझना. २ सूक्ष्म दृष्टि से जानना ।

बुल निमज्जने (१०।७१, उ०, बोलयति, ते) १ जल में या विचारों में डूबना । 'बूड़ना' इसी का भाषा में अपभ्रंश है[1] ।

बुस उत्सर्गे (४।१०६, प०, बुस्यति) १ छोड़ना, त्याग करना । हिन्दी में 'भूसा' (अपभ्रंश) द्रव्यार्थक है ।

बुस्त आदरानादरयोः (१०।६०, उ०, बुस्तयति, ते) १ आदर सत्कार देना, मान देना. २ अपमान करना, धिक्कारना ।

बृह वृद्धौ (१।४८८, प०, बर्हति) १ बढ़ना, वृद्धि होना ।

बृहि (बृंह्) वृद्धौ शब्दे च (१।४८८, ४८९, प०, बृंहति) १ बढ़ना, वृद्धि होना. २ हाथी का चिंघाड़ना[2] ।

बृहिर् (बृह्) वृद्धौ शब्दे च (१।४९०, उ०, बर्हति, ते) 'बृहि' के समान अर्थ ।

बृहू उद्यमने (६।५९, प०, बृहति) १ उठाना. २ उद्योग करना ।

ब्युष् दाहे (४।८, प०, ब्युष्यति) १ जलना ।

ब्रीङ् वरणे (४।३०, आ०, व्रीयते) १ स्वीकार करना. २ ढांपना ।

ब्रूञ् व्यक्तायां वाचि (२।३७, उ०, ब्रवीति, ब्रूते, आह*) १ कहना, बोलना ।

ब्रूस हिंसायाम् (१०।१३२, उ०, ब्रूसयति, ते) १ मार डालना, दुःख देना ।

भ

भक्ष अदने (१।९३३, उ०, भक्षति, ते; १०।२७, उ०, भक्षयति, ते) १ खाना ।

भज सेवायाम् (१।७२४, उ०, भजति, ते) १ भजना, भजन करना. २ उपभोग करना, विषय वासना का अनुभव करना ।

भज विश्राणने[3] (१०।२०१, उ०,

---

१. डलयोरेकत्वस्मरणात् ।   * अष्टा० ३।४।८४ द्रष्टव्य ।

२, **बृंहितं करिगर्जितम्** । अमर २।८।७६ ।। बवयोरभेदेन ।

३. **विश्राणनं दानम्, विवेचनमित्यन्ये । (क्षीरतर० १०।१७६ ।**

भाजयति, ते) १ देना, दान करना. २ पकाना[1], सिद्ध करना, अन्नादि तैयार करना. ३ अलग करना।

भजि (भञ्ज्) भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, भञ्जयति, ते) १ प्रकाशित होना, चमकना. २ बोलना, कहना। **वि**—१ नापना। **प्रवि**—१ वाद करना।

भञ्जो (भञ्ज्) आमर्दने (७।१६, प०, भनक्ति) १ नष्ट करना।

भट भृतौ (१।२००, प०, भटति) १ धारण करना, पास रखना. २ भाड़े पर लेना।

भट परिभाषणे (१।५२६, प०, भटति) १ बोलना, वाद विवाद करना।

भडि (भण्ड्) परिभाषणे (१।१७२, आ०, भण्डते) १ उपहास करना, ठट्ठा करना. २ बोलना. ३ दोष लगाना, निन्दा करना।

भडि (भण्ड्) कल्याणे (१०।५८, उ०, भण्डयति, ते; भण्डते[2]) १ शुभ कर्म करना।

भण शब्दार्थ (१।३०३, प०, भणति) १ स्पष्ट कहना, स्पष्ट बोलना. २ पढ़ना। **प्रति**—१ जवाब देना, उत्तर देना।

भदि (भन्द्) कल्याणे सुखे च (१।११, आ०, भन्दते) १ शुभ कर्म करना. २ सुखी होना।

भर्व हिंसायाम् (१।३८७, प०, भर्वति) १ मारना, हिंसा करना।

भर्त्स संतर्जने (१०।१५१, आ०, भर्त्सयते) १ धिक्कार करना, निन्दा करना. २ डराना, घुड़कना।

भल आभण्डने[3] (१०।१६६, आ०, निपूर्वः—निभालयते) १ निरूपण करना. २ वाद विवाद करना।

भल भल्ल धारणे (१।३३३, आ०, भलते, भल्लते) १ धारण करना, २ बोलना, व्याख्यान करना।

भष भर्त्सने[4] (१।४६३, प०, भषति) १ भोंकना, कुत्ते के समान शब्द करना।

भस भर्त्सनदीप्त्योः' ['भक्षण

---

१. भाजी श्राणा—पक्वा चेत् । (अष्टा० ४।१।४२), भाषायां 'भाजी' पक्वं पत्रशाकम् । 'भाजी देना'—बाहर से आई वस्तु को सम्बन्धियों में बांटना।

२. इदित् करण से पक्ष में शप्।

३. आभण्डनं निरूपणम् । क्षीर० १०।१४७।

४. कुत्सितशब्दकरणे, पैशुन्येन वचने। क्षीरत० १।४५६।

दीप्त्योः''[1] इति प्राचीनाः] (३।१७, प०, बभस्ति) १ चमकना. २ दोष लगाना, निन्दा करना ।

भा दीप्तौ (२।४४, प०, भाति) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ सुन्दर दीखना. ३ फूंकना, धौंकना । **वि—प्र**—१ विशेष प्रकाश करना ।

भाज पृथक्कर्मणि (१०।३११, उ०, भाजयति, ते) १ टुकड़े टुकड़े करना ।

भाम क्रोधे (१।३००, आ०, भामते; १०।२९५, उ०, भामयति, ते) १ घुड़कना, गुस्सा करना ।

भाष व्यक्तायां वाचि (१।४०७, आ०, भाषते) १ बोलना । **परि**—१ निन्दायुक्त वचन बोलना । **सम्**—१ दूसरे से सम्भाषण करना. २ अच्छी रीति से बोलना ।

भासृ दीप्तौ (१।४१५, आ०, भासते) १ चमकना, प्रकाशित होना । **प्रति**—१ अचानक किसी विषय में ज्ञान होना. २ दिखाई देना ।

भिक्ष भिक्षायां लाभेऽलाभे च (१।४०१, आ०, भिक्षते) १ याचना करना, मांगना. २ प्राप्त करना, सम्पादन करना. ३ प्राप्त न होना ।

भिदि (भिन्द्) अवयवे (१।५२, प०, भिन्दति) १ भाग करना, हिस्सा करना ।

भिदिर् (भिद्) विदारणे (७।२, उ०, भिनत्ति, भिन्ते) १ चीरना, तोड़ना ।

भिषज् चिकित्सायाम् (११।१८, प०, भिषज्यति) १ चिकित्सा करना ।

भिष्णज् उपसेवायाम् (११।१९, प०, भिष्णज्यति) १ नौकरी करना, सेवा करना ।

भी भये (३।२, प०, बिभेति) १ डरना, घबराना । १०, क्वाचित्कः, प०, भाययति; भयति) १ डरना ।

भुज पालनाभ्यवहारयोः (७।१७, प०, **पालने**—भुनक्ति, **अशने**—भुङ्क्ते) १ संरक्षण करना, पालन करना. २ खाना, भक्षण करना ।

भुजो कौटिल्ये (६।१२७, प०, भुजति) १ वक्र होना, टेढ़ा होना ।

भुरण धारणपोषणयोः (११।२४, प०, भुरण्यति) १ पालन करना. २ धारण करना ।

भू सत्तायाम् (१।१, प०, भवति) १ होना. २ रहना. ३ उत्पन्न होना,

---

१. द्र० सायण ऋग्भाष्य १।२८।७; भर्त्सन इत्यर्थो नवीनः, भक्षण इति तु प्राचीनः, दयानन्द ऋ० भाष्य १।२८।७। द्र० क्षीरत० २।१६, अस्मदीया टिप्पणी ।

पैदा होना । **अधि**—१ सत्ता चलाना, शासन करना । **अनु**—१ समझना, जानना । **अभि**—१ जीतना, पीड़ा देना । **उत्**—१ उत्पन्न होना । **परा**—१ पराभव करना, जीतना । **प्र**—१ जाना. २ दृष्टिगोचर होना, दिखाई देना. ३ प्रकट होना. ४ शासन करना । **प्रति**—१ बदले में देना । **परि**—१ अपमान करना, तिरस्कार करना. २ घेरना । **वि**—१ आश्रय देना, पालन करना. २ देखना । **व्यति**—१ परस्पर मित्र होना । **सम्**—१ होना, उत्पन्न होना. २ समावेश होना. ३ हो सकना ।

भू प्राप्तौ (१०।२७१, आ०, भावयते, प्राप्तेरन्यत्र—भावयति; भवते भवति[1]) १ प्राप्त होना, मिल जाना. २ एकत्र करना, बटोरना. ३ चिन्तन करना ।

भूष अलंकारे (१।४५६, प०, भूषति, १०।१६८, उ०, भूषयति, ते) १ संवारना, अलंकृत करना ।

भृजी भर्जने (१।१०८, आ०, भर्जते) १ भूंजना, तलना ।

भृञ् भरणे (१।६३६, उ०, भरति, ते) १ पूर्ण करना ।

भृञ् धारणपोषणयोः (३।५, उ०, बिभर्ति, बिभृते) १ धारण करना. २ पोषण करना ।

भृशि (भृंश) भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, भृंशयति, ते) १ प्रकाशित होना, चमकना. २ बोलना, भाषण करना ।

भृशु अधःपतने (४।११५, प०, भृश्यति) १ शरीर योग्यतादि से भ्रष्ट होना, च्युत होना. नीचे गिरना ।

भॄ भर्त्सने भरणे च (६।२०, प०, भृणाति) १ घुड़कना, तिरस्कार करना. २ संरक्षण करना, पालन करना, धारण करना ।

भेषृ भये गतौ च (१।६२३, उ०, भेषति, ते) १ डरना. २ जाना ।

भ्यस भये (१।४१८, आ०, भ्यसते) १ डरना ।

भ्रंशु अधःपतने (१।५०६, आ०, भ्रंशते; ४।११५, प०, [2]भ्रश्यति) १ भ्रष्ट होना, पतित होना, गिरना, नीचे गिरना ।

भ्रंशु अवस्रंसने (१।५०४ पाठा०[3], आ०, भ्रंशते) १ भ्रष्ट होना, पतित होना, नीचे गिरना ।

भ्रंसु अवस्रंसने (१।५०४, आ०, भ्रंसते) १ भ्रष्ट होना, पतित होना, गिरना, नीचे गिरना ।

---

१. दीर्घपाठ सामर्थ्य से पक्ष में शप् ।

२. अनिदितां (अष्टा० ६।४।२४) से कित् ङित् परे अनुनासिक का लोप । ३. क्षीरतर० १।५०१ ।

भ्रक्ष अदने (१।६३२, उ०, भ्रक्षति, ते) १ खाना।

भ्रण शब्दार्थः (१।३०३, प०, भ्रणति) १ शब्द करना।

भ्रमु चलने (१।५८६, प०, भ्रमति, भ्रम्यति[1]) १ चक्राकार घूमना. २ इधर उधर घूमना, भटकना। **वि**—१ क्रीडा करना, खेलना। **सम्**—१ सम्मान करना, सत्कार करना. २ गड़बड़ होना।

भ्रमु अनवस्थाने (४।६५, प०, भ्राम्यति, भ्रमति[2]) १ अस्थिर होना. भ्रमण करना. ३ भ्रान्त होना।

भ्रशु अधःपतने (१।५०६, आ०, भ्रशते) अर्थ भ्रंशुवत्।

भ्रस्ज पाके (६।४, उ०, भृज्जति, ते) १ पकाना, भूंजना।

भ्राजृ दीप्तौ (१।१०६, ५७०, आ०, भ्राजते) १ चमकना, प्रकाशित होना।

भ्राशृ दीप्तौ (१।५७०, आ०, भ्राशते, भ्राश्यते[1]) १ चमकना।

भ्री भये भरणे च (९।३८, प०, भ्रीणाति, भ्रिणाति[3]) १ डरना. २ धारण करना, आश्रय देना. ३ पालन करना।

भ्रुड निमज्जने (६।१०३, प०, भ्रुडति) १ डूबना। **केषाञ्चिन्मते संवरणे**—१ बटोरना, एकत्र करना. २ ढकना, आच्छादित करना।

भ्रूण आशाविशंकयोः (१०।१५६, आ०, भ्रूणयते) १ आशा करना. २ भरोसा करना. ३ शंका करना. ४ गर्भ धारण करना[4]।

भ्रेजृ दीप्तौ (१।१०६, आ०, भ्रेजते) १ प्रकाशित होना, चमकना।

भ्रेषृ गतौ (१।६२३, उ०, भ्रेषति, ते) १ जाना. २ डरना।

भ्लक्ष अदने (१।६३२, उ०, भ्लक्षति, ते) १ खाना।

भ्लाशृ दीप्तौ (१।५७०, आ०, भ्लाशते, भ्लाश्यते[1]) १ प्रकाशित होना, चमकना।

भ्लेषृ गतौ (१।६२४, उ०, भ्लेषति, ते) १ जाना. २ डरना।

---

१. वा भ्राशभ्लाशभ्रमु० (अष्टा० ३।१।७०) सूत्र से पक्ष में श्यन्।

२. वा भ्राशभ्लाशभ्रमु० (अष्टा० ३।१।७०) सूत्र से पक्ष में शप्।

३. प्वादित्वं केषाञ्चिन्मते, तेन तन्मते ह्रस्वः।

४. वस्तुतः भ्रूण—गर्भावस्था में आशा विशंका (=उत्पन्न होना या नष्ट होना, दोनों भावनाएं रहती हैं।

म

मकि (मङ्क्) मण्डने (१।७०, आ०, मङ्कते) १ संवारना, अलंकृत करना. २ जाना।

मख मखि (मङ्ख्) गत्यर्थौ (१।८८, प०, मखति, मङ्खति) १ जाना, स्थानान्तर करना।

मगध परिवेष्टने, नीचदास्ये च (११।१३, प०, मगध्यति) १ घेरना. २ नीच की सेवा करना।

मगि (मङ्ग्) गत्यर्थः (१।८८, प०, मङ्गति) १ जाना।

मघि (मङ्घ्) गत्याक्षेपे कैतवे च (१।७६, ७७, आ०, मङ्घते) १ जाना. २ प्रारम्भ करना. ३ दोष लगाना, निन्दा करना. ४ ठगना. ५ जुआ खेलना।

मघि (मङ्घ्) मण्डने (१।६३, प०, मङ्घति) १ संवारना, भूषित करना, अलंकृत करना।

मच कल्कने (१।१०३, आ०, मचते,) १ गर्व करना. २ दुराचारी होना ३ बोलना. ४ पीसना, कूटना।

मचि (मञ्च्) धारणोच्छ्राय-पूजनेषु (१।१०४, आ०, मञ्चते) १ धारण करना. २ ऊंचा उठाना, मचान बनाना. ३ पूजित होना।

मज शब्दार्थः (१।१५६, क्षीर०, प०, मजति) १ आवाज करना. २ कामातुर होकर आवाज करना।

मठ मदनिवासयोः (१।२२४, प०, मठति) १ गर्वीला होना. २ रहना, वसति करना।

मठि (मण्ठ्) शोके (१।१६३, आ०, मण्ठते) १ दुःख करना. २ उत्कण्ठित होना।

मडि (मण्ड्) भूषायाम् (१।२१३, प०, मण्डति, **हर्षे च** — १०।५७, उ०, मण्डयति, ते; मण्डति[1]) १ संवारना, अलंकृत करना, २ आनन्दित होना।

मडि (मण्ड्) विभाजने (१।१७१, आ०, मण्डते) १ अलग करना।

मण शब्दार्थः (१।३०३, प०, मणति) १ अस्पष्ट शब्द करना। कहना।

मत्रि (मन्त्र्) गुप्तपरिभाषणे (१०।१४६, आ०, मन्त्रयते, मन्त्रति[1]) १ गुप्त भाषण करना। **आ** — १ सत्कार करना, सम्मान करना। **नि** — १ आमन्त्रण करना, बुलाना।

मथि (मन्थ्) हिंसासंक्लेशनयोः (१।३६, प०, मन्थति) १ हिंसा करना, मर्दन करना. २ दुःख देना, शोक करना, रोना।

मथे विलोडने (१।५८७, प०, मथति) १ मथना. २ विचार करना, मनन करना. ३ हिलना।

---

१. इदित् होने से पक्ष में शप्।

मद तृप्तियोगे (१०।१७४, आ०, मादयते) १ तृप्त करना. २ समाधान करना ।

मदि (मन्द्) स्तुतिमोदमदस्वप्न-कान्तिगतिषु (१।१२, आ०, मन्दते) १ स्तुति करना. २ तुष्ट करना, आनन्द करना. ३ उन्मत्त होना. ४ सोना. ५ चाहना. ६ चमकना, प्रकाशित होना ।

मदी हर्षग्लेपनयोः (१।५५५, प०, मदति) १ हृष्ट होना, हर्षित होना. २ थकना, श्रान्त होना । **णिच्**—(मदयति[1]) १ हर्षित करना. २ बेहोश करना ।

मदी हर्षे (४।९८, प०, माद्यति) १ हृष्ट होना, हर्षित होना ।

मन ज्ञाने (४।६५, आ०, मन्यते) १ जानना, समझना. २ मान्य करना, स्वीकार करना. ३ विचार करना. ४ मानना । **अनु**—१ अनुमोदन करना. २ अनुमान करना । **अभि**—१ अभिमान करना. २ इच्छा करना, चाहना । **अव**—१ अपमान करना, भर्त्सना करना । **सम्**—१ अनुमोदन देना, कबूल करना ।

मन स्तम्भे (१०।१७८, आ०, मानयते) १ बन्द करना, स्थिर रहना. २ मन्द होना. ३ गर्वीला होना. ४ प्रतिकूल होना. ५ रुकना ।

मनु अवबोधने (८।९, आ०, मनुते) अर्थ 'मन' के समान ।

मन्तु अपराधे (११।२, उ०, मन्तूयति, ते) १ अपराध करना. २ क्रोध करना, गुस्सा करना ।

मन्थ विलोडने (१।३५, प०, मन्थति; ९।४४, प०, मथ्नाति) १ बिलोना. मथना. २ पीडा देना, हिंसा करना ।

मभ्र गत्यर्थः (१।३७५, प०, मभ्रति) १ जाना, स्थानान्तर करना ।

मय गतौ (१।३२०, आ०, मयते) १ जाना, स्थानान्तर करना ।

मर्च शब्दार्थः (१०।११७, उ०, मर्चयति, ते) १ शब्द करना ।

मर्ब गतौ (१।२८८, प०, मर्बति) १ जाना, चलना ।

मर्व पूरणे (१।३८५, प०, मर्वति) १ पूर्ण करना, भरना ।

मल मल्ल धारणे (१।३३२, आ०, मलते, मल्लते) १ पहनना. २ धारण करना, धरना. ३ पकड़ना. ४ चिपकाना. ५ लटकाना ।

मव बन्धने (१।३९५, प०, मवति) १ बांधना, रोकना ।

मव्य बन्धने (१।३४०, प०, मव्यति) १ बांधना, रोकना ।

---

१. घटादि पाठान्मित्, मित्वाद्ध्रस्वत्वम् ।

मश शब्दे (१।४७९, प०, मशति) १ शब्द करना. २ क्रोध करना ।

मष हिंसार्थः (१।४६२, प०, मषति) १ मार डालना, दुःख देना ।

मसी परिणामे (४।१११, प०, मस्यति) १ रूपान्तर करना, आकार बदलना । **परिमाणे** १ नापना ।

मस्क गत्यर्थः (१।७४, आ०, मस्कते) १ जाना ।

मस्जो शुद्धौ (६।१२५, प०, मज्जति) १ स्नान करना, नहाना. २ धोना, स्वच्छ करना । **नि**—१ डूबना, डुबकी लगाना ।

मह पूजायाम् (१।४८५, प०, महति; १०।२९२, उ०, महयति, ते) १ सम्मान करना, पूजा करना ।

महि (मंह्) वृद्धौ (१।४२२, आ०, मंहते) १ बढ़ना ।

महि (मंह्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।१९७, क्षीरतर० उ०, मंहयति, ते; मंहति[1]) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना, कहना ।

महीङ् पूजायाम् (११।३२, आ०, महीयते) १ पूजनीय होना ।

मा माने, माङ् माने शब्दे च (क्रमशः २।५५, प०, माति; ३।६, आ०, मिमीते; ४।३३, आ०, मायते) १ नापना. तोलना. २ समाना । **अनु**—१ तर्क से सिद्ध करना । **उप**—१ उपमा देना तुलना करना, समानता दर्शाना । **परि**—१ नापना, गिनना, तोलना, परिमाण करना । **प्र**—१ प्रमाण होना ।

माक्षि (मांक्ष) कांक्षायाम् (१।४४६, प०, मांक्षति) १ इच्छा करना, चाहना ।

माङ् माने शब्दे च, माङ् माने—'मा माने' के साथ देखें ।

मान पूजायाम् (१।६९९, आ०, मीमांसते[2]) १ ज्ञान-प्राप्ति की इच्छा करना, शोध करना (१०।२७०, उ०, मानयति, ते; मानति[3]) १ सत्कार करना, मनाना । **प्र**—१ प्रमाण करना । **अप—अव**—१ अपमान करना, तिरस्कार करना ।

मार्ग अन्वेषणे, संस्कारे च (१०।२७३, उ०, मार्गयति, ते; मार्गति[3]) १ ढूंढना. २ स्वच्छ करना, शुद्ध करना ।

मार्ज शब्दार्थः (१०।११६, उ०, मार्जयति, ते) १ शब्द करना ।

माहृ माने (१।६३६, उ०, माहति, ते) १ नापना, गिनना, तोलना ।

मिछ उत्क्लेशे (६।१६, प०,

---

१. इदित् होने से पक्ष में शप् ।
२. माने जिज्ञासायाम् (वा० ३।१।६) से सन् ।
३. आधृषाद्वा (१०।२३०) से णिच् के अभाव में शप् ।

मिच्छति) १ पीडा करना, दुःख देना. २ रोकना, निषेध करना।

मिजि (मिञ्ज्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, मिञ्जयति, ते; मिञ्जति[1]) १ चमकना, बोलना।

मिञ् प्रक्षेपणे (५।४, उ०, मिनोति, मिनुते) १ फैंकना. २ फैलाना।

मिथृ मेधाहिंसनयोः (१।६१०, उ०, मेथति, ते) १ समझना, जानना. २ पीडा करना, दुःख देना। **संगमे**— १ एकत्र करना, जोड़ना।

मिदा स्नेहने (१।४९५, आ०, मेदते; ४।१२६, प०, मेद्यति, १०।८ पाठा०, उ०, मेदयति, ते) १ स्निग्ध होना. २ पिघलना. ३ अभ्यञ्जन करना, आञ्जना, पोतना. ४ प्रीति करना, प्यार करना ५ नरम होना, मृदुल होना।

मिदि (मिन्द्) स्नेहने (१०।८, उ०, मिन्दयति, ते; मिन्दति[1]) १ स्निग्ध होना. २ पिघलना. ३ अभ्यञ्जन करना, आञ्जना, पोतना. ४ प्रीति करना, प्यार करना. ५ नरम होना।

मिदृ मेधाहिंसनयोः (१।६०९, उ०, मेदति, ते) १ समझना, जानना. २ पीडा करना, दुःख देना, ३ हानि करना।

मिधृ मेधाहिंसनयोः, संगमे च (१।६११, उ०, मेधति, ते) १ समझना, जानना. २ पीडा करना, दुःख देना. ३ एकत्र करना, जोड़ना, जुड़ाना, संयुक्त करना।

मिल श्लेषणे, मिल संगमे (क्रमशः ६।७३, प०, मिलति; ६।१३८, उ०, मिलति, ते) १ मिलना, संयुक्त होना, जुड़ना।

मिवि सेवने सेचने च (१।३९१, प०, मिन्वति) १ सेवा करना, शुश्रूषा करना. २ सींचना, प्रोक्षण करना, गीला करना।

मिश शब्दे रोषकृते च (१।४७९, प०, मेशति) १ शब्द करना, आवाज करना. २ क्रोध करना, गुस्सा करना।

मिश्र सम्पर्के (१०।३४९, उ०, मिश्रयति, ते) १ मिश्रित करना, एकत्र करना।

मिष स्पर्धायाम् (६।६२, प०, मिषति) १ स्पर्धा करना, होड लगाना. २ झगड़ना, कलह करना।

मिषु सेचने (१।४९५, प०, मेषति) १ सींचना, प्रोक्षण करना, नि—१ पलक मारना। उत्— १ आंख खोलना।

मिह सेचने (१।७१८, प०, मेहति) १ गीला करना, सींचना, प्रोक्षण करना. २ पेशाब करना।

मी गतौ (१०।२५०, उ०,

1. इदित् होने से पक्ष में शप्।

मायर्यात, ते; मयति[1]) १ समझना, जानना. २ जाना ।

मीङ् हिंसायाम् (४।२७, आ०, मीयते) १ मारना, देह त्याग करना ।

मीञ् हिंसायाम् (६।४, उ०, मीनाति, मीनीते) १ मार डालना या दुःख देना ।

मीमृ गतौ शब्दे च (१।३१५, ३१६, प०, मीमति) १ जाना. २ शब्द करना, आवाज करना ।

मील निमेषणे (१।३४७, प०, मीलति) १ आंखें मूंदना, पलक मारना । उत्—१ जगाना. २ खिलना. ३ फैलना । नि—१ बन्द करना या होना ।

मीव स्थौल्ये (१।३८०, प०, मीवति) १ मोटा होना, स्थूल होना ।

मुच कल्कने (१।१०३ पाठा०, आ०, मोचते) १ बोलना, कहना. २ पीसना. ३ ठगना ।

मुच प्रमोचनमोदनयोः (१०। २१२, उ०, मोचयति, ते) १ छोड़ना. २ द्रव्यादि देना. ३ प्रसन्न होना ।

मुचि (मुञ्च्) कल्कने (१।१०३, आ०, मुञ्चते) १ बोलना, कहना. २ पीसना, कूटना. ३ ठगना, फंसाना. ४ दुराचरणी होना. ५ गर्व करना । प्र—१ प्रतिदान करना, बहुत देना. २ समर्पण करना, देना ।

मुच्लृ मोचने (६।१३६, उ०, मुञ्चति, ते) १ मुक्त करना, छोड़ना. २ त्याग करना ।

मुज मुजि (मुञ्ज) शब्दार्थौ (१।१५२, प०, मोजति, मुञ्जति) १ शब्द करना, आवाज करना ।

मुट मर्दने (१।२१५, प०, मोटति) १ घिसना, मर्दन करना २ दबाना, मुक्की मारना, मलना ।

मुट आक्षेपप्रमर्दनयोः (६।८३, प०, मुटति) १ निन्दा करना, दोष देना. २ घिसना, मर्दन करना ।

मुट संचूर्णने (१०।८१, उ०, मोटयति, ते) १ चूर्ण करना, मर्दन करना. २ गूंथना ।

मुटि (मुण्ट्) खण्डने (१।२२३, पाठा०, क्षीरत०, प०, मुण्टति) १ खण्ड खण्ड करना, टुकड़े करना ।

मुठि (मुण्ठ्) पालने (१।१६४, आ०, मुण्ठते) १ पालन करना, रक्षा करना । **पलायने**—१ उड़ना, उड़ जाना, भाग जाना ।

मुडि (मुण्ड्) खण्डने (१।२१७, प०, मुण्डति) १ चूर्ण करना. २ क्षौर करना, मुण्डन करना, हजामत करना ।

मुडि (मुण्ड्) मार्जने (१।१७४, आ०, मुण्डते) १ स्वच्छ करना. २ स्वच्छ होना. ३ डूबना ।

---

१. आधृषाद्वा (१०।२३०) सूत्र से पक्ष में शप् ।

मुण प्रतिज्ञाने (६।४६, प०, मुणति) १ प्रण करना, वचन देना।

मुद हर्षे (१।१५, आ०, मोदते) १ आनन्दित होना, प्रसन्न होना, **अनु**—अनुमोदन क ना।

मुद संसर्गे (१०।२०६, उ०, मोदयति, ते) १ मिश्रित करना, एकत्र करना।

मुर संवेष्टने (६।५४, प०, मुरति) १ घेरना. २ लपेटना।

मुर्छा मोहसमुच्छ्राययोः (१।१२७, प०, मूर्च्छति) १ मुरझाना, मूर्छित होना. २ बढ़ना।

मुर्वी बन्धने (१।३८४, प०, मूर्वति) १ बांधना, रोकना।

मुल रोहणे (१०।५८ पाठा०, क्षीरतर०, उ०, मोलयति, ते) १ बोना, बीजारोपण करना।

मुष स्तेये (१।४५८, क्षीरतर०, प०, मोषति; ६।६०, प०, मुष्णाति) १ चुराना, चोरी करना।

मुस खण्डने (४।११०, प०, मुस्यति) १ टुकड़े टुकड़े करना, कतरना, तोड़ना, चीरना।

मुस्त संघाते (१०।६६, उ०, मुस्तयति, ते) १ ढेर करना, बटोरना, एकत्र करना, राशि करना।

मुह वैचित्त्ये (४।८७, प०, मुह्यति) १ पागल होना, बुद्धिभ्रष्ट होना।

मूङ् बन्धने (१।६६४, आ०, मवते) १ बांधना, जकड़ना।

मूञ् बन्धने (६।११, उ०, मुनाति, मुनीते) १ बांधना, जकड़ना।

मूत्र प्रस्रवणे (१०।३३०, उ०, मूत्रयति, ते) १ मूतना, पेशाब करना।

मूर्छा मोहसमुच्छ्राययोः (१। १२७, पाठा०, प०, मूर्च्छति) १ मूर्च्छित होना, मोहित होना, ज्ञान-रहित होना. २ बढ़ना।

मूल प्रतिष्ठायाम् (१।३५६, उ०, मूलति, ते) १ जड़ जमाना, दृढ़ बैठ जाना। **रोहणे**—(१०।७७, उ०, मूलयति, ते) १ बीजारोपण करना, बोना, कलम करना। उत्—१ जड़ से उखाड़ना।

मूष स्तेये (१।४५४, प०, मूषति) १ चोरी करना. २ चुराना, ३ मूसना।

मृक्ष संघाते (१।४४४, प०, मृक्षति) १ ढेर करना, बटोरना, एकत्र करना।

मृग अन्वेषणे (४, गणान्ते क्षीरत०, प०, मृग्यति; १०।३२२, आ०, मृगयते) १ मृगया करना, शिकार करना. २ ढूंढ़ना।

मृङ् प्राणत्यागे (६।११३, आ०, म्रियते) १ मरना, देहत्याग करना।

मृजू शौचालंकारयोः (१०। २७५, उ०, मार्जयति, ते

मार्जति[1]) १ स्वच्छ करना, धोना, २ पवित्र होना. ३ संवारना, अलंकृत करना ।

मृजूष् (मृज्) शुद्धौ (२।५६, प०, मार्ष्टि) १ धोना, स्वच्छ करना. २ संवारना । **अप—प्र**—१ सफा करना, झाड़ना, बुहारना. २ स्वच्छ करना. पवित्र करना ।

मृड सुखने (६।३६, प०, मृडति) १ सुख देना, प्रसन्न करना. २ सुखी होना, प्रसन्न होना ।

मृड क्षोदे सुखे च (९।४८, प०, मृड्णाति) १ चूर्ण करना, कूटना, पीसना. २ सुख देना, प्रसन्न करना ।

मृण हिंसायाम् (६।४३, प०, मृणति) १ दुःख देना, पीड़ा करना ।

मृद क्षोदे (९।४७, प०, मृद्नाति) १ पीसना, कूटना, चूर्ण करना ।

मृधु उन्दने (१।६१३, उ०, मर्द्धति, ते) १ मार डालना या दुःख देना. २ आर्द्र करना, गीला करना, गीला होना ।

मृश आमर्शने (६।१३४, प०, मृशति) १ स्पर्श करना, छूना. २ देखना. ३ विचार करना । **परा**—१ बुद्धिपूर्वक कहना, सलाह देना । **वि**—१ विचार करना, मनन करना । **सम्**—१ स्पर्श करना ।

मृष तितिक्षायाम् (४।५३, उ०, मृष्यति, ते; १०।२७६, उ०, मर्षयति, ते, मर्षति[1]) १ सहन करना । **आ**—१ गुस्सा करना । **वि**—१ विपत्ति में पड़ना ।

मृषु सेचने (१।४६८, प०, मर्षति) १ प्रोक्षण करना, सींचना ।

मॄ हिंसायाम् (९।२१, प०, मृणाति) १ मार डालना या दुःख देना, पीछे देना । **प्रति**—१ बदलना ।

मेट्ट मेड़ उन्मादे (१।१८९ पाठा०, प०, मेटति, मेडति) १ पागल होना ।

मेथृ मेधाहिंसनयोः (१।६१०, उ०, मेथति, ते) १ समझना, जानना. २ मार डालना या दुःख देना, पीडा करना । **संगमे**—१ इकट्ठा करना ।

मेदृ मेधाहिंसनयोः (१।६०९, उ०, मेदति, ते) १ समझना, जानना. २ मार डालना या दुःख देना, पीडा करना ।

मेधा आशुग्रहणे (११।११, प०, मेधायति) १ शीघ्र समझना, जल्दी जान लेना ।

मेधृ मेधाहिंसनयोः संगमे च (१।६११, उ०, मेधति, ते) १ समझना, जानना. २ मार डालना या दुःख देना. ३ इकट्ठा करना, सङ्गति करना, मेल करना ।

---

१. **आधृषाद्वा** (१०।२३०) वचन से पक्ष में शप् ।

मेपृ गतौ (१।२५८, आ०, मेपते) १ जाना. २ सेवा करना।

मेवृ सेवने (१।३३७, आ०, मेवते) १ सेवा करना।

मोक्ष असने (१०।१७७, क्षीरत०, प०, मोक्षयति) १ मुक्त करना, छोड़ देना।

म्ना अभ्यासे (१।६६३, प०, मनति[1]) १ विचार करना, मनन करना।

म्रक्ष संघाते (१।४४५, प०, म्रक्षति) १ बटोरना, एकत्र करना, ढ़ेर करना. २ लेपन करना, लीपना।

म्रक्ष म्लेच्छने (१०।१३० पाठा०, उ०, म्रक्षयति, ते) १ मिश्रित करना. २ अशुद्ध करना।

म्रछ म्लेच्छने (१०।१३०, उ०, म्रच्छयति, ते) १ मिश्रित करना. २ अशुद्ध बोलना।

म्रद मर्दने (१।५१८, आ०, म्रदते) १ मर्दन करना, पीसना, कूटना।

म्रुचु म्रुञ्चु गतौ (१।११६, प०, म्रोचति, म्रुञ्चति) १ जाना, स्थानान्तर करना।

म्रेटृ उन्मादे (१।१८६ पाठा०, प०, म्रेटति) १ पागल होना।

म्रेडृ उन्मादे (१।१८६, प०, म्रेडति) १ पागल होना।

म्लक्ष संघाते (१।४४५ पाठा०, प०, म्लक्षति; **म्लेच्छने**—१०।१३०, उ०, म्लक्षयति, ते) १ मिश्रित करना, एकत्र करना, २ अशुद्ध बोलना, असंबद्ध बोलना।

म्लुचु म्लुञ्चु गत्यर्थौ (१।११६, प०, म्लोचति, म्लुञ्चति) १ जाना, स्थानान्तर करना। **अभिनि**—१ नीचे जाना, अस्त होना।

म्लेच्छ अव्यक्ते शब्दे—अव्यक्तायां वाचि वा (१।१२१, प०, म्लेच्छति; १०।१३१ उ०, म्लेच्छयति, ते) १ अस्पष्ट या अशुद्ध बोलना. २ असंबद्ध सम्भाषण करना, बोलना. ३ म्लेच्छ भाषा बोलना, जंगली भाषा बोलना।

म्लेटृ उन्मादे (१।१८६, प०, म्लेटति) १ पागल होना।

म्लेडृ उन्मादे (१।१८६ पाठा०, प०, म्लेडति) १ पागल होना।

म्लेवृ सेवने (१।३३७, आ०, म्लेवते) १ सेवा करना, शुश्रूषा करना, चाकरी करना।

म्लै हर्षक्षये (१।६४४, प०, म्लायति) १ थकना, श्रान्त होना. २ निरुत्साह होना. ३ नष्ट होना. ४ मुरझाना, कुम्हलाना।

य

यक्ष पूजायाम् (१०।१६१, उ०,

१. पाघ्राध्मास्थाम्ना० (अष्टा० ७।३।७८) से 'मन' आदेश।

यक्षयति, ते) १ आराधना करना, पूजा करना, सत्कार करना।

यज देवपूजासंगतिकरणदानेषु (१।७२८, उ०, यजति, ते) १ यज्ञ करना, हवन करना. २ देवपूजा करना. ३ अर्पण करना, देना. ४ संगति करना, संयोग करना।

यती प्रयत्ने (१।२५, आ०, यतते) १ यत्न करना, उद्योग करना. २ निश्चय करना, ठहराना।

यत निकारोपस्कारयोः (१०।२०३, उ०, यातयति, ते) १ दुःख देना. २ मारना, ठोकना, चपेटना. ३ आज्ञा करना. ४ एकत्र करना, टोरना. ५ मना करना, रोकना। **निर्**—१ बदला चुका लेना, बैर शुद्धि करना. २ देना, दान देना. ३ अपने पास दूसरे की जो वस्तु हो सो लौटा या वापिस देना. ४ माल बाहर भेजना। **वि**—१ धृष्टता करना।

यत्रि (यन्त्र्) संकोचने (१०।३, उ०, यन्त्रयति, ते, यन्त्रति[१]) १ स्वाधीन रखना. २ संकुचित करना।

यभ मैथुने (१।७०८, प०, यभति) १ मैथुन करना, संयोग करना।

यम उपरमे (१।७१०, प०, यच्छति[२]) १ प्रतिबन्ध करना, रोकना, अवरोध करना। **नि**—१ दौड़ाना, भगाना. २ कुलाचार करना. ३ आकलन करना, आकर्षण करना, खींचना. ४ नियम में बांधना। **उत्**—(उ०[३]) १ यत्न करना, उद्योग करना. २ ऊपर उठाना. ३ ऊपर चढ़ना। **व्या**—(आ०[४]) १ कष्ट करना, मेहनत करना. २ व्यवहार करना. ३ अपना उद्योग करना। **सन्नि**—(प०) १ प्रतिरोध करना, रोकना। **आ**—(आ०[४]) १ हाथ पसारना, (प०) १ जाना. २ बलात्कार से लेना। **सम्**—(उ०[३]) १ अपनी वस्तुओं को एकत्र करना, ढेर करना. (प०) १ संयोग करना, मेल करना। **उप**—(उ०[३]) १ विवाह करना, ब्याहना, शादी करना. २ मान्य करना, स्वीकार करना. ३ विद्या से जीतना, विद्या के बल से स्वाधीन रखना।

यम परिवेषणे (१०।९१, उ०, यमयति, ते; **परिवेषणादन्यत्र**—यामयति) १ स्वाधीन रखना, काबू में रखना. २ पोषण करना, खाने को देना।

यसु प्रयत्ने (४।१००, प०,

---

१. इदित् करण से पक्ष में शप्।

२. इषुगमियमां छः (अष्टा० ७।३।७७) सूत्र से छकारादेश।

३. अष्टा० १।३।७५ सूत्र से कर्त्रभिप्राय में आ०, अन्यत्र प०।

४. अष्टा० १।३।२८ सूत्र से अकर्मक से आ०, अन्यत्र प०।

यस्यति) १ यत्न करना। **आ**—१ मेहनत करना, कष्ट करना। **निर्**—१ खोना।

या प्रापणे (२।४२, प०, याति) १ जाना. २ प्राप्त होना. ३ पहुंचना। **अनु**—१ अनुसरण करना, पीछे पीछे जाना। **अभि**—१ पहुंचना, पास जाना। **आ**—१ आना, प्रस्तुत होना। **उप**—१ छोड़ना, त्याग करना। **निर्**—१ बाहर जाना, आगे जाना. २ शीघ्रता से निकल जाना। **प्र**—१ जाना। **प्रति**—१ किसी ओर जाना। **प्रत्युत्**—१ सामने जाना। **समभि**—१ समीप जाना। **समा**—१ आना या पहुंचना।

याचृ याच्ञायाम् (१।६०५, उ०, याचति, ते) १ याचना करना, मांगना. २ देने की चाहना करना, देने के लिये निकालना।

यु मिश्रणे अमिश्रणे च (२।२६, प०, यौति) १ मिश्रित करना, मिलाप करना. २ पृथक पृथक् करना।

यु जुगुप्सायाम् (१०।१७९, आ०, यावयते) १ अपमान करना, दोष लगाना, निन्दा करना।

युगि (युङ्ग्) वर्जने (१।९१, प०, युङ्गति) १ छोड़ देना, त्याग करना।

युछ प्रमादे (१।१२९, प०, युच्छति) १ दुर्लक्ष्य करना, असावधान रहना, प्रमाद करना।

युज समाधौ (४।६६, आ०, युज्यते) १ चित्त स्थिर करना, मन को रोकना।

युज संयमने (१०।२३१, उ०, योजयति, ते, योजति[1]) १ संयत करना, बांधना, वश में रखना।

युजिर् (युज्) योगे (७।७, उ०, युनक्ति, युङ्क्ते) १ जुड़ना, मिलाप करना, एकत्र करना। **अनु**—१ प्रश्न करना, पूछना. २ चौकस करना. ३ दोष लगाना। **अभि**—१ बोलना. २ दोष लगाना. ३ फरियाद करना. ४ अद्भुत प्रश्न करना। **उप**—१ खाना. २ उपयोग करना, काम में लाना. ३ जबरन लेना। **नि**—१ आज्ञा करना, हुक्म करना. २ मिलाप करना, एकत्र करना। **प्र**—१ योग्य होना, फबना. २ यत्न करना. ३ मिलाप करना. ४ ऋण देना, पैसा उधार देना। **वि**—१ अलग करना, पृथक् करना. २ प्रेरणा करना, भेजना। **विनि**—१ व्यय करना, खर्च करना, नियमित करना. ३ भेजना, प्रेरणा करना. ४ गूंथना, एकत्र करना। **विप्र**—१ अलग अलग करना, विभक्त करना। **सम्**—१ युक्त करना, मिलाप करना। **समा**—१ बहुत विचार करना।

---

१. **आधृषाद्वा** (१०।२३०) सूत्र से पक्ष में शप्।

युञ् बन्धने (९।७, उ०, युनाति, युनीते) १ बांधना, बन्धन करना, गूंथना।

युतृ भासने (१।२६, आ०, योतते) १ चमकना, प्रकाशित होना।

युध संप्रहारे (४।६२, आ०, युध्यते) १ युद्ध करना, लड़ाई करना, झगड़ना।

युप विमोहने (४।१२४, प०, युप्यति) १ चित्त वैक्लव्य होना, घबरा जाना।

यूष हिंसायाम् (१।४५७, प०, यूषति) १ मारना, दुःख देना, पीडा करना।

येषृ प्रयत्ने (१।४११ पाठा०, आ०, येषते) १ प्रयत्न करना. २ आग्रह करना, चिपक के रहना।

यौट्ट बन्धने (१।१८८, प०, यौटति) १ बांधना, वश में रखना।

यौडृ बन्धने (१।१८८ पाठा०, प०, यौडति) १ बांधना, वश में रखना।

र

रक्ष पालने (१।४४०, प०, रक्षति) १ रक्षण करना. पालन करना। परि—१ रक्षण करना, पालन करना, बचाव करना।

रख रखि (रङ्ख्) गत्यर्थौ (१।८८, प०, रखति, रङ्खति) १ जाना।

रग आस्वादने (१०।२०६, उ०, रागयति, ते) १ स्वाद लेना, रुचि लेना।

रग रगि (रङ्ग्) गत्यर्थौ (१।८८, प०, रगति, रङ्गति) १ जाना, रेंगना।

रगे शङ्कायाम् (१।५३४, प०, रगति) १ शंका करना, संदिग्ध होना।

रघ आस्वादने (१०।२०५, उ०, राघयति, ते) १ स्वाद लेना, रुचि लेना।

रघि (रङ्घ्) गत्यर्थः (१।७४, आ०, रङ्घते) १ जाना।

रघि (रङ्घ्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, रङ्घयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना।

रच प्रतियत्ने (१०।२८१, उ०, रचयति, ते) १ रचना. २ शिल्प कर्य करना. ३ ग्रन्थ बनाना।

रञ्ज रागे (१।७२५. उ०, रजति, ते; ४।५६, उ०, रज्यति, ते) १ रंग देना, रंगना। अनु—१ किसी वस्तु में अनुरक्त होना, तत्पर होना, लवलीन होना, मोहित होना। अप—वि—१ विरक्त होना, तिरस्कार करना।

रट रठ परिभाषणे (१।१६३, २२६, प०, रटति, रठति) १ बोलना, सम्भाषण करना।

रण शब्दार्थः गत्यर्थः (१।३०३, ५३६, प०, रणति) १ शब्द करना, आवाज करना. २ जाना।

रद विलेखने (१।४३, प०, रदति) १ विदारण करना, चीरना. २ खोदना।

रध हिंसासंराध्योः (४।८२, प०, रध्यति) १ पूरा करना, समाप्त करना. २ अपकार करना, मार डालना या दुःख देना. ३ पक्व होना, पकना. ४ शुद्ध होना, निर्दोष होना, गलती न करना।

रप व्यक्तायां वाचि (१।२८५, प०, रपति) १ स्पष्ट बोलना।

रफ रफि (रम्फ्) गतौ (१।२८८, प०, रफति, रम्फति) १ जाना। **हिंसायामेके**— १ मार डालना या दुःख देना।

रबि (रम्ब्) शब्दे (१।२६२, आ०, रम्बते) १ शब्द करना।

रभ राभस्ये (१।७०१, आ०, रभते) १ आनन्दित होना, प्रसन्न होना। **आ**— १ प्रारम्भ करना, शुरू करना. २ आनन्दित होना, प्रसन्न होना।

रभि (रम्भ्) शब्दे (१।२७० आ०, रम्भते) १ शब्द करना, आवाज करना। **परि**—१ आलिङ्गन करना, गले लगाना।

रमु क्रीडायाम् (१।५६२, आ०, रमते) १ रमना, क्रीडा करना, खेलना। **आ**—(प०[1]), **उप**—(उ०[2]), **वि**—(प०[1]) १ विराम करना, स्थिर रहना, आराम करना।

रय् गतौ (१।३२३, आ०, रयते) १ जाना. २ हिलना।

रवि (रण्व) गत्यर्थः (१।३६३, प०, रण्वति) १ जाना।

रस शब्दे (१।४७२, प०, रसति) १ शब्द करना, आवाज करना।

रस आस्वादनस्नेहनयोः (१०। ३५८, उ०, रसयति, ते) १ स्वाद लेना, चखना. २ प्रीति करना, प्यार करना।

रह त्यागे (१।४८६, प०, रहति; १०।६४, उ०, राहयति, ते; १०। २८४ अदन्तः, उ०, रहयति, ते) १ छोड़ना, त्याग करना। **वि**— १ अलग होना, भिन्न होना।

रहि (रंह) गतौ (१।४८७, प०, रंहति) १ वेग से जाना।

रहि (रंह) भासार्थः भाषार्थ वा (१०।२२४, उ०, रहयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना, सम्भाषण करना।

रा दाने (२।५०, प०, राति) १ देना. २ मिल जाना।

राखृ शोषणालमर्थयोः (१।८६, प०, राखति) १ सूखना, शुष्क होना.

---

१. अष्टा० १।३।८३ ॥ २. अष्टा० १।३।८४ ॥

२ संवारना, भूषित करना, अलंकृत करना. ३ कार्यक्षम होना, पूरा होना. ४ रोकना, निषेध करना, विघ्न करना ।

राधृ सामर्थ्ये (१।७८, आ०, राधते) १ समर्थ होना, शक्य होना, योग्य होना ।

राजृ दीप्तौ (१।५६६, आ०, राजते) १ चमकना, शोभित होना । **निर्—(नी)** १ आरती करना । **वि**—१ शोभित होना, प्रकाशित होना, चमकना. २ जीतना ।

राध वृद्धौ (४।६६, अकर्मकात् प०, राध्यति) १ सिद्ध होना २ बढ़ना ।

राध संसिद्धौ (५।१७, प०, राध्नोति) १ पूरा करना, सिद्ध करना । **अप**—१ अपराध करना । **आ**—१ आराधना करना, उपासना करना । **सम्**—१ सिद्ध करना ।

रासृ शब्दे (१।४१६, आ०, रासते) १ शब्द करना ।

रि हिंसायाम् (५।३०, प०, रिणोति) १ दुःख देना, पीडा करना ।

रि गतौ (६।११४, प०, रियति) १ जाना ।

रिख गत्यर्थः (१।८६, प०, रेखति) १ जाना ।

रिगि (रिङ्ग्) गत्यर्थः (१।८८, प०, रिङ्गति) १ जाना ।

रिच वियोजनसंपर्चनयोः (१०।२४०, उ०, रेचयति, ते, रेचति) १ एकत्र करना, जोड़ना, बांधना. २ अलग अलग करना, फैलाना. ३ दस्त देना, पेट साफ करना, रेचक दवा देना ।

रिचिर् (रिच्) विरेचने (७।४, उ०, रिणक्ति, रिङ्क्ते) १ मल शुद्धि होना, दस्त खुलना, झाडा होना. २ गर्भपात कराना, गर्भ गिराना । **अति**—१ अतिरिक्त होना, अतिक्रमण करना । **वि**—१ मल शुद्धि होना, दस्त खुल कर होना, झाड़ा साफ होना ।

रिफ कत्थनयुद्धनिन्दाहिंसादानेषु (६।२३, प०, रिफति) १ बोलना, कहना. २ युद्ध करना, लड़ाई करना, झगड़ना. ३ दोष लगाना, निन्दा करना. ४ दुःख देना, पीडा करना. ५ देना, दान देना. ६ आत्मप्रशंसा या स्तुति करना ।

रिवि (रिण्व्) गत्यर्थः (१।३६३, प०, रिण्वति) १ जाना ।

रिश हिंसायाम् (६।१२६, प०, रिशति) १ मार डालना या दुःख देना. २ मारने का यत्न करना ।

रिष हिंसार्थः (१।४६२, प०, रेषति; ४।१२०, प०, रिष्यति) १ मार डालना या दुःख देना, मारने का यत्न करना ।

रिह कत्थनयुद्धनिन्दाहिंसादानेषु (६।२४, प०, रिहति) १ कहना, २ आत्मप्रशंसा करना. ३ लड़ाई करना ४ निन्दा करना. ५ मार डालना या दु:ख देना, मारने का यत्न करना. ६ देना।

री गतिरेषणयोः (६।३२, प०, रिणाति) १ जाना. २ अरण्य पशु के समान पुकारना. ३ पीडा करना, दुःख देना।

रीङ् स्रवणे (४।२८, आ०, रीयते) १ झरना, चूना, टपकना. २ गिरना, नीचे आना।

रु शब्दे (२।२८, प०, रौति) १ शब्द करना, आवाज करना।

रुङ् गतिरेषणयोः (१।६८६, आ०, रवते) १ जाना, चलना. २ मार डालना या दुःख देना. ३ बोलना, सम्भाषण करना. ४ क्रोध करना, गुस्सा करना।

रुच दीप्तावभिप्रीतौ च (१।४६८, आ०, रोचते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ आनन्द करना, प्रसन्न होना, उत्साह करना. ३ रुचना।

रुज हिंसायाम् (१०।२२७, उ०, रोजयति, ते) १ मारना, दुःख देना।

रुजो भङ्गे (६।१२६, प०, रुजति) १ दुःख से या रोग से पीडित होना. २ वक्र होना, बांका होना, टेढा होना. ३ टूट जाना।

रुट उपघाते (१।५००, आ०, रोटते) १ प्रतिबन्ध करना, रोकना. २ झगड़ना ३ कामवेग से तड़फना, जमीन पर लेटना।

रुट रोषे (१०।१४१, उ०, रोटयति, ते) १ क्रोध करना, गुस्सा करना।

रुट भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, रोटयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना, भाषण करना।

रुटि (रुण्ट) स्तेये (१।२१६, प०, रुण्टति) १ चुराना, मूसना।

रुठ उपघाते (१।२८८, प०, रोठति) १ मारना, नीचे गिरना. (१, क्वाचित्कः, आ०, रोठते) १ रोकना, आड़े आना।

रुठि (रुण्ठ्) स्तेये (१।२२०, प०, रुण्ठति) १ चुराना, मूसना।

रुठि (रुण्ठ) गतौ (१।२३७, प०, रुण्ठति) १ जाना. २ आलस्य करना. ३ लगड़ाना।

रुदिर् (रुद्) अश्रुविमोचने (२।६०, प०, रोदिति) १ रोना. २ रोते रोते कहना। **उपा**—१ रो रो कर शान्त करना. २ दूसरे के लिये रोना।

रुध कामे (४।६३, अनुपूर्वः, प०, अनुरुध्यते) १ कृपालु होना, दया करना. २ अनुमोदन देना, सलाह

करना. ३ शोक करना, रोना. ४ चाहना ।

रुधिर् (रुध्) आवरणे (७।१, उ०, रुणद्धि, रुन्धे) १ रोकना. २ घेर लेना, घेरना । **अभिसम्** १ प्रतिरोध करना, मना करना । **अव**—१ साव-धान रहना, दक्षता से रहना । **उप** – १ घेरना, घेर लेना, सेना के द्वारा घेरना । **प्रति**—१ रोकना । **सन्नि** – १ बन्द करना, सैन्य आदि से बन्द करना ।

रुप विमोहने (४।१२४, प०, रुप्यति) १ विकल चित्त होना, भ्रान्त होना, घबरा जाना ।

रुश हिंसायाम् (६।१२६, प०, रुशति) १ मार डालना या दुःख देना ।

रुशि (रुंश्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, रुंशयति, ते, रुंशति[1]) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना ।

रुष हिंसार्थः (१।४६२, प०, रोषति; ४।१२०, प०, रुष्यति) १ मार डालना या दुःख देना, मार डालने का यत्न करना ।

रुष रोषे (१०।१४०, उ०, रोषयति, ते) १ क्रोध करना, गुस्सा करना ।

रुह बीजजन्मनि प्रादुर्भावे च (१। ५६८, प०, रोहति) १ बीज से उत्पन्न होना, बीज का उगना. २ उत्पन्न होना, पैदा होना, प्रकट होना. ३ जन्म होना, जन्म लेना । **अधि**—१ ऊपर चढ़ना, चढ़ना, आरोहण करना । **अव** – १ उतरना, नीचे आना । **आ**—१ आरूढ़ होना, ऊपर बैठना. २ ऊपर चढ़ना । **प्र**—१ उगना, अङ्कुर उत्पन्न होना ।

रूक्ष पारुष्ये (१०।३३१, उ०, रूक्षयति, ते) १ कठिन होना, रूक्ष होना. २ कठोर वचन बोलना. ३ नीरस होना, शुष्क होना, सूखना ।

रूप क्रियायाम् (१०।३६०, उ०, रूपयति, ते) १ बनाना, आकार बनाना, रचना करना. २ मन में रूपाकृति लाना । **नि** – १ स्पष्ट बोलना, समझा के कहना. २ वाद करना, वाद विवाद करना, बहस करना ।

रूष भूषायाम् (१।४५५, प०, रूषति) १ संवारना, अलंकृत करना, शृंगार करना ।

रेकृ शंकायाम् (१।६५, आ०, रेकते) १ शंका करना, संदिग्ध होना । **आ**—१ अधिक संदिग्ध होना ।

रेखृ श्लाघासादनयोः (१।१३३, प०, रेखायति) १ स्तुति करना.

१. इदित् करण से पक्ष में शप् ।

२ उत्कर्ष की सीमा बनना. ३ रेखा खींचना।

रेजृ दीप्तौ (१।१११, क्षीरत० पाठा०, आ०, रेजते) १ चमकना, प्रकाशित होना।

रेटृ परिभाषणे (१।६०६, उ०, रेटति, ते) १ बोलना, सम्भाषण करना। **याञ्चायाम्**—१ याचना करना, मांगना।

रेपृ गतौ (१।२५८, आ०, रेपते) १ जाना। **शब्देऽपि**—शब्द करना।

रेभृ शब्दे (१।२६६, आ०, रेभते) १ शब्द करना।

रेवृ प्लवगतौ (१।३३९, आ०, रेवते) १ उड़कर जाना. २ तैर कर पार जाना. ३ नदी के समान बहना।

रेषृ अव्यक्ते शब्दे (१।४१३, आ०, रेषते) १ अस्पष्ट शब्द करना. २ हिनहिनाना. ३ जोर से चिल्लाना।

रै शब्दे (१।६४६, प०, रायति) १ शब्द करना।

रोड़ृ उन्मादे (१।२४६, प०, रोडति) १ उन्मत्त होना, पागल होना. २ अपमान करना।

रौड़ृ अनादरे (१।२४५, प०, रौडति) १ अपमान करना, तिरस्कार करना।

ल

लक्ष दर्शनाङ्कनयोः (१०।५, उ०, लक्षयति, ते; **आलोचने**—१०।१६४, आ०, लक्षयते) १ देखना. २ चिह्न करना, संकेत लगाना. ३ तारतम्य देखना, विवेचन करना, निरूपण करना। **उप**—१ एक अर्थ के कहने से दूसरे अर्थ का बोध करना। **सम्**—१ अच्छी तरह जानना।

लख लखि (**लङ्ख्**) **गत्यर्थौ** (१।८८, प०, लखति, लङ्खति) १ जाना, हिलना।

लग आस्वादने (१०।१८७, क्षीरत०, उ०, लागयति, ते) १ स्वाद लेना, चखना। **क्वचिद् आच्छादने**—१ ढकना, सम्पादित करना।

लगि (**लङ्ग्**) **गत्यर्थः** (१।८८, प०, लङ्गति) १ जाना, लंगडाना।

लगे संगे (१।५३५, उ०, लगति) १ संयोग होना, मिलाप होना. २ स्पर्श होना, छूना।

लघि (**लङ्घ्**) **गतौ भोजननिवृत्तौ च** (१।७४, ७५, आ०, लङ्घते) १ जाना. २ उपवास करना, भूखा रहना। **उत्**—१ लांघना, मर्यादा का अतिक्रमण करना।

लघि (**लङ्घ्**) **शोषणे** (१।९४, प०, लङ्घति) १ कम होना, न्यून होना, अल्प होना. २ शुष्क होना, सूखना।

लघि (लङ्घ्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, लङ्घयति, ते) चमकना. २ आगे बढ़ जाना. ३ बोलना ।

लछ लक्षणे (१।१२२, प०, लच्छति) १ चिह्न करना, निशान करना. २ ध्यान में रखना, दिल में धरना ।

लज अपवारणे (१०।११, उ०, लाजयति, ते) १ ढांकना, छिपाना. २ दूर करना ।

लज लजि(लञ्ज्)भर्जने (१।१४७, प०, लजति, लञ्जति) १ भूंजना, तलना, भूनना । **भर्त्सने**— १ अपमान करना, धिक्कारना ।

लज लजि (लञ्ज्) भासार्थः, भाषार्थो वा (१०।२२४, उ०, लाजयति, ते) १ चमकना. बोलना ।

लज लजि (लञ्ज्) प्रकाशने (१०।३४७, ३४८, उ०, लजयति,ते, लञ्जयति, ते) १ प्रकट होना, स्पष्ट होना ।

लजि(लञ्ज्)हिंसाबलादाननिकेतनेषु (१०।३५, उ०, लञ्जयति, लञ्जति[1] ते) १ दुःख देना, पीड़ा करना. २ दृढ होना, बलवान् होना. ३ देना. ४ रहना, वास करना ।

लजी व्रीडायाम् (६।१०, आ०, लजते) १ लज्जित होना, मुंह छिपाना ।

लट बाल्ये (१।१९४, प०, लटति) १ बालक के समान चेष्टा करना, बोलना. २ अल्प भाषण करना, थोड़ा बोलना ।

लड विलासे (१।२४८, प०, लडति) १ क्रीडा करना, मौज करना. २ जीभ बाहर निकालना ।

लड उपसेवायाम् (१०।७, उ०, लाडयति, ते) १ पालन करना. २ चाहना ।

लडि (लण्ड्) उत्क्षेपणे (१०।६, उ०, लण्डयति, ते, लण्डति[1]) १ ऊपर को फेंकना, ऊपर उड़ाना ।

लडि (लण्ड्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२५, उ०, लण्डयति, ते, लण्डति[1]) १ चमकना. २ बोलना, भाषण करना ।

लप व्यक्तायां वाचि (१।२८५, प०, लपति) १ स्पष्ट बोलना । **अनु**—१ दूसरे के समान बोलना, यथामति बोलना. २ प्रत्युत्तर देना । **अप**—१ स्वीकार नहीं करना, मान्य नहीं करना । **आ**—१ विचार करना, पूछना. २ आलाप करना । **प्र**—१ बकना, बकवास करना । **प्रति**—१ प्राप्त होना, मिलना । **वि**—१ रोना, शोक करना । **विप्र**—१ भाषण का खण्डन करना, प्रतिषेध करना । **सम**—१ बोलना, भाषण

---

१. इदित् करण से पक्ष में शप् ।

करना. २ कष्ट करना, वञ्चना करना।

लबि (लम्ब्) शब्दे, अवस्रंसने च (१।२६२, २६३, आ०, लम्बते) १ शब्द करना, आवाज करना. २ लटकना. ३ नीचे औंधा गिरना। **अव**—१ लटकना, आश्रय करना. २ टिकाना, आश्रय देना. ३ टिकना. ४ नीचे शिर और ऊपर पांव करके लटकना। **आ**—१ विश्वास करना, भरोसा करना। **वि**—१ देर करना।

लभष् (लभ्) प्राप्तौ (१।७०२, आ०, लभते) १ प्राप्त होना, मिलना। **आ**—१ स्पर्श करना[1]।

लर्ब गतौ (१।२८८, प०, लर्बति) १ जाना।

लल विलासे (१।२४८ पाठा०[2], प०, ललति) १ क्रीडा करना, खेलना. २ जीभ बाहर निकाल के हिलाना।

लल ईप्सायाम् (१०।१५६, आ०, लालयते) १ इच्छा करना, चाहना. २ रखना, टिकाना, स्थापित करना. ३ रमण करना, खेलना, रति करना।

लश शिल्पयोगे (१०।१७४ पाठा०, क्षीरत०[3], प०, लाशयति) १ चतुर होना, कला कौशल जानना।

लष कान्तौ (१।६२८, उ०, लषति, ते) १ इच्छा करना, चाहना। **अभि**—१ चाहना।

लष शिल्पयोगे (१०।१७४ पाठा, क्षीरतर०[3], प०, लाषयति) १ चतुर होना, कला कौशल जानना।

लस श्लेषणक्रीडनयोः (१।४७३, प०, लसति) १ आलिङ्गन करना, गले लगाना. २ क्रीडा करना, खेलना, रमण करना। **उत्**— १ चमकना, तेजोयुक्त होना. २ आनन्दित होना, प्रसन्न होना। **वि**—१ विलास करना, रमण करना।

लस शिल्पयोगे (१०।१६४, उ०, लासयति, ते) १ चतुर होना, कुशल होना, कला कौशल जानना।

लस्जी व्रीडायाम् (६।१०, आ०, लज्जते) १ लज्जित होना, शरमाना. घबरा जाना।

ला आदाने (२।५१, प०, लाति) १ लेना, ग्रहण करना. २ देना[4], दान देना।

लाखृ शोषणालमर्थयोः (१।८६,

---

१. हृदयमालभते, गृह्यसूत्रों में। २ डलयोरेकत्वस्मरणात्।

३. १७४ संख्या क्षीरतर०, की है। यह 'लस' (१०।१६४) का पाठान्तर है।

४. 'लादाने' ऐसे संहिता पाठ में 'आदाने' 'दाने' दोनों प्रकार से सन्धिच्छेद हो सकता है।

प०, लाघति) १ युक्त होना, कार्य-क्षम होना, समर्थ होना. २ भूषित करना, संवारना. ४ मना करना, निषेध करना ।

लाघृ सामर्थ्ये (१।७८, आ०, लाघते) १ लायक होना, कार्यक्षम होना, समर्थ होना ।

लाछि (लाञ्छ) लक्षणे (१।१२२, प०, लाञ्छति) १ चिह्न करना, निशान लगाना ।

लाज लाजि (लाञ्ज) भर्जने भर्त्सने च (१।१४८, प०, लाजति, लाञ्जति) १ भूनना. २ दोष लगाना, निन्दा करना ।

लाट जीवने (११।३०, प०, लाटयति) १ जीना ।

लाभ प्रेरणे (१०।३६३, प०, लाभयति) १ प्रेरणा करना, भेजना. २ उडाना, फेंकना ।

लिख अक्षरविन्यासे (६।७४, प०, लिखति) १ लिखना ।

लिगि (लिङ्ग्) गत्यर्थः (१।८८, प०, लिङ्गति) १ जाना । आ— आलिङ्गन करना, गले लगाना ।

लिगि (लिङ्ग्) चित्रीकरणे (१०।२०८, उ०, लिङ्गयति ते, लिङ्गति[1]) १ अनेक तरह का रंग देना, रंगाना ।

लिट अल्पकुत्सनयोः (११,३६, प०, लिटयति) १ अल्प होना, कम होना. २ दोष लगाना, निन्दा करना ।

लिप उपदेहे (६।१४२, उ०, लिम्पति, ते) १ लीपना, पोतना, विलेपन करना. २ बढाना, अधिक करना ।

लिश अल्पीभावे (४।६८, प०, लिश्यति) १ कम करना, न्यून करना ।

लिश गतौ (६।१३० प०, लिशति) १ जाना. २ आना ।

लिह आस्वादने (२।६, उ०, लेढि, लीढे) १ चाटना, चखना ।

ली लीङ् श्लेषणे (लीङ्—४।२६, आ०, लीयते; ली—९।३३, प० लीनाति) १ युक्त होना. प्राप्त होना, मिलना ।

ली द्रवीकरणे (१०।२३५, उ०, लाययति, ते, लयति[2]; लीनयति[3], ते) १ पतला करना, गलाना । आ — १ खर्च करना । प्रवि—१ प्राप्त करना, सम्पादित करना ।

---

१. इदित् करण से पक्ष में शप् ।

२. आधृषाद्वा (१०।२३०) से पक्ष में शप् ।

३. लीलोर्नुग्लुकावन्यतरस्यां स्नेहनिपातने (अष्टा० ७।३।३९) सूत्र से नुक् पक्ष में ।

लुजि (लुञ्ज्) हिंसाबलादाननिकेतनेषु (१०।३५, उ०, लुञ्जयति, ते) १ पीड़ा करना, दुःख देना. २ मोटा होना, बली होना. ३ देना. ४ रहना, वास करना।

लुञ्च अपनयने (१।११४, प०, लुञ्चति) १ कतरना चीरना, तोड़ना. २ छीलना, छाल निकालना. ३ बाल आदि को उखाड़ना।

लुट विलोडने (१।२०७, प०, लोटति) १ विलोडना, कांपना, हिलना।

लुट उपघाते (१।५००, आ०, लोटते) १ प्रतिबन्ध करना, रोकना. २ ढकेलना, धक्का मारना।

लुट संश्लेषणे (६।८६, प०, लुटति) १ संयोग करना, मिलाप करना, जोड़ना, २ आलिङ्गन करना।

लुट भासार्थः भाषार्थो वा (१०। २२३, उ०, लोटयति, ते) १ चमकना. २ बोलना, भाषण करना।

लुटि (लुण्ट्) स्तेये (१।७१६, प०, लुण्टति; १० क्वाचित्कः, प०, लुण्टयति) १ चुराना, मूसना, लूटना. २ अपमान करना, अप्रतिष्ठा करना।

लुठ उपघाते (१।२२८, प०, लोठति; १।५०० क्वचित्, आ०, लोठते) १ नीचे गिराना।

लुठ संश्लेषणे (६।६०, प०, लुठति) १ भूमि का स्पर्श करना, जमीन पर लोटना. २ झरना, बहना।

लुठि (लुण्ठ्) स्तेये (१।२२०, प०, लुण्ठति) १ चुराना, मूसना।

लुठि (लुण्ठ्) आलस्ये प्रतिघाते च (१।२३५, प०, लुण्ठति) १ अलसाना. २ लंगडाना. ३ रोकना।

लुठि (लुण्ठ्) गतौ (१।२३७, प०, लुण्ठति) १ जाना, लुड़कना।

लुण्ठ स्तेये (१०।३२, उ०, लुण्ठयति, ते) १ चुराना, लूटना।

लुथि (लुन्थ्) हिंसासंक्लेशनयोः (१।३६, प०, लुन्थति) १ मार डालना, दुःख देना. २ क्लेशित करना, श्रान्त करना. ३ कष्ट करना, श्रम करना. ४ पीडा भोगना।

लुप विमोहने (४।१२४, प०, लुप्यति) १ मतिभ्रंश होना, चूकना. २ मतिभ्रंश कराना, चूक कराना।

लुप्लृ छेदने (६।१४०, उ०, लुम्पति, ते) १ कतरना, चीरना, टुकड़े टुकड़े करना, नष्ट करना. २ गिराना। **वि**—१ लुप्त करना।

लबि (लुम्ब्) अर्दने (१।२६१, प०, लुम्बति; १०।१२५, उ०, लुम्बयति, ते,) १ मार डालना. २ दुःख देना, पीडा करना. ३ गोदना, नोचना। **अदर्शने**—१ नष्ट होना, गुप्त होना, अदृश्य होना।

लुभ गार्ध्ये (४।१२५, प०,

लुभ्यति) १ आशा करना, चाहना, लोभ करना। **प्र—सम्** – १ लुभाना, आकर्षण करना, खींच लेना।

लुभ विमोहने (६।२२, प०, लुभति) १ मतिभ्रंश होना, भ्रान्त होना।

लूञ् छेदने (६।१२, उ० लुनाति, लुनीते) १ कतरना, चीरना।

लूष भूषायाम् (१।४५५, प०, लूषति) १ संवारना, श्रृंगार करना, सुशोभित करना।

लूष हिंसायाम् (१०।७७, उ०, लूषयति, ते) १ दुःख देना, पीडा करना।

लेट पूर्वभावे स्वप्ने च (११।६, प०,लेटयति) १ पहिले होना. २ सोना। **धौर्त्ये च** – १ जुवा खेलना।

लेपृ गतौ (१।२५८, आ०, लेपते) १ नजदीक जाना, समीप आना। **शब्दे**—१ शब्द करना, आवाज करना।

लेला दीप्तौ (११।७, प०, लेलायति) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ शोभित होना, शोभा पाना।

लोकृ दर्शने (१।६२, आ०, लोकते) १ देखना।

लोकृ भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ० लोकयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ भाषण करना, बोलना।

लोचृ दर्शने (१।६८, आ०, लोचते) १ देखना।

लोचृ भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, लोचयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ भाषण करना, बोलना। **आ**—१ विचार करना, मनन करना।

लोट पूर्वभावे स्वप्ने च (११।६, प०, लोटयति) १ पहिले होना, सोना। **धौर्त्ये च**—जुवा खेलना।

लोडृ उन्माने (१।४६, प०, लोडति) १ मूर्ख होना, पागल होना, उन्मत्त होना।

लोष्ट संघाते (१।१५८, आ०, लोष्टते) १ एकत्र करना, ढेर करना, राशि करना।

व

वकि (वङ्क्) कौटिल्ये गतौ च (१।६६, ७४, आ०, वङ्कते) १ वक्र होना, टेढ़ा होना, दुष्टता करना, नमना. २ वक्र करना, टेढ़ा करना, दुष्टता करना, नमाना. ३ टेढ़ा जाना।

वक्ष रोषे संघाते च (१।४४३, प०, वक्षति) १ क्रोध करना, गुस्सा होना. २ बटोरना, ढेर करना।

वख वखि (वङ्ख्) गत्यर्थौ (१।८८, प०, वखति, वङ्खति) १ जाना।

वगि (वङ्ग्) गत्यर्थः (१।८८, प०, वङ्गति) १ जाना. २ लगड़ाना।

वघि (वङ्घ्) गत्याक्षेपे (१।७६, आ०, वङ्घते) १ जाना. २ दोष लगाना, निन्दा करना. ३ प्रारम्भ करना, शुरु करना ।

वच परिभाषणे (२।५६, प०, वक्ति; १०।२६६, उ०, वाचयति, ते, वचति[1]) १ बोलना, कहना. २ समझाना, जनाना. ३ पढ़ना, अध्ययन करना । **प्र**—१ बोलने का प्रारम्भ करना ।

वज गतौ (१।१५४, प०, वजति) १ जाना ।

वज मार्गसंस्कारगत्योः (१०।६९ क्षीरतर०, उ०, वाजयति, ते) १ जाना. २ सिद्ध करना, तैयार करना. ३ बाण में पङ्ख लगा के तैयार करना ।

वञ्चु गत्यर्थः (१।११६, प०, वञ्चति) १ जाना ।

वञ्चु प्रलम्भने (१०।१७२, आ०, वञ्चयते, वञ्चते[2]) १ ठगना, फंसाना, प्रतारणा करना ।

वट वेष्टने (१।१९६, प०, वटति) १ घेरना, घेर लेना. बांधना, गूंथना, बटना, एकत्र करना ।

वट परिभाषणे (१।५२९, प०, वटति) १ बकना, बकवाद करना ।

वट ग्रन्थे (१०।२८३, उ०, वटयति, ते) बटना, गूंथना ।

वट विभाजने (१०।३४६, उ०, वटयति, ते) १ विभाग करना, अलग अलग करना ।

वटि (वण्ट्) प्रकाशने (१०।३४८, उ०, वण्टयति, ते) १ प्रकाशित होना, प्रकट होना ।

वटि (वण्ट्) विभाजने (१०।३४८, उ०, वण्टयति, ते, वण्टति[3]) १ पृथक् करना, अलग करना, हिस्सा करना, बांटना ।

वठ स्थौल्ये (१।२२३, प०, वठति) १ शक्तिवान् होना, स्थूल होना, मोटा होना ।

वठि (वण्ठ्) एकचर्यायाम् (१।१६२, आ०, वण्ठते) १ अकेला जाना ।

वठि (वण्ठ्) विभाजने (१०।५४, उ०, वण्ठयति, ते, वण्ठति[3]) १ विभाग करना, बांटना ।

वडि (वण्ड्) विभाजने (१।१७१, आ०, वण्डते; १०।५५, उ०, वण्डयति, ते, वण्डति[3]) १ विभक्त करना, बांटना, अलग अलग करना ।

वण शब्दार्थ (१।३०३, प०, वणति) १ शब्द करना ।

वद व्यक्तायां वाचि (१।७३५, वदति,[4] **सन्देशवचने** १०।२६८,

१. आधृषाद्वा(१०।२३०)से पक्ष में शप् । २. द्र० सायणीया धातुवृत्तिः ।
३. इदित् होने से पक्ष में शप् । ४. अष्टा० १।३।४७-५०, ७३ से अर्थ विशेष में कहीं आत्मनेपद, कहीं उभयपद का विधान किया है ।

उ०, वादयति, ते, वदति) १ कहना, स्पष्ट कहना. २ समझाना। **अनु**—(आ०) १ अनन्तर बोलना, साथ बोलना, पीछे से बोलना। **अप**—(उ०) १ निन्दा करना, अपकार कारक भाषण करना। **अभि**—(प०) १ सत्कार पूर्वक अभिनन्दन करना, नमस्कार करना। **उप**—(आ०) १ समझा कर कहना। **निर्**—(प०) १ स्वच्छ बोलना, साफ कहना। **परि**—(प०) १ विरुद्ध बोलना। **प्र**—(प०) १ चार आदमियों के सामने बोलना, षट्कर्णी करना। **प्रति**—(प०) १ उत्तर देना, जवाब देना। **वि**—(आ०) १ वाद विवाद करना, विरुद्ध पक्ष की बात करना, बहस करना। **विप्र**—(उ०) १ विप्रलाप करना, बकवाद करना, निष्ठुर बोलना। **विसम्**—(प०) १ वचन भंग करना, कहने के अनुकूल न करना। **सम्प्र**—(आ०) १ एकत्र होकर स्पष्ट कहना। (प०) १ सभी का एक साथ स्पष्ट बोलना।

वदि (वन्द्) अभिवादन स्तुत्यो: (१।१०, आ०, वन्दते) १ सत्कार पूर्वक कुशल प्रश्न पूछना. २ प्रशंसा करना, स्तुति करना. ३ वन्दना, वन्दन करना।

वन शब्दे संभक्तौ (१।३१०, ३१३, प०, वनति; १०, क्वाचित्क:, प०, वनयति) १ शब्द करना. २ सेवा करना, चाकरी करना. ३ सहायता करना. ४ आपद्ग्रस्त होना।

वनु याचने (८।८, उ०, वनुते, वनोति) १ याचना करना, मांगना। **णिच्**—(१।५४४ मित्, उ०, वनयति, ते) १ दुःख देना. २ कोई धन्धा करना, उद्योग करना।

वप बीजसन्ताने छेदने च (१।७२६, उ०, वपति, ते) १ बीज बोना, बोना. २ उत्पन्न करना, पैदा करना. ३ अन्नादि काटना ४ हजामत करना।

वभ्र गत्यर्थः (१।३७५, प०, वभ्रति) १ जाना, स्थानान्तर करना।

वम उद्गिरणे (१।५८८, प०, वमति) १ कै होना, वमन होना।

वय गतौ (१।३२०, आ० वयते) १ जाना, स्थानान्तर करना।

वर ईप्सायाम् (१०।२८०, उ०, वरयति, ते) १ इच्छा करना, चाहना, आशा करना।

वरण गतौ (११।२१, प०, वरण्यति) १ जाना।

वर्च दीप्तौ (१।९६, आ०, वर्चते) १ प्रकाशित होना, चमकना।

वर्ण प्रेरणे वर्णने च (१०।१९, २०, उ०, वर्णयति, ते) १ आज्ञा करना, प्रेरणा करना, भेजना. २ रंग देना, रंगना।

---

१. आधृषाद्वा (१०।२३०) से पक्ष में णप्।

वर्ण क्रियाविस्तारगुणवचनेषु (१०।३३५, उ०, वर्णयति, ते) १ वर्णन करना, बखानना. २ विस्तृत करना, फैलाना. ३ प्रशंसा करना. ४ चमकना, प्रकाशित होना।

वर्ध छेदनपूरणयोः (१०।१२२, उ०, वर्धयति, ते) १ काटना[1], चीरना. २ भरना, पूर्ण करना।

वर्ष स्नेहने (१।४०८, आ०, वर्षते) १ गीला होना, भीगना।

वर्ह परिभाषणहिंसाऽऽच्छादनेषु (१।४२६, आ०, वर्हते) १ बोलना, कहना. २ मार डालना या दुःख देना. ३ आच्छादित करना, ढकना।

वर्ह भासार्थः भाषार्थो वा (१०। २२३, उ०, वर्हयति, ते) १ चमकना, प्रकाशित होना. २ बोलना. ३ स्मरण करना, याद करना।

वल संवरणे संचलने च (१।३३१, आ०, वलते) १ आच्छादित करना, ढकना. २ घेरना. ३ जाना।

वल्क परिभाषणे (१०।३८, उ०, वल्कयति, ते) १ बोलना।

वल्ग गत्यर्थः (१।८८, प०, वल्गति) १ जाना, फुदकते हुए चलना।

वल्गु पूजामाधुर्ययोः (११।३, प०, वल्गूयति) १ पूजा करना, सम्मान करना. २ मीठा बोलना।

वल्भ भोजने (१।२७४, आ०, वल्भते) १ खाना, भक्षण करना।

वल्यूल लवनपवनयोः (१०।३०६, उ०, पाठा०[2], वल्यूलयति, ते) १ स्वच्छ करना. २ कतरना, चीरना, तोड़ना. **पतने च**—१ गिराना[2]।

वल्ल संवरणे संचलने च (१।३३१. आ०, वल्लते) १ आच्छादित करना, ढकना. २ जाना।

वल्ह परिभाषणहिंसाऽऽच्छादनेषु (१।४२६, आ०, वल्हते) १ बोलना, कहना. २ मार डालना या पीडा करना. ३ आच्छादित करना, ढकना।

वल्ह भासार्थः भाषार्थो वा (१०। २२३, उ०, वल्हयति, ते) १ प्रकाशित होना, चमकना. २ बोलना।

वश कान्तौ (२।७२, प०, वष्टि) १ इच्छा करना, चाहना।

वष हिंसार्थः (१।४६२, प०, वषति) १ मार डालना, पीडा करना।

वष्क दर्शने (१०।३४३, उ०, वष्कयति, ते) १ देखना।

वस आच्छादने (२।१३, आ०, वस्ते) १ वस्त्र पहिरना, ओढना, पोशाक धारण करना।

वस स्नेहच्छेदापहरणेषु (१०। २१३, उ०, वासयति, ते) १ दया करना, प्रीति करना. २ मार डालना.

---

१. प्राङ् नाभिवर्धनात् पुंसो जातकर्म विधीयते । मनु २।२९ ॥

२. द्र० क्षीरतर० १०।२६७ ॥

३ कतरना, चीरना. ४ नष्ट करना, ले लेना।

वस निवासे (१।७३१, प०, वसति करना, टिकना, निवास करना। **अधि**—१ ऊपर बैठना. २ उपभोग करना, काम में लगाना। **उप**—१ उपवास करना, भूखा रहना। **नि**—१ रहना, वास करना, बाहर जाना। **सम्**—१ सहवास करना, साथ रहना, एकत्र करना।

वसु स्तम्भे (४।१०४, प०, वस्यति) १ मन से या शरीर से सीधा होना. २ निश्चल होना.।

वस्क गत्यर्थः (१।७४, आ०, वस्कते) १ जाना।

वह प्रापणे (१।७३०, उ०, वहति, ते) १ बहना, झरना, २ ढोना, ढो ले जाना।

वर्ह (वंह्) वृद्धौ (१।४२२, आ०, वंहते) १ बढ़ना।

वा गतिगन्धनयोः (२।४३, प०, वाति) १ जाना, पवन सा चलना। **नि**—१ नष्ट होना, पवन से बुझना. पीडा करना दुःख देना।

वाक्षि (वाङ्क्ष्) काङ्क्षायाम् (१।४४६, प०, वाङ्क्षति) १ इच्छा करना, चाहना।

वाक्षि (वाञ्छ्) इच्छायाम् (१।१२३, प०, वाच्छति) १ इच्छा करना, चाहना।

वाडृ आप्लाव्ये (१।१८४, आ०, वाडते) १ स्नान करना, नहाना, अङ्ग धोना।

वात सुखसेवनयोः गतौ च (१०।३०७, उ०, वातयति, ते) १ सुखी होना, आनन्द करना. २ सेवा करना, ३ जाना।

वावृतु वरणे (४।४६, आ०, वावृत्यते) १ सेवा करना, शुश्रूषा करना, नोकरी करना. २ ढूंढ निकालना, पसन्द करना।

वाशृ शब्दे (४।५२, आ०, वाश्यते) १ शब्द करना, आवाज करना. २ पक्षी के समान शब्द करना. ३ बुलाना, पुकारना।

वास उपसेवायाम् (१०।३०६, उ०, वासयति, ते) १ वासित करना, सुगन्धित करना, धूपित करना, धूप देना।

विचिर् (विच्) पृथग्भावे (७।५, उ०, विनक्ति, विङ्क्ते) १ पृथक् करना, अलग करना. २ पृथक् होना, अलग होना. ३ छूटना, टूटना. ४ विवेक करना, तारतम्य देखना।

विछ गतौ (६।१३२, प०, विच्छति) १ समीप जाना या आना।

विछ भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ० विच्छयति, ते) १ प्रकाशित होना. चमकना. २ बोलना, भाषण करना।

विजिर् (विज्) पृथग्भावे (३।१२, प०, वेवेक्ति) १ अलग करना या होना. २ टूटना, छूटना. ३ विवेक करना, तारतम्य देखना।

विजी भयचलनयोः (६।६, आ०, विजते, उद्विजते; ७।२२, प०, विनक्ति) १ डरना. २ डर से कम्पित होना. ३ कांपना. ४ आपद्ग्रस्त होना, विपत्ति में पड़ना।

विट शब्दे (१।२१०, प०, वेटति) १ शब्द करना. २ शाप देना।

वित्त समुत्सर्गे (धात्वन्तरे—१०।३५६, प०, वित्तयति) १ देना दान करना, धर्म में व्यय करना।

विथृ याचने (१।२७, आ०, वेथते) १ याचना करना, मांगना।

विद ज्ञाने (२।५७, प०, वेत्ति, वेद) १ समझना, जानना। **निर्**—१ विपद्ग्रस्त होना, दुःखी होना। **सम्**—(संवित्ते) १ ध्यान करना, मनन करना, योगाभ्यास करना।

विद सत्तायाम् (४।६०, आ०, विद्यते) १ जीना, विद्यमान होना, रहना. **निर्**—१ विरक्त होना, निर्विण्ण होना।

विद विचारणे (७।१३, आ०, विन्ते) १ मनन करना, विचार करना।

विद चेतनाख्याननिवासेषु (१०।१७७, आ०, वेदयते) १ शरीर की सुध रखना. २ समझना, जानना. ३ समझा के कहना. ४ रहना, वास करना, वसना, ५ स्थिर रहना। **नि— वि— निर्**— १ समझा के कहना। **प्रति**—१ देना, अर्पण करना।

विद्लृ लाभे (६।१४१, आ०, विन्दते) १ प्राप्त करना, सम्पादित करना। **परि**—१ बड़े भाई का विवाह होने के पहिले छोटे भाई का विवाह करना।

विल संवरणे (६।६८, प०, विलति) १ वस्त्र पहिनना, ओढना. २ छिद्र करना, चीरना।

विल क्षेपे (१०।७२, उ०, वेलयति, ते) १ उड़ाना, फेंकना, प्रेरणा करना।

विश प्रवेशने (६।१३३, प०, विशति) १ घुसना, भीतर जाना, धंसना. २ चारों ओर फैलाना। **प्र**—१ प्रवेश करना, घुस जाना। **उप**—१ बैठना, पास जाना। **अभिनि** (आ०) १ समक्ष या सामने बैठना. २ आराम करना, थकना. ३ अभिमान करना, अभिनिवेश करना। **निर्**—१ मूर्च्छित होना. २ बाहर जाना. ३ उपभोग करना, भोगना। **परि**—१ सामने धरना, उपहार देना, भेंट देना। **सम्**—१ करवट लेना, आराम करना। **सन्नि**—१ पास जाना या रहना। **समा**—१ प्रचार में लाना, रुढि में

लाना. २ समाना । **नि** – (आ०) १ निवेश करना, वास करना ।

विष विप्रयोगे (९।५७, प०, विष्णाति) १ उपयोग न होने से अलग करना या निकाल देना ।

विषु सेचने (१।४६५, प०, वेषति) १ सींचना, प्रोक्षण करना ।

विष्लृ व्याप्तौ (३।१३, उ०, वेवेष्टि, वेविष्टे) १ व्यापना, फैलना, प्रसृत होना ।

विष्क हिंसायाम् (१०।१५३, आ०, विष्कयते) १ दुःख देना, मारना ।

विस प्रेरणे (४।१०७, प०, विस्यति) १ उड़ाना, फैंकना. २ सामने रखना, सामने धरना ।

वी गतिव्याप्तिप्रजनकान्त्यसनखादनेषु (२।४१, प०, वेति) १ जाना. २ व्यापना, घेरना, आक्रमण करना. ३ गर्भवती होना, गाभिन होना. ४ इच्छा करना. ५ फैंकना, भेजना, दौड़ाना. ६ खाना, भक्षण करना । **सम** — १ घेरना घेर लेना, लपेटना ।

वीज व्यजने (१०।३६६, सूत्रोदा०[1] प०, वीजयति) १ पंखा करना, पंखे से हवा करना. २ धान्य को सूप आदि से फटकना ।

वीर विक्रान्तौ (१०।३२४, उ०. वीरयति, ते) १ शूरवीर होना, पराक्रमी होना, पराक्रम करना ।

वुगि (वुङ्ग्) वर्जने (१।९१ पाठा[2], प०, वुङ्गति) १ छोड़ना, त्याग करना, वर्जित करना ।

वृ संवरणे (१।६६८. प०, वरति) १ पसन्द करना. २ नियोजित करना. ३ आच्छादित करना ।

वृक आदाने (१।७२, आ०, वर्कते) १ लेना, मान्य करना, स्वीकार करना ।

वृक्ष वरणे (१।३९९, आ०, वृक्षते) १ योजित करना. २ पसन्द करना. ३ आच्छादन करना, ढकना ।

वृङ् संभक्तौ (९।४२, आ०, वृणीते[3]) १ सेवा करना, परिचर्या करना ।

वृजी वर्जने (२।२२, आ०, वृङ्क्ते; ७।२३, प०, वृणक्ति; १०।२३६, उ०, वर्जयति, ते, वर्जति[4]) १ छोड़ना, वर्जित करना ।

वृञ वरणे (५।८, उ०, वृणोति, वृणुते; **आवरणे**—१०।२३७, उ०, वारयति, ते, वरति[4]) १ पसन्द करना, नियोजित करना. ३ नियमित करना. ४ आच्छादित करना, ढकना । **अप**—

---

१. द्र० क्षीरत० १०।३२२ । २. द्र० क्षीरत० १।९३ ।

३. संभक्ति संसेवा । क्षीरत० ९।४२ ।

४. आधृषाद्वा (१०।२३०) नियम से पक्ष में शप् ।

संरक्षण करना, आच्छादन करना। आ—१ घेरना, लपेटना। नि—निर्—१ पूरा करना, समाप्त करना. २ निवारण करना। परि—१ घेरना, लपेटना, आच्छादन करना. २ भरोसा करना विश्वास करना। वि—१ स्पष्ट करना या होना। सम्—१ छिपाना। समा—१ लपेटना। अप—१ छोड़ना. २ दान देना।

वृण प्रीणने (६।४२, प०, वृणति) १ आनन्द करना, उत्साह करना।

वृतु वर्तने (१।५०८, आ०, वर्तते) १ वर्तन करना, बर्ताव करना. २ रहना, होना। **अति**—१ जीतना, मात करना. २ आज्ञा भंग करना. ३ अतिक्रमण करना, लांघना। **अनु**—१ अनुसरण करना, दूसरे के समान करना. २ पीछे पीछे जाना। **अप**—१ लौटना। **आ**—१ चक्राकार घूमना, प्रदक्षिणा करना, परिक्रमा करना. २ पुनः पुनः करना। **नि**—१ लौटना. २ कृत्रिम से करना। **निर**—१ थमना, पूरा करना। **परि**—१ घेरना, लपेटना, आवृत करना. २ बदलना. ३ वर्चस्व करना, वर्चस्वी होना. ४ चक्राकार घूमना. ५ बढ जाना, आगे जाना. ६ लौटना, पीछे लौटना। **प्र**—१ काम में लगना, उद्योग करने लगना, प्रवृत्त होना। **प्रति**—१ जाना। **वि**—१ लौटना. २ चक्राकार घूमना। **विनि**—१ पीछे लौटना। **विपरि**—१ मन मे भ्रम होना। **समभि**—१ कूद के जाना, उड़ जाना।

वृतु[1] वरणे (४।४६, आ०, वृत्यते) १ पसन्द करना, ठहराना, मुकर्रर करना. २ सेवा करना, चाकरी करना।

वृतु भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, वर्तयति, ते) १ चमकना. २ बोलना।

वृधु वृद्धौ (१।५०६, आ०, वर्धते) १ बढ़ना, अधिक होना।

वृधु भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२३२, उ०, वर्धयति, ते) १ चमकना. २ बोलना।

वृश वरणे (४।११६, प०, वृश्यति) १ पसन्द करना. २ आच्छादन करना, बढ़ना।

वृष शक्तिबन्धे (१०।१७३, आ०, वर्षयते) १ गर्भवती होना, गाभीन होना २ अमानवी पराक्रम विशिष्ट होना, अमानवी पराक्रम करना. ३ पराक्रमी होना. ४ प्रजोत्पत्ति करने को समर्थ होना।

वृषु सेचने हिंसासंक्लेशनयोश्च (१।४६८, ४६६, प०, वर्षति)

---

१. 'तपोऽैश्वर्येवावृतुवरणे' इस संहिता पाठ में 'वा' का सम्बन्ध पूर्व धातु (तप ऐश्वर्ये वा) से होने पर 'वृतु' धातु मानी जाती है।

१ बरसना, सींचना, प्रोक्षण करना. २ मार डालना या पीडा करना. ३ दुःख देना, पीडित करना ।

वृहि (वृंह्) भासार्थः भाषार्थो वा (१०।२२३, उ०, वृंहयति, ते, वृंहति[1]) १ चमकना. २ बोलना ।

वृहू उद्यमने (६।५८, प०, वृहति) १ यत्न करना ।

वॄ वरणे भरणे च (६।१६, उ०, वृणाति, वृणीते) १ पसन्द करना. २ आश्रय देना, सम्भालना. ३ पालन करना ।

वॄञ् वरणे (६।१५, उ०, वृणाति[2], वृणीते[2]) १ पसन्द करना, स्वीकार करना ।

वेञ् तन्तुसन्ताने (१।७३२, उ०, वयति, ते) १ बुनना. २ बटना ।

वेणृ गतिज्ञानचिन्तानिशामनवादित्रग्रहणेषु (१।६१६, उ०, वेणति, ते) १ जाना. २ समझना, जानना. ३ स्मरण करना, याद करना. ४ सारासार विचार करना, तारतम्य देखना. ५ वाद्ययन्त्र बजाना. ६ वाद्य यन्त्र हाथ में लेना ।

वेथृ याचने (१।२७, आ०, वेथते) १ याचना करना, मांगना ।

वेद धौर्त्ये स्वप्ने च (११।१०, प०, वेद्यति) १ धूर्तता करना, ठगना. २ सोना, सपना देखना, ख्वाब देखना ।

वेनृ गतिज्ञानचिन्तानिशामनवादित्रग्रहणेषु (१।६१७, उ०, वेनति, ते) १ जाना. २ समझना, जानना. ३ स्मरण करना, याद करना. ४ सारासार विचार करना, तारतम्य देखना. ५ वाद्य यन्त्र बजाना. ६ बाजा हाथ में लेना ।

वेल कालोपदेशे (१०।३०५, उ०, वेलयति, ते) १ काल गणना करना, समय की गिनती करना. २ उपदेश करना, समय पर समझाना ।

वेलृ वेल्ल चलने (१।३६३, प०, वेलति, वेल्लति) १ जाना, सरकना. २ कांपना, थरथराना ।

वेवीङ् वेतिना तुल्ये (=गति व्याप्ति प्रजनकान्त्यसनस्वादनेषु (२।७०, आ०, वेवीते) १ जाना, सरकना, चलना. २ व्याप्त होना, आक्रमण करना, फैलना. ३ गर्भवती होना. ४ इच्छा करना, चाहना. ५ भेजना, फैंकना, उड़ाना. ६ खाना ।

वेष्ट वेष्टने (१।१५६, आ०, वेष्टते) १ लपेटना, घेरना

वेहृ प्रयत्ने (१।४२८, आ०,

---

१. **आधृषाद्वा** (१०।२३०) सूत्र से पक्ष में शप् ।

२. **प्वादीनां ह्रस्वः** (अष्टा० ७।३।८०) से ह्रस्वत्व ।

वेहते) १ यत्न करना. २ निश्चय करना, ठहराना ।

वै शोषणे (१।६५५, प०, वायति) १ शुष्क होना, सूखना ।

व्यच व्याजीकरणे (६।१२, प०, विचति) १ ठगना, फसाना ।

व्यथ भयसंचलनयोः (१।५१५, आ०, व्यथते) १ डरना. २ क्षुब्ध होना, सन्तप्त होना, दुःख भोगना ।

व्यध ताड़ने (४।७०, प०, विध्यति) १ मारना, पीटना. २ दुःख देना, पीडा करना. ३ छेदना ।

व्यय गतौ (१।६२१, उ०, व्ययति, ते) १ जाना ।

व्यय वित्तसमुत्सर्गे (१०।३५६, उ०, व्याययति, ते) १ खर्च करना, व्यय करना ।

व्युष दाहे विभागे च (४।८, १०५, प०, व्युष्यति) १ जलाना, भूनना, दग्ध करना. २ अलग करना, पृथक् करना, विभाग करना ।

व्युस विभागे (४।१०५ पाठा०, प०, व्युस्यति) १ विभाग करना, पृथक् करना ।

व्येञ् संवरणे (१।७३३, उ०, व्ययति, ते) १ आच्छादन करना, ढकना. २ सीना ।

व्रज गतौ (१।१५४, प०, व्रजति) १ घूमना, जाना, भटकना । **परि**— १ सन्यासी के समान घूमना या भटकना, यात्रा करना ।

व्रज संस्कारगत्योः (१०।८३, उ०, व्राजयति, ते) १ पूर्ण करना, तैयार करना, सिद्ध करना. २ जाना. घूमना ।

व्रण शब्दार्थः (१।३०३, प०, व्रणति) १ शब्द करना, आवाज करना ।

व्रण गात्रविचूर्णने (१०।३६४, उ०, व्रणयति, ते) १ क्षत करना, घाव करना, जखमी करना ।

व्रश्चू छेदने (६।११, प०, वृश्चति) १ कतरना, छेद करना, रेतना, छीलना ।

व्री वरणे (९।३१, प०, व्रिणाति, व्रीणाति[1]) १ ढूंढ के निकालना, पसन्द करना, बीनना. २ आच्छादन करना, ढकना ।

व्रीङ् वृणोत्यर्थे (४।३०, आ०, व्रीयते) 'व्री' के समान अर्थ ।

व्रीड चोदने लज्जायाञ्च (४।१८, प०, व्रीडयति) १ भेजना, प्रेरित करना. २ लज्जित होना, शरमाना ।

व्रुड संवरणे (६।१०२, प०, व्रुडति) १ डूबना. २ राशि करना, ढेर करना. ३ आच्छादन करना, ढकना ।

---

१. प्वादित्वे मतभेदात् ह्रस्वत्वेऽपि मतभेदः (अष्टा० ७।३।८०) ।

क्ली वरणे (६।३४, प०, क्लिनाति, क्लीनाति[1]) १ पसन्द करना, ढूंढ निकालना, बीनना. २ आच्छादन करना, उढ़ाना. ३ जाना, सरकना।

श

शंसु स्तुतौ (१।४८३, प०, शंसति) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना. २ अभिशंसन करना। **अभि**— १ मिथ्यापवाद लगाना। **आ**— १ चाहना. २ बोलना। **प्र**—१ प्रशंसा करना, स्तुति करना।

शक मर्षणे (४।७६, उ०, शक्यति, ते) १ सहना, सहन करना।

शकि (शङ्क्) शङ्कायाम् (१।६७, आ०, शङ्कते) १ शंका करना, संशय करना. २ डरना, घबराना। **आ**— १ डरना, घबराना।

शक्लृ शक्तौ (५।१६, प०, शक्नोति) १ शक्तिमान् होना, समर्थ होना, सकना।

शच व्यक्तायां वाचि (१।६६, आ०, शचते) १ स्पष्ट बोलना।

शट रुजाविशरणगत्यवसादनेषु (१।१६५, प०, शटति) १ रोगी होना, बीमार होना. २ छेद करना, छेदना ३ जाना, चलना. ४ थकना, श्रान्त होना, खिन्न होना, उदास होना।

शठ कैतवे हिंसासंक्लेशनयोश्च (१।२३१, प०, शठति) १ ठगना. २ मार डालना या दुःख देना. ३ क्लेश, दुःख या पीड़ा सहन करना।

शठ असंस्कारगत्योः (१०।३३, उ०, शाठयति, ते) १ ठीक न बनाना. २ पूरा न करना, समाप्त न करना, आधा ही छोड़ना. ३ जाना।

शठ असम्यगवभाषणे (१०।२८२, शठयति, ते) १ दुर्भाषण करना, दुर्वचन कहना. २ कटुवचन कहना. ३ मौन धारण करना, नहीं बोलना, चुपके रहना, चुप होना।

शठ श्लाघायाम् (१०।१६०, आ०, शाठयते) १ प्रशंसा करना, स्तुति करना।

शडि (शण्ड्) रुजायां संघाते च (१।१७८, आ०, शण्डते) १ रोगी होना, बीमार होना. २ अपकार करना, दुःख देना. ३ बटोरना, एकत्र करना, ढेर करना।

शण दाने गतौ च (१।५४०, प०, शणति) १ देना, दान करना. २ जाना।

शद्लृ शातने (१।५६४; ६।१३७, आ०, शीयते[2]) १ जीर्ण होना, धीरे धीरे कम होना, मुरझाना. २ गिरना. ३ जाना. ४ नीचे फेंकना, नीचे गिराना।

शप आक्रोशे (१।७२६, उ०, शपति, ते; ४।५७, उ०, शप्यति, ते) १ शपथ करना, सौगन्ध खाना,

---

१. प्वादित्वे मतभेदात, ह्रस्वत्वेऽपि मतभेदः (अष्टा० ७।३।८०)।

